खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें ➛ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 06 मई 2025 । वर्ष -69 । अंक -170 पृष्ठ -12 । मूल्य - 3.00 रु.

■ सिख दंगा : राहुल की... ■ जाति गणना पर संघ... 04
■ 8 लाख हिन्दुओं को कनाडा से निकालने... ■ हूती ने इजरायल के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे... 09
■ भारत की विकास प्राथमिकताओं... ■ सरकारी खनन कंपनियों का रिकॉर्ड... 11
■ मुंबई इंडियन्स... ■ भारत का सफेद... 10

**आईपीएल में आज**

TATA IPL

मुंबई विरूद्ध
गुजरात (मुंबई)
7.30 शाम से

## भारत की रक्षा वेबसाइटों पर पाकिस्तान का साइबर अटैक! खुफिया जानकारी लीक होने की आशंका

# भारत ने शुरू की ब्लैक आऊट की रिर्हसल

## केंद्र सरकार ने राज्यों को दिए मॉक ड्रिल करने निर्देश

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के बड़बोलेपन और धमकियों के बीच भारत ने किसी भी स्थिति से निपटने और आतंक की जड़ों पर सीधा प्रहार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दूसरी ओर पाकिस्तान हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। उसने भारत की रक्षा वेबसाईटों पर साईबर अटैक किया है। आशंका है कि इस साईबर अटैक में सेना से जुड़ी खुफिया जानकारी लीक हो सकती हैं।

वहीं भारत के स्वाभाविक मित्र रूस ने एक बार फिर पहलगाम हमले की कड़ी निन्दा करते हुए तगड़ा जवाब देने को समर्थन दिया है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत कर कहा है कि- आतंक का जवाब देने और उसको प्रश्रय देने वालों पर भारत की हर कड़ी कार्रवाई में रूस अपना पूरा समर्थन और सहयोग देगा। दूसरी ओर भारत ने एशिया विकास बैंक से पाकिस्तान की फंडिंग रोकने की मांग की है।

पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इसी बीच भारतीय सेना ने जानकारी दी है कि पाकिस्तानी हैकर्स ने भारत की अहम डिफेंस वेबसाइट्स को निशाना बनाया है और रक्षा कर्मियों की गोपनीय जानकारी लीक होने की आशंका है। सेना के अनुसार, पाकिस्तान साइबर फोर्स नाम के एक एक्स हैंडल ने मिलिट्री इंजीनियर सर्विसेजऔर मनोहर परिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान के डाटा में सेंधमारी की है। इस साइबर हमले में रक्षा कर्मियों के लॉगिन क्रेडेंशियल्स सहित कई गोपनीय जानकारियों के लीक होने की आशंका जताई जा रही है।

**हैकर्स ने की वेबसाइट को नुकसान पहुंचाने की कोशिश**-इसके अलावा यह भी रिपोर्ट किया गया है कि हैकर्स ग्रुप ने रक्षा मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। इस वेबसाइट को पाकिस्तानी झंडे और एआई का उपयोग कर के बिगाड़ा गया।

### वेबसाइट को किया गया ऑफलाइन

*भारतीय सेना ने कहा कि एहतियातन, आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड की वेबसाइट को फिलहाल ऑफलाइन कर दिया गया है ताकि वेबसाइट की पूरी जांच की जा सके और यह आकलन किया जा सके कि इस साइबर हमले से कितना नुकसान हुआ है। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जा सके कि वेबसाइट की सुरक्षा बनी रहे।*

## पुतिन ने पीएम मोदी से की फोन पर बात, कहा-आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में रूस भारत के साथ



विदेश मंत्रालय ने बताया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन करके पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने भारत-रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने भारत और रूस के बीच विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### रक्षा सचिव ने मोदी से की मुलाकात

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की। माना जा रहा है कि रक्षा सचिव ने इस मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री को ताजा हालात और सैन्य तैयारियों की जानकारी दी। वहीं, सोमवार को ही नई दिल्ली में जापान के रक्षा मंत्री ने भारत के रक्षा मंत्री से मुलाकात की। इससे पहले रविवार को भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी से पीएम आवास पर मुलाकात की थी।

**सार संक्षेप**

### वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में 15 को सुनवाई

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई टल गई है। अगली सुनवाई 15 मई को होगी। इससे पहले 17 अप्रैल को कोर्ट ने केंद्र को जवाब देने के लिए सात दिन का समय दिया था। साथ ही अगली सुनवाई तक वक्फ बोर्ड में नई नियुक्तियों पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र का जवाब आने तक वक्फ घोषित संपत्ति पर यथास्थिति बनाए रखने को कहा था। केंद्र ने 25 अप्रैल को दायर हलफनामे में कहा कि कानून पूरी तरह संवैधानिक है। यह संसद से पास हुआ है, इसलिए इस पर रोक नहीं लगाई जानी चाहिए। 1332 पन्नों के हलफनामे में सरकार ने दावा किया 2013 के बाद से वक्फ संपत्तियों में 20 लाख एकड़ से ज्यादा का इजाफा हुआ। इस वजह से कई बार निजी और सरकारी जमीनों पर विवाद हुआ।

**झूठा हलफनामा देने वाले पर कार्रवाई की मांग**-वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने सरकार के आंकड़ों को गलत बताया और कोर्ट से झूठा हलफनामा देने वाले वाले अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की। नए वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 70 से ज्यादा याचिकाएं दायर हुई हैं, लेकिन कोर्ट सिर्फ पांच मुख्य याचिकाओं पर ही सुनवाई करेगा। नया कानून अप्रैल में राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद लागू हुआ था। लोकसभा में 288 और राज्यसभा में 128 सांसदों ने इसका समर्थन किया था।

# तीन हादसों में 7 की जान गई

### दमोह : ट्रक ने खड़े ट्रैक्टर को मारी टक्कर, दो की मौत, एक गंभीर

**जबेरा, देशबन्धु।** दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत हरदुआ सड़क एक तेज रफ्तार ट्रक ने ईंट से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी।

हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं एक के गंभीर रूप से घायल, जिससे जबलपुर रेफर किया है। घटना से आक्रोशित परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर हरदुआ सड़क पर जाम लगाते हुए स्टेट हाईवे मार्ग बाधित कर दिया। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत हरदुआ सड़क में चाय पान के टपरी के सामने ईंटों से लोड खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली को जबलपुर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मारते हुए खेत में जा घुसा। ट्रक की भीषण टक्कर से ट्रैक्टर चायपान के टापरे में घुसकर पलट गया।

हादसे में ट्रैक्टर में सवार धीरेंद्र चक्रवर्ती उम्र 45 वर्ष निवासी अभाना एवं रोशन चक्रवर्ती उम्र 19 वर्ष निवासी हरदुआ की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई।

### उमरिया में करंट से दो युवकों की मौत

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के मानपुर थाना के नरवर गांव में सोमवार सुबह गांव के दो युवक जंगल में शिकारियों द्वारा लगाए गए करंट वाले फंदे में फंस गए। जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान पुष्पेन्द्र जयसवाल (पिता मोतीलाल, उम्र 35 साल) और विपिन दाहिया (पिता सूरजदीन, उम्र 28 साल) के रूप में हुई है। दोनों युवक गांव नरवर, पंचायत पतौर, थाना मानपुर के रहने वाले थे।

**शिकारियों ने बिछाए थे करंट वाले तार**

### पन्ना में महिला सरपंच सहित तीन की मौत

**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना जिले के बृजपुर थाना अंतर्गत हीरापुर के पास भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में ग्राम पंचायत बृजपुर की महिला सरपंच सिसिया रानी अहिरवार उम्र 40 वर्ष पति रामदास, पंच कालीबाई पति रामचरण उम्र 50 वर्ष और बच्चो पिता जोधा अहिरवार उम्र 36 वर्ष की मौत हो गई। बताया जाता है कि गाड़ी में लगभग आठ लोग सवार थे। घायलों को जिला चिकित्सालय भेजा गया है। इस घटना से बृजपुर क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की विशेषज्ञता का लाभ संपूर्ण प्रदेश को समान रूप से मिले : मुख्यमंत्री



- प्रदेश में सुगमता से उपलब्ध हों अन्य राज्यों की बेहतर नस्ल की गाय-भैंस
- प्रदेश में उत्पादित दूध के वैल्यू एडिशन के बाद ही डेयरी उत्पाद प्रदेश के बाहर जाएं
- निजी विश्वविद्यालय डेयरी टेक्नोलॉजी और एनिमल हसबेंडरी संबंधी कोर्स संचालित करें
- किसानों से दूध खरीदने की दर में हुई है वृद्धि

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करना हमारा संकल्प है। इसके लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की डेयरी क्षेत्र में विशेषज्ञता का लाभ संपूर्ण प्रदेश को समान रूप से मिले यह सुनिश्चित करना आवश्यक है।

सहकारी संघों के साथ निजी डेयरी संचालकों को भी आवश्यक कंसल्टेंसी उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए अन्य राज्यों की बेहतर नस्ल की गाय-भैंसों को प्रदेश में लाने और उन्हें किसानों को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि प्रदेश में उत्पादित दूध के वैल्यू एडिशन के बाद ही डेयरी उत्पाद प्रदेश के बाहर जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और म.प्र. राज्य सहकारी दुग्ध संघ के मध्य संपादित अनुबंध के बाद की गई कार्रवाई की समत्व भवन में समीक्षा कर रहे थे। बैठक में पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के प्रमुख मिनेश शाह, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एस. रघुपति, महाप्रबंधक संजय गोबानी सहित अधिकारी उपस्थित थे।

## आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म हो : कांग्रेस

**निजी शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण लागू किया जाए**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस ने कहा है कि सरकार को निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू कर देश में आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की दिशा में कदम उठाने चाहिए। कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अनिल जयहिंद, अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेश लिलोथिया तथा आदिवासी विभाग के अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया ने सोमवार को संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार को निजी शिक्षण संस्थानों में कमजोर वर्गों के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल कर उन्हें आरक्षण देना चाहिए और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करनी चाहिए।

डॉ जयहिंद ने कहा, हमारे देश में जब मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री और अर्जुन सिंह जी शिक्षा मंत्री थे तब संविधान में 93वां संशोधन हुआ जिसमे एक अनुच्छेद 15(5) बना जिसके तहत दलितों, आदिवासियों तथा सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए शिक्षण संस्थानों में आरक्षण का प्रावधान हुआ। उस समय सरकारी संस्थानों में ये आरक्षण लागू हो गया ,लेकिन निजी संस्थानों के लोग इसे कोर्ट में ले गए, जहां ये मामला चलता रहा है। इस अनुच्छेद में कहा गया कि राज्य को समाज के किसी भी सामाजिक और शैक्षणिक रूप से वंचित वर्ग के साथ अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की प्रगति के लिए समायोजन से संबंधित कुछ विशिष्ट प्रावधानों को स्थापित करने का अधिकार है।

**वंचित-शोषित वर्ग को शिक्षा का लाभ नहीं मिल रहा-** उन्होंने कहा, जनवरी 2014 में ये तय किया गया कि सरकार निजी शैक्षणिक संस्थानों में दलितों, आदिवासियों और सामाजिक व शैक्षणिक रुप से पिछड़े वर्गों को आरक्षण दे सकती है।

# युवा नेता को पीट-पीटकर मार डाला



**मृतक के पिता ने ननि अध्यक्ष पर लगाए आरोप**

**सतना, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत महादेवा में रविवार और सोमवार की दरमियानी रात कुछ लोगों ने घेराबंदी कर बसपा नेता और उसके साथियों पर हमला कर दिया। हमले के बाद बसपा नेता की इलाज के दौरान मौत हो गई। खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। वारदात से नाराज मृतक के परिजन और पार्टी पदाधिकारियों ने सोमवार को एसपी ऑफिस पहुंचकर प्रदर्शन किया है।

**मेरे सामने हुआ मर्डर**-मृतक शुभम साहू के पिता महेश साहू ने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वह कह रहे हैं कि उनके सामने ही उनके बेटे का मर्डर हुआ है। अगर वह नहीं भागते तो उनकी जान को भी खतरा हो जाता। महेश का कहना है कि उनके बेटे पर चार लोगों ने हमला किया और सहयोग करने वाले सभी 13 व्यक्ति सीसीटीवी कैमरे में दिख रहे हैं। मृतक के पिता ने इस हत्या का षड्यंत्र करने का आरोप नगर निगम स्पीकर पालन और उनके भाई लालन चतुर्वेदी पर लगाया है। आरोप यह भी है कि उनके भांजे दिनेश गौतम की भी अहम भूमिका हत्या में है, जिसे पुलिस पकड़ नहीं रही। इस वारदात के ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो-** पाकिस्तान ने भारत के रक्षा संस्थानों पर साईबर अटैक किया है।

**चुहिया- हां प्रिये-** कमजोर आदमी या देश लुक-छिपकर ही वार करता है।

JAN JYOTI SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
अब पाइये चश्मे से छुटकारा मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित
आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

**तफ्तीश** पहलगाम हमले की जांच में सामने आया कंधार हाईजैक के बाद रिहा हुए मुश्ताक अहमद जरगर का नाम

# जरगर ने करवाया था पहलगाम में आतंकी हमला !

- पहलगाम के दरिंदों की जरगर के समर्थकों ने थी मदद
- 90 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया

**-जोगेंद्र सोलंकी**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की जांच जैसे जैसे आगे बढ़ रही है हैरान कर देने वाले खुलासे हो रहे है। ऐसा लगता है कि भारत के दुश्मन और पाकिस्तान में छिपे सभी कुख्यात आतंकवादियों ने कोई ना कोई भूमिका निभाई है। जांच एजेंसी एनआईए सूत्रों का कहना है की कंधार हाइजैक केस में मौलाना मसूद अजहर के साथ रिहा हुए आतंकी मुश्ताक अहमद जरगर उर्फ मुश्ताक लट्रम की पहलगाम हमले में संदिध भूमिका की जांच की जा रही है। ओवर ग्राउंड वर्कर्स से पूछताछ के दौरान जरगर का नाम सामने आया है।

जानकारी के मुताबिक मुश्ताक अहमद जरगर के समर्थकों ने पहलगाम हमले के ओवर ग्राउंड वर्करों की मदद की। जरगर के निर्देश पर ओवर ग्राउंड वर्करों ने आतंकी हमले में लॉजिस्टिक मदद की थी। 100 से ज्यादा ओवर ग्राउंड वर्कर्स के ठिकानों पर अब तक सर्च ऑपरेशन चल चुका है। साथ ही 90 से ज्यादा ओवर ग्राउंड वर्कर्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पाकिस्तान में बैठकर आतंकी नेटवर्क चला रहा

अब पहलगाम अटैक में इन्हीं में से एक आतंकवादी अहमद जरगर का नाम सामने आ रहा है। अब जरगर पाकिस्तान में बैठकर आतंकी नेटवर्क चला रहा है। साल 2023 में एनआईए ने जरगर के श्रीनगर स्थित घर को अटैच किया था। बताया जा रहा है की पहलगाम हमला करने वाले आतंकवादियों को जरगर के समर्थकों से लॉजिस्टिक सपोर्ट मिला था।

**गृहमंत्री की बेटी का अपहरण करने वाले में था शामिल** -जरगर की श्रीनगर और साउथ कश्मीर के इलाकों में मजबूत पकड़ है, जरगर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से आतंकी नेटवर्क ऑपरेट कर रहा है। जरगर सक्रिय आतंकवादी है और श्रीनगर के नौहट्टा इलाके का रहने वाला है। वह 1988 में जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट में शामिल हुआ था। पीओके में आतंकी ट्रेनिंग लेकर 1989 में वह जम्मू-कश्मीर लौटा। लट्रम आठ दिसंबर 1989 को तत्कालीन गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रूबिया सईद का अपहरण करने वाले आतंकियों में भी शामिल था। जरगर ने 1991 में अल-उमर मुजाहिदीन नाम से खुद का आतंकवादी समूह बनाया। पिछले कुछ वर्षों में श्रीनगर में जरगर के खिलाफ कम से कम तीन दर्जन हत्या के मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें उच्च पदस्थ अधिकारियों की कथित हत्याएं भी शामिल हैं। जरगर को 15 मई 1992 को गिरफ्तार कर जेल में डाला गया था ।

# देश-विदेश

## पाकिस्तान में भूकंप के झटकों से कांपी धरती, दहशत में आए लोग

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में सोमवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। जानकारी के अनुसार, शाम चार बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि आज 16ः00ः05 पर रिक्टर स्केल पर 4.2 तीव्रता का भूकंप पाकिस्तान में आया। भूकंप के झटकों के कारण लोगों में दहशत फैल गया। इससे पहले पिछले हफ्ते बुधवार को भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। हालांकि, इस भूकंप के किसी भी जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।


## निविदा / नियुक्ति / जाहिरात

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ ई-टेंडरिंग/406 / 1544

### कार्यालय प्रमुख अभियंता
### जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

ई मेल-mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in
फोन- 0755-2553402 फैक्स-0755-2552406

### निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक-603/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ ई-टेंडरिंग भोपाल, दिनांक- 01.05.2025

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाईड पर दिनांक 16.05.2025 को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

| सं.क्रं. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रू. लाख में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_WRD_393523 | छोटी उतावली मध्यम सिंचाई परियोजना में पर्यावरण प्रभाव का आंकलन बावत। | बुरहानपुर | 11.36 |
| 2 | 2025_WRD_412165 | आवासीय कार्यालय, माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग, भोपाल एवं कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल में स्थित डेजर्ट एयर कूलर्स का सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 4.58 |
| 3 | 2025_WRD_413554 | गुलबाडा ( नहर रहित ) लघु सिंचाई योजना के सर्वेक्षण का कार्य। | रायसेन | 1.22 |
| 4 | 2025_WRD_413555 | गुटोरी लघु सिंचाई योजना के सर्वेक्षण का कार्य । | रायसेन | 1.03 |
| 5 | 2025_WRD_413556 | गुण नियंत्रण शाखा की मुख्य प्रयोगशाला के दैनिक परीक्षण एवं रखरखाव एवं क्वालिटी कंट्रोल तथा डिविजन ऑफिस कम्पाउन्ड का कार्य। | रायसेन | 5.90 |
| 6 | 2025_WRD_414092 | देजला देवड़ा एवं अम्बकनाला जलाशयों के 06 जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 0.84 |
| 7 | 2025_WRD_414096 | उपसंभाग, मंडलेश्वर एवं सेंगांव के 04 नग जलाशयों के 08 जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 1.39 |
| 8 | 2025_WRD_414454 | ढूटी बांयी तट नहर प्रणाली की बड़गांव मायनर नं.02 के चैन क्र. सं 114 के मध्य जंगल सफाई, सिल्ट क्लियरेंस एंव बैंक रेजिंग का सुधार कार्य। | बालाघाट | 2.78 |
| 9 | 2025_WRD_414456 | ढूटी बांयी तट नहर प्रणाली की कोतरी मायनर के चैन क्र.0 सं 125 के मध्य मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 3.37 |
| 10 | 2025_WRD_414458 | दूटी बांयी तट नहर प्रणाली के बेनेगांव वितकर के चैन क्र. 65 से 96 के मध्य मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 2.80 |
| 11 | 2025_WRD_414460 | दूटी बांयी तट नहर प्रणाली के वाराफिडर नहर के चैन क्र. 65 से 225 के मध्य मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 3.79 |
| 12 | 2025_WRD_414462 | दूटी बांयी तट मुख्य नहर के चैन क्र. 348 से 358 एवं 630 से 650 के नहर तल में जमा मिटटी निकालने का कार्य एवं बांये पार्श्व में बैंक रेजिग का सुधार कार्य। | बालाघाट | 4.17 |
| 13 | 2025_WRD_414463 | दूटी बांयी तट मुख्य नहर के चैन क्र. 0 से 03 एवं डाउनस्ट्रील चैन क्र. 03 से 10 तक नहर तल में जमा मिटटी निकालने का कार्य। | बालाघाट | 3.87 |
| 14 | 2025_WRD_414464 | दूटी बांयी तट मुख्य नहर के चैन मगदर्श वितरक नहर में जमा मिट्टी निकालने एवं दोनों बैंक के पार्श्व का बैंक रेजिंग कार्य। | बालाघाट | 3.63 |
| 15 | 2025_WRD_414720 | उपसंभाग बालाघाट के मध्यम टेंको के स्लूस गेटों का मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 0.96 |
| 16 | 2025_WRD_414748 | उपसंभाग लांजी के कुल 34 माईनर टेंको के स्लूस गेटों का मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 1.95 |
| 17 | 2025_WRD_414762 | बैहर संभाग के कुल 63 माईनर टेंको के स्लूस गेटों का वार्षिक मरम्मत व रखरखाव कार्य। | नरसिंहपुर | 3.94 |
| 18 | 2025_WRD_414978 | उमरिया जिले के जलाशयों के स्लूस जलद्वारों के मरम्मत व रखरखाव कार्य। | रीवा | 3.00 |
| 19 | 2025_WRD_414979 | धनवाही व्यपवर्तन योजना के जलद्वारों होइस्ट असेम्बली एवं अन्य सम्बद्ध सयंत्रों के मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | रीवा | 2.08 |
| 20 | 2025_WRD_414980 | बसाढ़ व्यपवर्तन योजना के जलद्वारों होइस्ट असेम्बली एवं अन्य सम्बद्ध सयंत्रों के मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | रीवा | 1.00 |
| 21 | 2025_WRD_414981 | शहडोल के ब्यौहारी विकासखण्ड के 11 नग जलाशयों के 15 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 1.15 |
| 22 | 2025_WRD_414982 | अनूपपुर राजेन्द्रग्राम विकासखण्ड के 26 नग जलाशयों के 32 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 3.04 |
| 23 | 2025_WRD_414983 | अनूपपुर जिले के कोतमा विकासखण्ड के 09 नग जलाशयों के 10 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 1.00 |
| 24 | 2025_WRD_414985 | अनूपपुर के जैतहरी विकासखण्ड के 15 नग जलाशयों के 17 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 1.02 |
| 25 | 2025_WRD_414987 | सीधी के जलाशयों एवं बांधो के स्लूस जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 2.56 |
| 26 | 2025_WRD_414988 | सिंगरौली के जलाशयों एवं बांधो के स्लूस जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 2.68 |
| 27 | 2025_WRD_414989 | सीधी एवं सिंगरौली के मध्यमम ( बरचर एवं माढ़ी ) के स्लूस जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 0.65 |
| 28 | 2025_WRD_414991 | मैहर के जलाशयों के स्लूस जलद्वारों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 3.65 |
| 29 | 2025_WRD_414992 | कोठी एवं सतना सर्वेक्षण उपसंभाग के बांधो एवं जलाशयों के जलद्वारों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य । | रीवा | 2.40 |
| 30 | 2025_WRD_414993 | नागौद उपसंभाग जलाशयों के स्लूस जलद्वारों की मरम्मत व रखरखाव का कार्य। | रीवा | 2.55 |
| 31 | 2025_WRD_414994 | मउगंज के जलाशयों के स्लूस जलद्वारों के वार्षिक सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | रीवा | 3.70 |
| 32 | 2025_WRD_414995 | रीवा के जलाशयों के स्लूस जलद्वारों के वार्षिक सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | रीवा | 1.72 |
| 33 | 2025_WRD_415135 | उपसंभाग जावद के 27 नग स्टापडेमों के गेट खोलने एवं लगाने का कार्य। | नीमच | 8.90 |
| 34 | 2025_WRD_415136 | उपसंभाग रामपुरा के 12 नग स्टापडेमों के गेट खोलने एवं लगाने का कार्य। | नीमच | 4.54 |
| 35 | 2025_WRD_415137 | रामपुरा रिंग बण्ड पर श्रमिक प्रदाय करने का कार्य। | नीमच | 3.07 |
| 36 | 2025_WRD_415138 | उपसंभाग रामपुरा के पडदा, अमरपुरा तालाब एवं देवरी सोमिया स्टापडेम का मरम्मत एवं रिपेयर कार्य। | नीमच | 8.51 |
| 37 | 2025_WRD_415338 | शहडोल जयसिंहनगर विकासखण्ड के 11 नग जलाशयों 17 नग जलद्वारों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 1.25 |
| 38 | 2025_WRD_415339 | शहडोल के सोहागपुर विकासखण्ड के 18 नग जलाशयों 23 नग जलद्वारों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 1.75 |
| 39 | 2025_WRD_415340 | शहडोल के बुढ़ार एवं गोहपारू विकासखण्ड के 30 नग जलाशयों के 33 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 2.68 |
| 40 | 2025_WRD_415691 | भीकारखेडी तालाब की मुख्य नहर का मिटटी, पक्के कार्य एवं लाईनिंग का विशेष मरम्मत कार्य। | खरगौन | 4.22 |
| 41 | 2025_WRD_415695 | डेहरी नं. 02 तालाब की नहर लाईनिंग का विशेष मरम्मत कार्य। | खरगौन | 4.24 |
| 42 | 2025_WRD_415698 | गाडी गलतार तालाब के स्टील फ्लुम विशेष मरम्मत कार्य। | खरगौन | 4.19 |
| 43 | 2025_WRD_415842 | दिग्धा नं. 01 लघु जलाशय की बंड का मरम्मत एवं जंगल सफाई का कार्य। | बालाघाट | 1.34 |
| 44 | 2025_WRD_415844 | चिखला जलाशय नं. 01 की नहर एल.बी.सी. के 0 से 39.00 मध्य नहर में जमा मिट्टी एवं झाड़ियों की सफाई एवं नहर के पार्श में लगे होल का मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 1.44 |
| 45 | 2025_WRD_415845 | चिखला जलाशय नं. 01 की पार के 0 से 20.00 मध्य रेनकट भराई एवं झाड़ियों की सफाई कार्य। | बालाघाट | 1.99 |
| 46 | 2025_WRD_415847 | ढूंटी बांयी तट मुख्य नहर के चैन क्र. 1220 से 1230, 1301 से 1310 एवं 1358 से 1368 के मध्य नहर तल में जमा मिट्टी निकालने का कार्य एवं बाये पार्श्व में बैंक रेजिंग का सुधार कार्य। | बालाघाट | 3.79 |
| 47 | 2025_WRD_415849 | ढूंटी बांयी तट मुख्य नहर के चैन क्र. 780 से 795 एवं 1020 से 1030 के मध्य नहर तल में जमा मिट्टी निकालने का कार्य एवं बाये पार्श्व में बैंक रेजिंग का सुधार कार्य। | बालाघाट | 3.71 |
| 48 | 2025_WRD_416112 | विभिन्न कार्यालयों हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | बालाघाट | 10.26 |
| 49 | 2025_WRD_416407 | मैना तालाब की नहर की पाईप बदलने एवं पुलिया निर्माण कार्य। | सीहोर | 2.66 |
| 50 | 2025_WRD_416421 | सिद्दीकगंज तालाब के वेस्ट वीयर मरम्मत कार्य। | सीहोर | 2.13 |
| 51 | 2025_WRD_416960 | दलीपुर बैराज का सर्वे कार्य। | छतरपुर | 0.50 |
| 52 | 2025_WRD_416971 | सेमरी परियोजना उपसंभाग बेगमगंज के 07 नग बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | रायसेन | 2.06 |
| 53 | 2025_WRD_416973 | उपसंभाग गैरतगंज के निर्मित 23 नग बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | रायसेन | 7.10 |
| 54 | 2025_WRD_416974 | अपर पलकमती शीर्ष कार्य उपसंभाग सुल्तानपुर के 18 नग बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | रायसेन | 8.48 |
| 55 | 2025_WRD_416975 | उपसंभाग, देवरी के 18 नग बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | रायसेन | 7.42 |
| 56 | 2025_WRD_416976 | उपसंभाग औबेदुल्लागंज के 17 नग बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | रायसेन | 3.70 |
| 57 | 2025_WRD_416978 | सिंहपुर बैराज सिंचाई परियोजना में विभिन्न प्रकार के विद्युत यांत्रिकीय एवं अन्य कार्य। | सागर | 2.92 |
| 58 | 2025_WRD_416979 | कुटनी पोषाक बांध में विभिन्न प्रकार के विद्युत यांत्रिकीय एवं अन्य कार्य। | सागर | 3.68 |
| 59 | 2025_WRD_416980 | पवई मध्यम सिंचाई परियोजना पर विद्युतीय अवयवों के प्रदाय सहित स्थापना एवं अन्य कार्य। | सागर | 16.56 |
| 60 | 2025_WRD_417249 | उपसंभाग क्रं. 1 बुरहानपुर के 17 बैराजों के गेटों को खोलने एवं बंद करना तथा मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | बुरहानपुर | 11.82 |
| 61 | 2025_WRD_417250 | उपसंभाग क्र. 3 नेपानगर के 7 बैराजों के गेटों को खोलने एवं बंद करना तथा मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | बुरहानपुर | 8.10 |
| 62 | 2025_WRD_417485 | उपसंभाग, थांदला के 09 नग जलाशयों के 17 नग जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 1.68 |
| 63 | 2025_WRD_417487 | उपसंभाग, पेटलावद के 06 नग जलाशयों के 06 नग जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य । | धार | 0.84 |
| 64 | 2025_WRD_417521 | बानगंगा जलाशय एवं नहर का सर्वे एवं अनुसंधान 620 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता का कार्य। | जबलपुर | 3.62 |
| 65 | 2025_WRD_417582 | कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल, कार्यालय मुख्य अभियंता ( वि./ यां. ) एंव कार्यालय अधीक्षण यंत्री, वि./या. मंडल भोपाल में स्थित एयर कंडीशनर्स का सुधार एवं मरम्मत का | भोपाल | 2.66 |
| 66 | 2025_WRD_417589 | मकड़ाई उपनहर की चैन क्र. 143 पर क्षतिग्रस्त सी.आर. एवं एच. आर. की विंग / रिटेनिंग वॉल का पुनर्निर्माण कार्य। | नर्मदापुरम | 4.47 |
| 67 | 2025_WRD_417590 | मकड़ाई उपनहर की चैन क्र. 19.25 पर क्षतिग्रस्त सी.डी. की विंग / रिटेनिंग वॉल का पुनर्निर्माण कार्य। | नर्मदापुरम | 6.15 |
| 68 | 2025_WRD_417592 | मकड़ाई उपनहर की सिवनी मालवा माइनर, जमुनिया माइनर एवं 21 एल. माइनर क्षतिग्रस्त एच. आर. की रिटेनिंग वॉल का पुनर्निर्माण कार्य। | नर्मदापुरम | 5.69 |
| 69 | 2025_WRD_417593 | तबा बांयी तट मुख्य नहर चैन क्र. 2617 पर स्थित मोरण्ड एक्वाडक्ट एवं चैन क्र. 2881 पर स्थित गंजाल एक्वाडक्ट का मरम्मत कार्य। | नर्मदापुरम | 17.82 |
| 70 | 2025_WRD_417594 | राजौरा उपरहर की चैन क्र. 04 एवं 62 पर एवं गाजनपुर उपनहर की चैन क्र. 12, 35 एवं 65 पर 05 नं. क्षतिग्रस्त एच.आर. का मरम्मत कार्य । | नर्मदापुरम | 9.82 |
| 71 | 2025_WRD_417595 | गाजनपुर उपनहर की चैन क्र. 27, 38, 157 एवं 168 एवं राजोरा जाट उपनहर चैन क्र. 57, 65, 73, एवं 08 नं. क्षतिग्रस्त फाल का मरम्मत कार्य। | नर्मदापुरम | 9.69 |
| 72 | 2025_WRD_417597 | तवा कालोनी सिवनी मालवा के जी-टाइप एवं एच-टाईप भवन की रूफ कवरिंग का कार्य। | नर्मदापुरम | 8.28 |
| 73 | 2025_WRD_417598 | सतवासा उपनहर की चैन क्र. 90 एवं 160 पर क्षतिग्रस्त फाल का पुर्ननिर्माण कार्य। | नर्मदापुरम | 7.35 |
| 74 | 2025_WRD_417599 | सतवासा उपनहर की चैन क्र. 52 एवं 120 तथा जीजलवाड़ा माइनर की चैन क्र. 180 पर व्ही. आर.बी. का मरम्मत कार्य। | नर्मदापुरम | 8.29 |
| 75 | 2025_WRD_417600 | सतवासा उपनहर की चैन क्र. 110 एवं जीजलवाड़ा माइनर की चैन क्र. 224 क्षतिग्रस्त एच.आर. का पुनर्निर्माण कार्य। | नर्मदापुरम | 5.29 |
| 76 | 2025_WRD_417602 | रायगढ़ उपनहर की मिट्टी निरखी माइनर की चैन क्र. 93 पर व्ही. आर.बी. एवं 129 पर एच.आर. एवं मलकाखेड़ी माइनर पर चैन क्र. 11,124,288 व 333 पर व्ही.आर.बी. का मरम्मत कार्य। | नर्मदापुरम | 13.94 |
| 77 | 2025_WRD_417908 | मडीखेडा बांध पर डीवाटरिंग के लिए ब्लॉक क्र. 17 की गैलरी में स्थापित 3 नग व्ही टी पम्प की मरम्मत का कार्य करने बावत। | दतिया | 3.81 |
| 78 | 2025_WRD_417910 | मडीखेडा बांध पर रेडियल गेटों के हाइड्रॉलिंक सिस्टम का सुधार, मरम्मत एवं ओवरहौलिंग कार्य। | दतिया | 4.06 |
| 79 | 2025_WRD_417911 | मडीखेडा बांध पर 10 नग रेडियल गेटों 4 नग वर्टिकल लिफ्ट गेटों का वर्षापूर्व ऑइलिंग ग्रीसिंग कार्य। | दतिया | 1.79 |
| 80 | 2025_WRD_417912 | अंगूरी बांध पर 6 स्पिल्वै गेटों एवं 3 हेड रेगुलेटर का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | दतिया | 3.28 |
| 81 | 2025_WRD_417913 | अंगूरी बैराज, पहुँच बैराज एवं सभी टैंकों का साधारण मरम्मत एवं सुधार कार्य। | दतिया | 2.78 |
| 82 | 2025_WRD_417914 | समोहा पिक अप वियर पर वर्टिकल लिफ्ट गेटों का वर्षापूर्व मरम्मत एवं सुधार कार्य। | दतिया | 2.72 |
| 83 | 2025_WRD_417915 | मोहिनी पिक अप वियर पर वर्टिकल लिफ्ट गेटों का वर्षापूर्व मरम्मत एवं सुधार कार्य। | दतिया | 3.39 |
| 84 | 2025_WRD_417916 | मोहिनी पिक अप वियर पर आर.बी.सी. गेटों, फीडर नहर गेटों, क्रॉस रेगुलेटर गेटों, दो-आब एच.आर. गेटों का वर्षापूर्व मरम्मत एवं सुधार कार्य। | दतिया | 1.62 |
| 85 | 2025_WRD_417917 | लालपुर बरूआ पिक अप वियर एवं डुकमा हेड पर वर्षापूर्व मरम्मत एवं सुधार कार्य। | दतिया | 1.23 |
| 86 | 2025_WRD_418041 | इटारसी उपनहर अनुविभाग के एच.आर. एवं बाईखेड़ी माईनर नः 01, रोहना माईनर नं. 03 सावलखेड़ा माईनर नं. 01 व 3, तथा जैतपुर माईनर के मरम्मत कार्य। ( द्वितीय आमंत्रण ) | नर्मदापुरम | 7.26 |
| 87 | 2025_WRD_418042 | अस्थायी बंड़ बनाकर तवा बांध के स्टिलिंग बेसिन को खाली करने का कार्य। ( द्वितीय आमंत्रण ) | नर्मदापुरम | 16.53 |
| 88 | 2025_WRD_418256 | उपसंभाग, हटा के स्टापडेमों के शटर लगाने एवं खोलने का कार्य। | दमोह | 5.63 |
| 89 | 2025_WRD_418258 | उपसंभाग, दमोह के अधीन के स्टापडेमों के शटर लगाने एवं खोलने का कार्य। | दमोह | 11.97 |
| 90 | 2025_WRD_418259 | उपसंभाग, तेंदुखेड़ा / जबेरा के अधीन निर्मित स्टापडेमों के शटर लगाने एवं खोलने का कार्य। | दमोह | 3.63 |
| 91 | 2025_WRD_418260 | जमुनिया जलाशय का सुधार कार्य। | दमोह | 10.33 |
| 92 | 2025_WRD_418261 | हरदुवा पांजी जलाशय का सुधार कार्य। | दमोह | 2.25 |
| 93 | 2025_WRD_418262 | धनगौर जलाशय का सुधार कार्य। | दमोह | 14.76 |
| 94 | 2025_WRD_418295 | उपसंभाग, नेपानगर एवं बुरहानपुर के 13 नग जलाशयों के 30 नग जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 1.68 |
| 95 | 2025_WRD_418298 | उपसंभाग, खालवा के 22 नग जलाशयों के 31 नग जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 1.51 |
| 96 | 2025_WRD_418301 | उपसंभाग, जोबट के 06 नग जलाशयों के 16 नग जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 1.69 |
| 97 | 2025_WRD_418305 | देवास संभाग, के 03 नग जलाशयों के 07 नग जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 2.25 |
| 98 | 2025_WRD_418306 | बोरगांव एंव पंधाना संभाग के 09 नग जलाशयों के 16 नग जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 1.59 |
| 99 | 2025_WRD_418437 | चौराई अंतर्गत सिहोरा से माछागौरा एन.एच. 347 रोड़ निर्माण में आ रही एल.टी. लाईन शिफ्टिंग मं.प्र.पू.क्षे.वि.कं.लि. प्रोजेक्ट क्र. 819433 का कार्य। | नरसिंहपुर | 17.92 |
| 100 | 2025_WRD_418438 | उपसंभाग करेली के लघु जलाशयों के स्लूस गेटों का वार्षिक सुधार एवं मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 2.31 |
| 101 | 2025_WRD_418579 | घोघरा परियोजना उपसंभाग, सीहोर अन्तर्गत छतरी बैराज का मरम्मत कार्य। | सीहोर | 5.09 |
| 102 | 2025_WRD_418696 | बारना विस्तारीकरण नेटवर्क की पोषक नहर आर.डी. 2520 मी. पर इनलेट स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य। | रायसेन | 8.68 |
| 103 | 2025_WRD_418720 | उपसंभाग जबलपुर, जिला मध्यम / माईनर जलाशयों के सी.आर. स्केप गेटों का वार्षिक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | नरसिंहपुर | 2.84 |
| 104 | 2025_WRD_418721 | उपसंभाग कुंडम, जिला जबलपुर के मीडियम/लघु टेंको के स्लूस गेटों का वार्षिक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | नरसिंहपुर | 0.69 |
| 105 | 2025_WRD_418722 | उपसंभाग जबलपुर उपसंभागीय कार्यालय मेहगांवटोला के कुंडल/बरेला ब्लॉक के टेंकों के स्लूस गेटों ( मीडियम / माईनर ) का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 0.91 |
| | | | कुल योग | 482.58 |

स्वच्छता ही सेवा

G-12357/25

**मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**


## लखनऊ : मण्डलायुक्त ने ली नगर निगम के तहत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक

## बरसाती बाढ़ से निपटने युद्धस्तर पर की जाए नालियों-नालों की सफाई : डॉ. जैकब

**लखनऊ, देशबन्धु।** मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में नगर निगम के तहत कराए जा रहे रूटीन विभिन्न कार्यों की समीक्षा बैठक आयुक्त कार्यालय कक्ष में आहूत हुई। बैठक में नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने संबंधित को निर्देश दिये कि शहर के सामुदायिक शौचालय की नियमित साफ-सफाई कराते रहे। अगर कोई शौचालय मरम्मत योग्य हो तो उसको तत्काल मरम्मत कराले। चौराहों और बसस्टैंड का सर्वे करा लिया जाये और शौचालय की कमी दिखने पर नए टॉयलेट का निर्माण कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। ड्रैनेज व नाले की सफाई की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि 7 बड़े नालों में से 2 बड़े नालों की सफाई करा ली गयी है। मिडिल 335 नालों में भी सफाई करायी जा रही है। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वर्षाऋतु से पूर्व मेन पॉवर व मशीनरी की संख्या में बढ़ोतरी करते हुए युद्धस्तर पर बड़े नालों व ड्रेनेज की साफ सफाई कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

मण्डलायुक्त ने बैठक में नगर निगम के तहत चल रहे रूटीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माणधीन परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से सड़क सुधार, जल निकासी, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट, हरित क्षेत्र विकास, यातायात सुधार, और अन्य बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## देश के अधिकतर हिस्सों में 8 तक बारिश-ओलावृष्टि के आसार

**नई दिल्ली।** मौसम के बदले मिजाज से लोगों को प्रचंड गर्मी से बड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग ने 8 मई तक दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर पश्चिम भारत के साथ ही देश के अधिकतर हिस्सों में गरज के साथ बारिश होने, बिजली गिरने, ओलावृष्टि और आंधी-तूफान जारी रहने की संभावना जताई है।

हालांकि, ओडिशा, पश्चिम बंगाल के गंगा के तटवर्ती इलाकों के साथ ही देश के पूर्व मध्य और पूर्वी इलाकों में गरज के साथ वर्षा की मौजूदा गतिविधियों में 7 मई के बाद से कुछ कमी आ सकती है। उधर, ऑरेंज अलर्ट के बीच हिमाचल में कई जगह झमाझम बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। चंबा जिले के चेली गांव के डोंडरा नाला में शनिवार रात बादल फटने से एक 65 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति की नाले में बहने से मौत हो गई। बाढ़ में 150 भेड़-बकरियां भी नाले में बह गईं।

**आईएमडी का अलर्ट- आंधी-तूफान की भी आशंका**

**कुछ स्थानों पर 70-100 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चलीं-** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, रविवार सुबह 8ः30 बजे तक बीते 24 घंटे के दौरान पूर्वी राजस्थान, मध्य भारत, ओडिशा, झारखंड में कुछ स्थानों पर 70-100 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चलीं और कुछ जगहों पर धूल भरी आंधी आई। गुजरात, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी राजस्थान में भी 40-70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। पश्चिम बंगाल के गंगा के तट वाले इलाकों, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय, नगालैंड, त्रिपुरा, तमिलनाडु पुडुचेरी और कराईकल, केरल और माहे, उत्तर आंतरिक कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, तेलंगाना में अलग-अलग स्थानों पर आंधी-तूफान का असर रहा।

### पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय बदलेगा मौसम का मिजाज

आईएमडी ने बताया कि उत्तरी पाकिस्तान और उससे सटे पंजाब और उत्तर-पश्चिम राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है। इसके प्रभाव से 10 मई तक जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, उत्तर प्रदेश में तेज हवाओं के साथ मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान राजस्थान में भी छिटपुट बारिश होने की संभावना है। 7 मई तक पश्चिमी राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर धूल भरी आंधी चलने की संभावना है। 6-8 मई के दौरान पश्चिमी राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। 6 मई तक बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में आंधी-तूफान के साथ बिजली गिरने की संभावना है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### युवा नेता को पीट-पीटकर....

बाद यह बात सामने आई कि मृतक और आरोपियों के बीच पहले से रंजिश चल रही थी। गाड़ी टकराने पर एक बार शुभम का विवाद अभिषेक चतुर्वेदी उर्फ बेटू से भी हुआ था। तब कुछ दिन के बाद समझौता हुआ और माहौल शांत कराया गया। मारपीट के बाद उसका जिला बदर हुआ था। सूत्र बताते हैं कि शुभम किसी लड़की से मिलने जाता था। शादी के बाद भी उसकी लड़की से बात होती रही। इस बात पर पहले भी उसका महादेवा में विवाद हो चुका है। शुभम रविवार की रात अपने साथी कैलाश यादव और अंशू के साथ गया था, जहां विवाद के दौरान उस पर हमला कर दिया गया। जिसमें शुभम की मौत हो गई और कैलाश घायल है। जबकि बाकी साथी मौके से भाग निकले।

**मैं लौट रहा हूं सतना**-नगर पालिक निगम के स्पीकर राजेश चतुर्वेदी पालन ने देशबन्धु से बात करते हुए बताया कि वह निजी कार्यों से बाहर हैं। उन्हें सुबह तक पता ही नहीं था कि क्या हुआ। दोपहर में किसी ने वीडियो भेजकर बताया कि अपका और भईया का नाम इस केस में आ रहा है। जबकि हमारा दूर तक कोई वास्ता नहीं। महादेवा में हमारी बुआ और मामा दोनों के परिवार हैं। कार्यक्रमों में वहां जाना होता है। किसी से हमारी कोई दुश्मनी नहीं है।

**इनकी हुई गिरफ्तारी-** पुलिस ने हत्या के इस मामले में महादेवा निवासी बीनू उर्फ विपिन गौतम, रिंकू गौतम उर्फ बॉस, पंकज गौतम को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से तीनों को केन्द्रीय जेल भेज दिया गया। पुलिस विवेचना कर रही है और सीसीटीवी में दिख रहे लोगों को चिन्हित कर उनकी भूमिका का पता लगा रही है।

# देश-प्रदेश

उवाच

## राहुल का ऑपरेशन ब्लू स्टार को गलती मानना बड़ी बात

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ऑपरेशन ब्लू स्टार पर दिए बयान की सराहना करते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। राउत ने कहा कि राहुल गांधी एक साफ-सुथरे और ईमानदार नेता हैं, जो अपनी गलतियों को स्वीकार करने की हिम्मत रखते हैं। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने ऑपरेशन ब्लू स्टार को गलती मानकर बड़ी बात की है, जबकि उस समय वह राजनीति में नहीं थे। गलती स्वीकार करना राजनीति में दुर्लभ है।



## लाल किले पर कब्जे की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी महिला; सीजेआई ने लगाई फटकार...

# कहा- आपने फतेहपुर सीकरी को क्यों छोड़ दिया?

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को लाल किले पर कब्जे की मांग करने वाली एक महिला की याचिका खारिज कर दी। इसमें उसने खुद को आखिरी मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर द्वितीय के परपोते की विधवा होना का दावा किया था। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार की बेंच ने कहा कि सुल्ताना बेगम की तरफ से दायर की गई याचिका पूरी तरह से गलत और निराधार है।

सीजेआई की बेंच ने कहा, 'शुरू में दायर की गई रिट याचिका गलत और निराधार थी। इस पर विचार नहीं किया जा सकता।' कोर्ट ने सुल्ताना बेगम के वकील को याचिका वापस लेने की इजाजत देने से भी इनकार कर दिया। उनके वकील ने तर्क दिया कि वह



### हाई कोर्ट ने कहा था बहुत देर हो चुकी

भारत के पहले स्वतंत्रता सेनानी के परिवार की सदस्य थीं। इस बात पर सीजेआई ने व्यग्य करते हुए कहा, 'केवल लाल किला ही क्यों? फतेहपुर सीकरी क्यों नहीं? उन्हें भी क्यों छोड़ दिया गया? रिट पूरी तरह से गलत है। खारिज की जाती है।'

यह पहली बार नहीं है जब सुल्ताना बेगम की याचिका खारिज की गई है। दिसंबर 2023 में दिल्ली हाई कोर्ट की एक बेंच ने उनकी अपील को खारिज कर दिया, यह देखते हुए कि उन्होंने इसे दायर करने में ढाई साल से ज्यादा की देरी की थी। कोर्ट ने कहा कि इस देरी को माफ नहीं किया जा सकता। बेगम ने कहा था कि वह खराब स्वास्थ्य और अपनी बेटी की मृत्यु के कारण पहले कोर्ट का दरवाजा नहीं खटखटा सकीं।

सुल्ताना बेगम ने दावा किया कि 1857 के विद्रोह के दौरान अंग्रेजों द्वारा लाल किले पर कब्जा करने के बाद उनके परिवार ने लाल किले पर कब्जा खो दिया। उसके बाद, बादशाह बहादुर शाह जफर को निर्वासित कर दिया गया और किले पर ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी का कब्जा हो गया। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने पूर्वजों से लाल किला विरासत में मिला था और अब भारत सरकार ने इसे अवैध रूप से अपने कब्जे में रखा है। उन्होंने कोर्ट से कहा कि या तो लाल किला उन्हें वापस कर दिया जाए या उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। भले ही आग बुझ गई हो, जहरीला धुआं अभी भी है

## ऐसे नहीं चल सकता... सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड उच्च न्यायालय को लगाई फटकार

# सभी हाईकोर्ट्स से मांगी रिपोर्ट

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा 67 आपराधिक मामलों में सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखने के बावजूद अंतिम फैसला नहीं सुनाने पर हैरानी जताई। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड उच्च न्यायालय को फटकार लगाते हुए सभी उच्च न्यायालयों को उन मामलों की रिपोर्ट देने को कहा है, जिनमें फैसला अभी भी लंबित है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने हालात को बेहद चिंताजनक बताया और कहा कि वे इस संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश जारी करेंगे। कोर्ट ने तल्ख शब्दों में कहा कि न्याय कानून की अवधारणा के साथ चलता है।

### 2022 में सुनवाई पूरी, लेकिन अभी तक नहीं सुनाया फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा पाए चार लोगों की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किया। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि झारखंड उच्च न्यायालय ने उनकी अपील पर सुनवाई पूरी कर साल 2022 में ही फैसला सुरक्षित रख लिया था, लेकिन अभी तक अंतिम फैसला नहीं सुनाया गया है। इसके चलते वे छूट के लाभ के लिए भी दावा नहीं कर पा रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने चार हफ्तों में मांगा जवाब

पीठ ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि ऐसे नहीं चल सकता। पीठ ने सभी उच्च न्यायालयों को चार हफ्तों में अपने-अपने यहां लंबित फैसलों की जानकारी देने को कहा है। उच्च न्यायालयों को 31 जनवरी 2022 से लेकर दिसंबर 2024 तक के उन मामलों की जानकारी देनी होगी, जिनमें फैसला सुरक्षित रख लिया गया है, लेकिन अभी तक फैसला सुनाया नहीं गया है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल से इस संबंध में रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है और कहा है कि आपराधिक और सिविल मामलों की रिपोर्ट अलग-अलग दी जाए और ये भी बताया जाए कि कौन सा मामला एकल पीठ का है और कौन सा मामला खंडपीठ का।

मुख्यमंत्री मण्डला के रामनगर में आयोजित आदि उत्सव में हुए शामिल, कहा-

# स्मारकों और किलों में होंगे विकास कार्य

- जनजातीय कन्याओं का विवाह आयोजन
- बच्चों को वकील, डॉक्टर और इंजीनियर बनाएंगे कॉलेज की फीस शासन वहन करेगी



**मण्डला, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आजादी के लिए आन, बान और शान से लड़ने वाले राजा हृदय शाह, राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती, बिरसा मुंडा और टंट्या मामा ने महान कार्य किया है, जो जल जमीन, जंगल और जमीर की रक्षा के लिए आगे आये हैं। हमारे प्रदेश और देश के जनजातीय महापुरुषों ने हमें गौरवान्वित किया है। हमें गर्व है जनजातीय महापुरुषों के उल्लेखनीय योगदान के सम्मान में खरगोन में क्रांति सूर्य टंट्या मामा विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मंडला के रामनगर में दो दिवसीय आदि उत्सव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हृदय शाह द्वारा बनाये गए मोती महल का अवलोकन करते हुए लोक कला प्रदर्शनी का भी शुभारंभ किया।

साथ ही उन्होंने 61 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय समुदाय के गौंड राजाओं के बने स्मारकों व किलों के विकास कार्य कराने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि रामनगर और मंडला में राजा शंकरशाह, कुंवर रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती, मोतीमहल, रानी महल को भी विकास कार्यों में शामिल किया जाएगा। उन्होंने मंच से कलेक्टर सोमेश मिश्रा को रामनगर स्थित मढ़िया के विकास के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

कानपुर में जूता फैक्ट्री में भीषण आग

# तीन बच्चों समेत पांच की मौत

**कानपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक जूता फैक्ट्री में भीषण आग लग गई. ये आग रविवार रात आठ बजे शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी, जिसके बाद फैक्ट्री में रखे कैमिकल और चमड़े ने आग पकड़ ली और देखते ही देखते चार मंजिला बिल्डिंग धूं-धूकर जलने लगी. आग इतनी भीषण थी कि फायर ब्रिगेड की टीम को इस पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी तब कहीं जाकर आग पर काबू पाया जा सका. इस आग में पांच लोगों की जिंदा झुलसकर दर्दनाक मौत हो गई।

ये जूता फैक्ट्री कानपुर के प्रेम नगर रिहायशी इलाके में बना हुई थी, जहां दुनिया अली नाम के शख्स ने जूता सप्लाई की फैक्ट्री डाल रखी थी. ये फैक्ट्री घर के बेसमेंट में चल रही थी और ऊपरी हिस्से पर दानिश और क़ासिम अपने परिवार के साथ रहते थे. कासिम परिवार के साथ बाहर खाना खाने गया था, जबकि दानिश की पत्नी और तीन बच्चे घर पर ही थी. रात करीब आठ बजे फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई. इसके बाद फैक्ट्री में रखे कैमिकल और सिलेंडर की वजह से आग तेजी से फैलने लगी, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई.

# कांग्रेस ने मीडिया विभाग में किया बदलाव, 53 प्रवक्ता बनाए

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने मीडिया विभाग में बदलाव करते हुए 53 प्रवक्ताओं की नियुक्ति की है। प्रवक्ताओं की इस लंबी फेहरिस्त में 9 मुख्य प्रवक्ताओं को हटा दिया गया है। जिसमें 4 पूर्व विधायक हैं, जिन्हें संगठन में अलग-अलग जिम्मेदारी मिलने के चलते प्रदेश प्रवक्ता के दायित्व से मुक्त कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा अनुमोदित सूची जारी करते हुए मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने बताया कि जिन प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गई है उनमें अजीत भदौरिया, अपराजिता पांडे, अब्बास हफीज, अभिनव बरोलिया, अमित चौरसिया, अमित तावड़े, अंबिका शर्मा, अवनीश बुंदेला, आनंद जाट, आनंद जैन कासलीवाल, आरपी सिंह, कुंदन पंजाबी, गुंजन शुक्ला, जितेन्द्र मिश्रा, ज्योति पटेल, धर्मेन्द्र शर्मा, नीलाभा शुक्ला, नूरी खान, प्रतिभा विक्टर, प्रमोद द्विवेदी, प्रवीण धौलपुरे, प्रियंका शर्मा, फिरोज सिद्दिकी, भूपेन्द्र गुप्ता, मिथुन अहिरवार, मुकेश पंथी, मृणाल पंत, योगेश यादव, रवि वर्मा, रवि सक्सेना, राजेश चौकसे, राम पांडे, राहुल राज, रीतेश त्रिपाठी, रोशनी यादव, विक्रम चौधरी, विनय सक्सेना, विनोद शर्मा, विवेक त्रिपाठी, शहरयार खान, शैलेन्द्र पटेल, संगीता शर्मा, संतोष सिंह गौतम, संतोष सिंह परिहार, संदीप सबलोक, समर सिंह, साबिर फिटवाल, सीताशरण सूर्यवंशी, सुनील मिश्रा, स्पर्श चौधरी, स्वदेश शर्मा, हर्ष जैन और हिमानी सिंह शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष 27 मार्च को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा की जगह मुकेश नायक को अध्यक्ष नियुक्त किया था। साथ ही 9 मुख्य प्रवक्ता और 22 प्रवक्ताओं की नियुक्ति की थी। कांग्रेस के संगठन प्रभारी संजय कामले ने अब मुख्य प्रवक्ता का पद समाप्त करने के साथ ही 53 प्रवक्ताओं की नियुक्ति की घोषणा की है।

### 9 प्रवक्ताओं को किया जिम्मेदारी से मुक्त

पिछले साल मार्च में 9 मुख्य प्रवक्ताओं और 22 प्रवक्ताओं सहित मीडिया विभाग में 31 नियुक्तियां की गई थीं। इस बार 53 प्रवक्ताओं की नियुक्तियां हुई है। इसमें कुछ प्रवक्ताओं को संगठन में अन्य जिम्मेदारी में व्यस्तताओं और कुछ को निष्क्रियता के चलते पदमुक्त कर दिया गया है। इनमें पूर्व विधायक कुणाल चौधरी, डॉ.अशोक मर्सकोले, बैजनाथ कुशवाह, विपिन वानखेड़े, राजकुमार उपाध्याय केलू, रीना बौरासी, अवनी बंसल, अमित शर्मा के नाम शामिल हैं।

## केसी वेणुगोपाल लोक लेखा समिति के अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल को लोक लेखा समिति (पीएसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पीएसी का गठन गत 01 मई से प्रभावशील हुआ है। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक श्री वेणुगोपाल अप्रैल-2026 तक अध्यक्ष बने रहेंगे। पीएसी सबसे पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित संसदीय समिति है, जिसका पुनर्गठन हर साल किया जाता है ताकि सरकारी व्यय के लिए संसद द्वारा अनुमोदित निधियों के विनियोजन का विवरण देने वाले खातों और स्वायत्त और अर्ध-स्वायत्त निकायों के खातों के रूप में संसद के समक्ष रखे गए ऐसे अन्य खातों की जांच की जा सके।


**नाम सुधार सूचना**

मैं, NEELAM W/o आर्मी नंबर-6943292H, Hav Dvr MT SANTOSH KUMAR SINGH, ग्राम- दाओपुर, तह- सैदपुर, जिला- गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) निवासी हूँ। मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम NEELAM DEVI दर्ज है, जो कि गलत है, मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम NEELAM दर्ज है, जो कि सही है। अतः मेरे सही नाम को मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

Aff. No. - BV 247954

पुराना नाम NEELAM DEVI

सही नाम NEELAM

कृति

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

दूरभाष 07612624326

1 म.प्र बटालियन एन.सी.सी घंटाघर जबलपुर 482001

1 बी.एन./308/क्यू/एनसीसी अप्रैल 2025

कार्यालय 1 मप्र बटालियन एन.सी. सी. जबलपुर द्वारा (1) सीएटीसी-101 दिनाक 20 मई 2025 से 07 जून 2025 तक एवं (2) सी.ए.टी सी-103. दिनांक 09 जून 2025 से 18 जून 2025 तक एनसीसी शिविरों का आयोजन 1 म.प्र. बटा. जबलपुर द्वारा किया जाना है जिसमें 630 क्रमशः 630 कैडिट एवं कार्यालय स्टाफ भाग ले रहे हैं। उपरोक्त शिविर हेतु निम्नलिखित सामाग्री प्रदान किए जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। (1) खाद्य सामाग्री (2) सब्जियां (मांग के अनुसार) (3) मौसमी फल (4) बैकरी आइटम (5) दुग्ध एवं दुग्ध से निर्मित सामग्रियां सील बंद लिफाफे में दोनों केम्प की अलग अलग निविदायें दिनांक 15 मई 2025 के 03.00 बजे तक स्वीकार किये जावेंगी एंव दिनांक 15 मई 2025 के 04.00 बजे निविदायें खोली जावेंगी।

Col Offg Commanding officer
1 MP Bn. NCC, Jabalpur

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 18
2025-2026 दिनांक 01/05/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्रीमती जुबेदा बानो पति नन्हें अंसारी ने भवन क्रमांक 2266 संपत्ति कर/पिन नं. 1000367123 पर विक्रेतागण/पंजीकृत गृहस्वामी - श्रीमती चन्द्रकला चौबे पति श्री आर.डी. चौबे विक्रेता श्री अरबिंद चौबे पिता रमेश चौबे के भाग पर वार्ड शहीद अ. हमीद वार्ड , निर्मित भूतल 900 आ. स्वयं विक्रयपत्र, लिंक प्रपत्रों के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 340 कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार पनागर जिला जबलपुर**
रा.प्र.क्र./2212/अ-6/24-25

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक जुनैद महमूद अंसारी पिता महमूद अहमद अंसारी निवासी 346/22 चार खंबा गोहलपुर जबलपुर ने ग्राम पनागर प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. पनागर स्थित भूमि खसरा नं. 645/1, 645/2 रकवा 0.219 हे. भूमि का फौती/वसीयत/ विक्रय पत्र/ पारिवारिक व्यवस्था पत्र/ आपसी बटवारा के आधार पर नामांतरण/ बटवारा/ अभिलेख दुरूस्त/ रकवा सुधार/नक्शा बटांक हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है। अतः उक्त भूमि के नामांतरण/ बटवारा/अभिलेख दुरूस्ती/रकवा सुधार/नक्शा बटांक में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति इश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेश कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार आज दिनांक 02/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
सुनवाई दिनांक-19/05/2025

कृति नायब तहसीलदार पनागर

**FOR CHANGE OF NAME**

It is for general information that I, SHRIMAT BAI W/o Late SOHARAI RAM, declare that name of mine has been wrongly written as SIRMAITBAI in Pension Payment Order of P.C.D.A (Pension) Allahabad. The actual name of mine is SHRIMAT BAI, which may be amended accordingly. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

(SHRIMAT BAI)
Res. Near Vinay Kirana Store, Indira Nagar, Bilpura, Madai, Vehicle Factory, Jabalpur
R.No. 330 (M.P.) 482009

**आम सूचना**

मैं जे.सी. 734876 एक्स सूबेदार धन्नजय कपिलदेव रजक उम्र 45 वर्ष निवासी डी 26 अमरदीप रेसीडेन्सी बिहाइन्ड जय योगेश्वर-2 आजवा रोड जिला वडोदरा - पिन 390019 (गुजरात) की निवासी हूँ। मैं सी.ओ.डी. जबलपुर में कार्यरत हूँ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम दिव्यॉशु दर्ज है और पुत्री का नाम सिध्दि दर्ज है. जो कि गलत है। इस कारण से मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपने पुत्र का नाम दिव्यांशु कुमार और पुत्री का नाम सिध्दि कुमारी संशोधित कर दर्ज कराना चाहता हूँ।

पुराना नाम दिव्यांशु, (पुत्र)
नया नाम दिव्यांशु कुमार
पुराना नाम सिध्दि (पुत्री)
नया नाम सिध्दि कुमारी ।

र.नं. 335

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**
रा.प्र.क्र./ /अ-6/2025-2026
अधारताल, दिनांक 17/04/2025

**आम इश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम/नजूल ब्लाक नं. सुहागी तहसील अधारताल जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि, आवेदक हर्ष पाण्डेय पिता नीलकंठ पाण्डेय जाति..... निवासी म.नं. 5/2 सांई कॉलोनी सुहागी जबलपुर के द्वारा ग्राम/ब्लाक नं. .... बंदोबस्त नं. .... प.ह.नं. 21/76 नजूल प्लाट नं. .... में स्थित भूमि खसरा नंबर 21/76 रकवा क्रमशः 1000 व.फु. भूमि पंजीकृत वसीयत नामांतरण पत्र क्रमांक एमपी182552025 ए 1238932 दिंाक 29/03/2025 के माध्यम से नामांतरण हेतु रजिस्ट्री बैनामा/ मृत्यु प्रमाण पत्र/ वसीयतनामा की छायाप्रति, खसरा नकल सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इस्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक-17/04/2025
पेशी दिनांक- 08/05/2025

र.नं. 339 तहसीलदार, अधारताल जबलपुर

**PUBLIC NOTICE**

I hitherto known as ARVIND KUMAR S/O Late. CHANDRA BHUSHAN GARG Employed as Post JWM/SG (T/MECH), Section EDK, P.No. 846748 at Ordnance Factory Khamaria Jabalpur (MP), Residing at House No.1271/16A, Jai Prakash Nagar, Chitrgupt Chowk Chitranjan Das Ward Adhartal Jabalpur (M.P.) - 482004 have changed my name shall hereafter be known as ARVIND KUMAR GARG.It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

ARVIND KUMAR
Signature
(in existing old name)

र.नं. 338

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं बाल्मीक उम्र 61 वर्ष पिता स्व. रामराज प्रसाद तिवारी निवासी म.नं. 14, 6वीं बटालियन एस.ए.एफ. थाना रांझी जिला जबलपुर का निवासी हूँ एवं मैं 6वीं वाहिनी एस.ए.एफ. विसबल रांझी जबलपुर में बैच नं. 1033 प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ हूँ! मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम बाल्मीक पिता स्व. रामराज प्रसाद तिवारी दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड, समग्र आई.डी. एवं एस.बी.आई. पासबुक में मेरा नाम बाल्मिक प्रसाद तिवारी पिता स्व. रामराज प्रसाद तिवारी दर्ज है! मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपना नाम बाल्मीक पिता स्व. रामराज प्रसाद तिवारी के स्थान पर सही नाम बाल्मिक प्रसाद तिवारी पिता स्व. रामराज प्रसाद तिवारी संशोधित कर दर्ज कराना चाहता हूँ! अतः मुझे बाल्मिक प्रसाद तिवारी (BALMIK PRASAD TIWARI) पिता स्व. रामराज प्रसाद तिवारी (LATE RAMRAJ PRASAD TIWARI) के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढा जावें !

पुराना नाम - बाल्मीक
नया नाम - बाल्मिक प्रसाद तिवारी

र.नं. 338

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 19
2025-2026 दिनांक 01/05/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्री अरविंद चौबे, पिता- रमेश चौबे , भवन क्रमांक 1026/ए का भाग, पी-39 का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000360549 जलकर पिन नं. ........, पर विक्रेतागण/पंजीकृत गृहस्वामी -श्री पवन कुमार भार्गव, पिता- स्व. श्री एम.एल. भार्गव, वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड , निर्मित क्षेत्रफल 2840 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 1800 व.फु., विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

कृति कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर

**In The Court Of XVI Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur**
Presiding Officer: फरहान मसूद कुरैशी
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A /0000089/2025)
प्रदीप कुमार जैन......................वादी
Vs
समदड़िया गुडविल कन्स्ट्रक्शन..........प्रतिवादी
Process Id-/2025
पेशी दिनांक - 16/06/2025

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी प्रदीप कुमार जैन ने आपके विरुद्ध सिविल सूट ए दावा वास्ते स्वत्व घोषणा हेतु के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 25 अप्रैल 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी- उपस्थिति एवं प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ दावा वास्ते स्वत्व घोषणा हेतु छायाप्रति संलग्न
कृपया ध्यान दें:-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(फरहान एम. कुरैशी)
16वें व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड)
र.नं. 333 जिला जबलपुर (म.प्र.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग गोरखपुर जिला जबलपुर म.प्र.**
रा.प्र.क्रं. 0005/अपील/2025-26
श्रीमति उषारानी जाट पति श्री रामसिंह जाट निवासी- 654, बेलबाग, जबलपुर म.प्र. ..............................................अपीलार्थीगण
विरुद्ध
श्रीमति कुसुमकली मिश्रा पति श्री लालमणि मिश्रा निवासी- नरसिंह मंदिर, नरसिंह वार्ड, जिला जबलपुर म.प्र........... गैरअपीलार्थीगण

**आम सूचना एवं इश्तहार**

एतद् द्वारा गैरअपीलार्थीगण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी श्रीमति उषारानी जाट पति श्री रामसिंह जाट निवासी 654 बेलबाग जबलपुर म.प्र. द्वारा विचारण न्यायालय अधीक्षक भू-अभिलेख परिवर्तन भूमि जिला जबलपुर के रा.प्र.क्रं. 745/अ-6/2021-22 आदेश पारित दिनांक 03//11/2021 से व्यथित होकर अपील आवेदन अंतर्गत म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत प्रस्तुत की है।

प्रतिअपीलार्थीगणों एवं वादग्रस्त भूमि मौजा पुरवा प.ह.नं. 29 सीट नंबर 261 प्लौट नंबर 57 रकवा 2000 वर्गफुटभूमि पर हित रखने वालों को सूचित किया जाता है कि प्रकरण दिनांक 15.05.2025 को सुनवाई हेतु नियत किया गया है। जिसमें न्यायालय में स्वयं एवं अथवा अपने अभिभाषक के साथ उपसिथत होकर दावे एवं आपत्तियां लिखित में समक्ष में पेश कर सकते हैं।

नियत पेशी तिथि के उपरांत कोई भी दावा एवं आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण गुण-दोष के आधार पर किया जावेगा।

आज दिनांक 25/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद-मुद्रा से जारी किया गसा।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
अनुभाग गोरखपुर
र.नं. 331 जिला जबलपुर

**राजस्व मामले में नोटिस**
**न्यायालय अपर कलेक्टर (ग्रामीण) जबलपुर**
**नोटिस**

राजस्व प्रकरण कमांक/0003/अपील/25-26
अपीलार्थी सतीष नायडू
विरुद्ध
राघव गुप्ता एवं अन्य

अपीलार्थी श्री सतीष नायडू विरूद्ध राघव गुप्ता एवं अन्य
प्रति,
राघव गुप्ता पिता श्री कपूरचंद्र गुप्ता, निवासी अराधना, पंचपेढ़ी, सिविल लाईन जबलपुर।
द्वारा-तहसीलदार, रांझी।

आपको सूचित किया जाता है कि, अपीलार्थी श्री सतीष नायडू पिता श्री एम. ई. रामचंद्रन नायडू, निवासी- 211. शासकीय स्कूल घाना, नागपुर रोड, जिला जबलपुर के द्वारा अपील आवेदन पत्र अंतर्गत धारा-44 (1) म.प्र.भू.राजस्व संहिता 1959 के तहत न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जबलपुर के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0968/अ-6-अ/21-22 में पारित आदेश दिनांक 25.01.2024 से व्यथित होकर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपर्युक्त मामले की सुनवाई दिनांक 14.05.2025 को दोपहर 03.00 बजे स्थान- न्यायालय अपर कलेक्ट (ग्रामीण) जबलपुर (कलेक्ट्रेट, जबलपुर के कक्ष क्रमांक 17) में होगी। उक्त दिनांक एवं समय पर अनिवार्य रूप से आप स्वयं अथवा आपकी ओर से वैध प्रतिनिधि उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन प्रस्तुत करें, अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
पेशी दिनांक 14.05.2025
जारी दिनांक 08.04.2025

र.नं. 342 अपर कलेक्टर (ग्रामीण) जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्रं./3331/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक 29/04/25

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बेदान्त जैन अन्य पिता स्व. श्री अनुराग जैन निवासी वार्ड नं. 09 जैन मंदिर वार्ड मण्डला के द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर जबलपुर ब्लॉक नंबर... प्लाट नं.... स्थित भूमि खसरा नंबर 11/2/3/1/1 में से रकवा 2250 वर्गफुट भूमि जो राजस्व रिकार्ड में वसीयत के आधार पर के नाम से दर्ज है। आवेदक के द्वारा अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी 14/05/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 29/04/25
पेशी दिनांक - 14/05/25

तहसीलदार
र.नं. 332 आधारताल जबलपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार आधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्रं./0191/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

आवेदक श्री शिवदास नामदेव पिता स्व. श्री भगवानदास नामदेव निवासी आईटीआई मेन रोड माढ़ोताल लम्ती द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्रं. 4321 दिनांक 09/07/1965 के माध्यम से मौजा/नजूल ब्लॉक माढ़ोताल प.ह.नं... स्थित भूमि खसरा नं./प्लाटं नं./ 190/ 10/ 1/1/1/1 रकवा 1200 व.फु. पर विक्रेता/वसीयतकर्ता/ फौत/ दानकर्ता मंसूर अहमद खां मकबूल अहमद खां से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रयपत्र एवं फार्म पी-।। खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक..... तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर व मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक ... इश्तहार किया गया।
जारी दिनांक 21/04/25
पेशी दिनांक - 15/05/25

न्यायालय तहसीलदार
तहसील आधारताल
र.नं. 334 जबलपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार आधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्रं./0190/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

आवेदक राजकुमार नामदेव पिता श्री शिवदास नामदेव निवासी वार्ड नं. 01 कालेज बस्ती धनपुरी शहडोल द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्रं./वसीयत क्रं./दानपत्र क्रमांक..... दिनांक 19/09/1989 माध्यम से मौजा/ नजूल ब्लाक माढ़ोताल प.ह.नं....... स्थित भूमि खसरा नं./प्लाट नं./ 190/10/1/1/1/1/1 रकवा 2400 वर्गफुट पर विक्रेता / वसीयतकर्ता/फौत/ दानकर्ता किसन प्रसाद अग्रवाल से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र एवं फार्म पी-।। खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक..... तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर व मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक ... इश्तहार किया गया।
जारी दिनांक 21/04/25
पेशी दिनांक - 15/05/25

न्यायालय तहसीलदार
र.नं. 334 तहसील आधारताल जबलपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार गारेखपुर जबलपुर**
रा.प्र.क्रं./2137/अ-6/2024-25

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अरुणाभ चक्रवर्ती व अन्य निवासी म.नं. 691, हाथीताल कॉलोनी, गुप्तेश्वर वार्ड, एंप्लायमेंट आफिस के पास जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक ... के माध्यम से मौजा हाथीताल नं.बं..... प.ह.नं.... ख.नं. 99/2 रकवा 0.022 हे. (2400) वर्गफुट विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र/बटवारा नामा/ हस्तांतरण पत्र/दान पत्र एवं नक्शा संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 20/05/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयाविधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर व मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 05/05/25 को जारी।
जारी दिनांक 05/05/25
पेशी दिनांक - 20/05/25

नायब तहसीलदार
एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
र.नं. 337 गोरखपुर, जबलपुर

जबलपुर, मंगलवार 06 मई 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# सिख दंगा: राहुल की स्वीकारोक्ति

देश का मौजूदा दौर नेतृत्व द्वारा अपने उत्तरदायित्वों से बचने और दूसरों पर दोष मढ़ने का है। 2014 से प्रारम्भ हुआ यह कालखंड ऐसे अनेक उदाहरणों से भरा हुआ है जिनमें नेतृत्व जिम्मेदारी से भागता नज़र आता है। भारतीय जनता पार्टी की जिस सरकार का नेतृत्व प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं, उसमें चाहे खुद मोदी हों अथवा उनकी पार्टी या सरकार- हर तरह के उत्तरदायित्वों से पीछा छुड़ाती नज़र आती है। नोटबन्दी से लेकर किसान कानून हों जिनके कारण अनेक मौतें हुई हों अथवा मणिपुर की त्रासदी, सुरक्षा में चूक के चलते पुलवामा की घटना हो या पिछले माह की पहलगाम की आतंकी घटनाएं- मोदी का किसी भी मामले में जिम्मेदारी लेना तो दूर, उनका कोई सादा सा बयान तक नहीं आता। जहां किसी प्रदेश के विधानसभा में पार्टी की चुनावी हार हो जाये तो स्टार प्रचारक होने के नाते ही सही- उन्हें अपनी भूमिका को ठीक से न निभाने के लिये न तो खेद प्रकट करते देखा गया और न ही हार का जिम्मेदार खुद को बताते पाया गया। निजी तौर पर उनकी गलत बयानी, सायास तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने की चालाकी सामने आने के बाद भी वे न तो अपनी चूक को स्वीकारेंगे, न ही ऐसी गलती दोहराने से बचने का संकल्प जतायेंगे।

ऐसे दौर में राहुल गांधी 1984 के उन सिख दंगों की जिम्मेदारी सार्वजनिक रूप से लेते हैं, जब वे मात्र 14 साल के थे। उल्लेखनीय है कि अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में ऑपरेशन ब्लू स्टार से नाराज़ इंदिरा गांधी के सिख सुरक्षाकर्मियों ने जब इस फैसले के लिए, उन्हें गोलियों से भून दिया था, तब देश भर में सिखों के खिलाफ दंगे भड़क उठे थे। खासकर, दिल्ली में बड़े पैमाने पर सिखों का कत्ल हुआ था जिसका घाव अब भी भारत के सीने पर है और सिख स्वाभाविकत: आज भी उस घटनाक्रम से नाराज़ हैं। इन दंगों में अनेक कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की संलिप्तता पायी गयी। अनेक नेता दोषी भी पाये गये। जगदीश टाइटलर और सज्जन कुमार उनमें बड़े नाम थे जिन्हें अति सुस्त ही सही, पर एक निर्धारित न्यायिक प्रक्रिया के तहत दोषी भी साबित किया गया है। बड़ी तादाद में लोगों के खिलाफ़ मुकदमे चलाये गये हैं।

पिछले माह जब राहुल अमेरिका के दौरे पर गये थे, तब उन्होंने ब्राउन विश्वविद्यालय के वाटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में भाषण दिया था। एक सिख छात्र ने उनके पहले के एक भाषण का हवाला देते हुए कहा कि 'आप सिखों में डर पैदा करना चाहते हैं।' याद हो कि राहुल ने विदेशी दौरे में ही एक भाषण में कहा था कि 'सिखों को कड़ा पहनने या केश धारण करने या गुरुद्वारा जाने से भी रोका जा सकता है।' दरअसल राहुल का मंतव्य देश में अल्पसंख्यकों की धार्मिक आजादी को भाजपा सरकार की ओर से खतरे से था। सिख युवक ने कहा कि, 'वे (सिख) न केवल कड़ा धारण करना चाहते हैं, न केवल केश रखना चाहते हैं वरन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी चाहते हैं।' इसी सिलसिले में उस युवक ने जब सिखों के खिलाफ भड़के दंगों का मुद्दा उठाया तो राहुल ने साफगोई से कहा कि 'वैसे वे उस दौरान नहीं थे, परन्तु वे दंगों पर उनकी पार्टी की गलतियों को अपने सिर पर लेने के लिये सहर्ष तैयार हैं।' इतना ही नहीं, उन्होंने कहा- 'कांग्रेस द्वारा इतिहास में जो भी गलतियां की गयी हैं, उन सभी की वे जिम्मेदार लेते हैं।'

यह वीडियो अब वायरल हुआ है, जिसमें सिखों के प्रति ही नहीं, वरन अल्पसंख्यकों के प्रति भी राहुल का दृष्टिकोण तथा पार्टी की तत्सम्बन्धी गलतियों को लेकर उनकी स्वीकारोक्ति जाहिर हुई है। युवक ने आरोप लगाया कि 'आप भाजपा के नाम से सिखों को डरा रहे हैं जबकि आप कहते हैं कि राजनीति में निडरता होनी चाहिये। यदि ऐसा रहा तो पंजाब में भी भाजपा आ जायेगी। हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता चाहते हैं जो कांग्रेस के शासनकाल में नहीं थी।' उक्त युवक की बात में आनंदपुर साहिब प्रस्ताव, सिख दंगों के दोषी सज्जन कुमार आदि का भी उल्लेख था। उस युवक ने जब पूछा कि 'क्या अतीत में उनकी पार्टी में परिपक्वता का अभाव था', तो राहुल ने कहा कि 'अतीत में कांग्रेस द्वारा जो भी गलतियां हुई हैं, वे सभी की सहर्ष जिम्मेदारी लेते हैं।'

यह बात तो तय है कि इस वीडियो का राजनीतिक लाभ लेने की पूरी कोशिश भाजपा और उनका आईटी सेल करेगा, जिसकी शुरुआत भी हो चुकी है। इसे लेकर भाजपा-संघ किस प्रकार से हमलावर होते हैं और उनका बचाव कांग्रेस किस प्रकार से करेगी, यह तो आगे चलकर देखने की बात है; लेकिन इस बयान के बाद बतौर नेता राहुल नयी ऊंचाइयों को छूते दिख रहे हैं। आधुनिक प्रबन्धन भी कहता है कि असली नेता वह होता है, जो अपने संगठन की गलतियों, खामियों या नाकामियों को भी अपने सिर पर ले। यहां इस बात का स्मरण दिलाना समीचीन होगा कि 2019 का लोकसभा चुनाव हारने के बाद उन्होंने पार्टी अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दिया था। फर्क यह है कि तब वे कांग्रेस के बाकायदा अध्यक्ष थे जबकि सिखों के खिलाफ़ हुए दंगों के वक्त वे एक किशोर थे जो राजनीति में तब आये भी नहीं थे। फिर भी वे इसकी जिम्मेदारी स्वीकार कर उदाहरण तो पेश कर ही रहे हैं। अब देखना यह है कि इस मुद्दे पर हंगामा करने वाले कम से कम अपनी गलतियों को कब स्वीकारेंगे?

# जाति गणना पर संघ-भाजपा की पल्टी

आखिरकार, नरेंद्र मोदी की सरकार ने जाति जनगणना कराने का एलान कर दिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल के ताजातरीन फैसले के अनुसार, आने वाली आम जनगणना के साथ जाति गणना भी करायी जाएगी। लेकिन, यह आम जनगणना कब करायी जाएगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है। जनगणना सामान्य रूप से 2020-21 में होनी थी, लेकिन कोविड के नाम पर एक बार उसके टाले जाने का सिलसिला शुरू हुआ, तो अब तक उसका टाला जाना बदस्तूर जारी ही है और 2025 तक तो उसने थमने का नाम नहीं लिया है। बहरहाल, केंद्र सरकार के जाति जनगणना संबंधी निर्णय की घोषणा के कुछ ही बाद में, दक्षिण भारत से एक केंद्रीय राज्य मंत्री द्वारा मीडिया को दी गयी जानकारी के अनुसार, 2026 में जनगणना करायी जा सकती है।

याद रहे संसदीय व विधानसभाई सीटों के परिसीमन पर लगी 25 साल की रोक की मियाद भी 2026 में ही खत्म हो रही है और इस प्रकार, पहले जनगणना होगी और उसके बाद परिसीमन का काम आगे बढ़ाया जाएगा, जैसाकि परिसीमन पर रोक से संबंधित कानून का प्रावधान भी है। सभी जानते हैं कि दक्षिण भारत के राज्यों के लोकसभा में प्रतिनिधित्व के आनुपातिक रूप से घटने की आशंकाओं के मद्देनजर, लोकसभाई सीटों का परिसीमन पहले ही गंभीर रूप से विवादित हो चुका है, लेकिन हम यहां इस विवाद के विस्तार में नहीं जाएंगे। पर यहां हम यह जरूर ध्यान दिलाना चाहेंगे कि महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों के आरक्षण के कानून का पालन, आने वाले परिसीमन के साथ जुड़ा हुआ है, जो जनगणना के बाद होना है। यानी अगली जनगणना के साथ परिसीमन तथा महिला आरक्षण जुड़े होने के कारण, इस जनगणना का पहले ही विशेष महत्व था। बहरहाल, आजादी के बाद पहली जातिगत गणना के नाते, इस जनगणना का महत्व और भी ज्यादा हो जाएगा।

हैरानी की बात नहीं है कि अचानक नरेंद्र मोदी सरकार के जातिगत गणना कराने के फैसले से अनेक सवाल उठ खड़े हुए हैं। बेशक, कैबिनेट के उक्त निर्णय की घोषणा करते हुए, अश्विनी वैष्णव ने इस फैसले का भी आम तौर पर विपक्ष तथा खासतौर पर मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर हमले के हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने की कोशिश की। इस मुद्दे पर सत्ताधारी संघ-भाजपा के हमले का मुख्य स्वर तय करते हुए, वैष्णव ने दावा किया कि कांग्रेस शुरू से जातिगणना के खिलाफ रही है, कि जवाहरलाल नेहरू आरक्षण के खिलाफ थे, आदि, आदि। मकसद यह छवि बनाने का था कि संघ-भाजपा तो हमेशा से जातिगणना के पक्ष में थे। लेकिन, इस तरह की झूठी छवि निर्मित करने की कोशिशें तथा इसके लिए किए जाने वाले झूठे-सच्चे दावे अपनी जगह, यह सचाई किसी से छुपी हुई नहीं है कि पिछले आम चुनाव के समय तक, संघ-भाजपा की ओर से जातिगणना का बाकायदा विरोध किया जा रहा था।

यह संयोग ही नहीं है कि इस दौरान एक बार फिर से वाइरल हो गयी, चुनाव के दौर के ही एक मीडिया साक्षात्कार की क्लिप में प्रधानमंत्री मोदी, जाति गणना की खासतौर पर कांग्रेस की मांग को ''नक्सलवादी सोच'' का हिस्सा बताकर खारिज करते नजर आते हैं। 2024 के चुनाव प्रचार के दौरान ही पहले मुख्यमंत्री, आदित्यनाथ द्वारा दिया गया ''बंटेंगे तो कटेंगे'' का नारा और खुद प्रधानमंत्री द्वारा उसमें मामूली ''सुधार'' कर, इस नारे को ''एक हैं तो सेफ हैं'' में तब्दील किया जाना, जातिगणना की मांग को न सिर्फ ''विभाजनकारी'' करार देकर खारिज करता था बल्कि उसे विशेष रूप से हिंदुओं को बांटने का षडयंत्र बताकर, इस पूरे प्रश्न का सांप्रदायीकरण करने की भी कोशिश करता था।

स्वाभाविक रूप से यह सवाल पूछा जा रहा है कि जाति गणना के मुद्दे पर संघ-भाजपा की इस पल्टी या हृदय परिवर्तन की वजह क्या है? इस प्रश्न का एक तात्कालिक जवाब तो, इस फैसले की टाइमिंग को लेकर ही दिया जा रहा है। बहुतों को लगता है कि यह संयोग ही नहीं है कि यह फैसला, आम तौर पर पहलगाम के आतंकवादी हमले की पृष्ठभूमि में और



राजेन्द्र शर्मा

**यह संयोग ही नहीं है कि इस दौरान एक बार फिर से वाइरल हो गयी, चुनाव के दौर के ही एक मीडिया साक्षात्कार की क्लिप में प्रधानमंत्री मोदी, जाति गणना की खासतौर पर कांग्रेस की मांग को ''नक्सलवादी सोच'' का हिस्सा बताकर खारिज करते नजर आते हैं। 2024 के चुनाव प्रचार के दौरान ही पहले मुख्यमंत्री, आदित्यनाथ द्वारा दिया गया ''बंटेंगे तो कटेंगे'' का नारा और खुद प्रधानमंत्री द्वारा उसमें मामूली ''सुधार'' कर, इस नारे को ''एक हैं तो सेफ हैं'' में तब्दील किया जाना, जातिगणना की मांग को न सिर्फ ''विभाजनकारी'' करार देकर खारिज करता था बल्कि उसे विशेष रूप से हिंदुओं को बांटने का षडयंत्र बताकर, इस पूरे प्रश्न का सांप्रदायीकरण करने की भी कोशिश करता था।**

खासतौर पर तब आया है, जब आतंकवादियों को ''मिट्टी में मिला देने'' के बड़े बोलों के बावजूद, मोदी सरकार पाकिस्तान के खिलाफ कुछ कूटनीतिक आक्रामकता दिखाने वाले कदमों के खिलाफ, कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पायी थी। दूसरी ओर, एक हफ्ते से ज्यादा हो जाने के बावजूद, पहलगाम की विभीषिका रचने वालों की निशानदेही करने तथा उन्हें सजा देने के मामले में भी उसे कोई कामयाबी नहीं मिली थी।

उल्टे हताशा में कश्मीर में रक्षाबलों द्वारा उठाए गए दमनकारी कदमों ने, खासतौर पर कथित संदिग्ध आतंकवादियों के घर के बमों से उड़ाए जाने तथा नौजवानों की अंधाधुंध गिरफ्तारियों ने तथा रहस्यमय मौतों ने, पहलगाम में आतंकवादियों की दरिंदगी के खिलाफ कश्मीरी जनता के स्वत:स्फूर्त विरोध को धक्का देने का ही काम किया था। न सिर्फ उमर अब्दुल्ला की चुनी हुई राज्य सरकार के आग्रह पर, जिसे केंद्र शासित क्षेत्र होने के नाते, राज्य पुलिस तक सुरक्षा के समूचे तंत्र के मामले में रत्तीभर दखल हासिल नहीं है, कथित आतंकवादियों के घर बम से उड़ाना रोकना पड़ा है बल्कि बहुत बड़े पैमाने पर न सही, फिर भी आम कश्मीरियों को घाटी में सुरक्षा बलों की ज्यादतियों के खिलाफ, सड़कों पर भी उतरना पड़ा था।

इस समूची पृष्ठभूमि में अचानक आया जाति गणना का फैसला, मुश्किल सवालों और आलोचनात्मक स्वरों से, मोदी सरकार का और सबसे बढ़कर मोदी की छवि का बचाव करने की कोशिश नजर आता है। एक पूरी तरह से भिन्न मुद्दे को उछाल देने के जरिए ध्यान बंटाने की यह कोशिश इसलिए और भी जरूरी हो गयी है कि संघ-भाजपा के सारे प्रचार के बावजूद, सारी रोकथाम के बावजूद निकल कर आ रहे तथ्यों से यह आम धारणा ज्यादा से ज्यादा पुख्ता होती जा रही है कि पहलगाम की 26 मौतों के पीछे, एक बड़ी सुरक्षा चूक थी। ताजातरीन खबरों के अनुसार, पहलगाम की घटना से पहले सुरक्षा तंत्र के पास इसकी खुफिया जानकारी पहुंच चुकी थी कि इस बार आतंकवादी, पर्यटकों को निशाना बना सकते थे। इसी खुफिया जानकारी के आधार पर, श्रीनगर के आस-पास के इलाकों में पर्यटकों के होटलों को केंद्र बनाकर, आतंकवादी तत्वों की खोज, छानबीन के लिए छापेमारी वगैरह भी की गयी थी। लेकिन, इस कार्रवाई में कुछ हासिल नहीं हुआ। और जिस रोज, करीब पंद्रह दिन की यह छापामारी खत्म की गयी, उसी रोज पहलगाम में आतंकवादियों ने हमला कर दिया। उससे पहले बैसरन घाटी से किसी भी प्रकार की सुरक्षा बलों की उपस्थिति हटायी जा चुकी थी। इस गंभीर विफलता ने, मोदी सरकार के आतंकवाद की कमर तोड़ देने, आतंकवाद के अंतिम सांसें ले रहे होने आदि के दावों की जिस तरह धज्जियां उड़ा दी हैं, किसी नाटकीय सैन्य कार्रवाई के अभाव में उसकी चोट को, कोई अन्य नाटकीय कदम ही सहनीय बना सकता था। जाति गणना की घोषणा बखूबी यह भूमिका निभा सकती है।

पहलगाम की विभीषिका की पृष्ठभूमि से जरा सा पीछे जाकर देखें तो, जाति गणना की घोषणा वक्फ संशोधन कानून की पृष्ठभूमि में दिखाई देती है। यह तो किसी से छुपा हुआ नहीं है कि वक्फ कानून के पीछे मोदी सरकार और सत्ताधारी संघ-भाजपा के किस तरह के मुस्लिम-विरोधी मंतव्य रहे हैं। वास्तव में उनके निशाने पर तमाम अल्पसंख्यक हैं और यह तब साफ हो गया जब वक्फ कानून बनने के फौरन बाद, आरएसएस के मुखपत्र आर्गनाइजर के वैब संस्करण में एक लेख प्रकाशित किया गया कि 'वक्फ से भी ज्यादा संपत्तियां ईसाई चर्चों के पास हैं।' बेशक, ज्यादा शोर मचने पर इस लेख को हटा लिया गया, लेकिन संघ-भाजपा की मंशा साफ हो गयी कि उनके राज की मंशा, अल्पसंख्यकों के हाथों से उनकी संपत्तियों को छीनने की है। इसी सब की पृष्ठभूमि में नये वक्फ कानून का जनता के स्तर पर और राजनीतिक स्तर पर भी व्यापक पैमाने पर विरोध हो रहा था। इस विरोध को दबाने के लिए संघ-भाजपा ने मुद्दे के सांप्रदायीकरण के हथियार का सहारा लेने की कोशिश की, लेकिन उन्हें ज्यादा सफलता नहीं मिली। मुस्लिम समुदाय के विरोध प्रदर्शन भी आम तौर पर कानून के दायरे में ही बने रहे। इसी बीच, नये वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट की आरंभिक प्रतिक्रिया ने और खासतौर पर अदालत के विशेष रूप से समस्यापूर्ण तथा मनमाने संशोधनों पर व्यवहार में रोक लगाए जाने ने, इस अन्यायपूर्ण कानून के विरोध को एक नया बल प्रदान कर दिया। संघ-भाजपा सरकार की इस विफलता की ओर से ध्यान बंटाने के लिए भी, जाति गणना का दांव चला गया है।

लेकिन, इस सबसे भी ज्यादा महत्वपूर्ण है, जाति गणना के तर्क की अपनी ताकत। 2024 के आम चुनाव में, जब इंडिया गठबंधन के रूप में विपक्ष द्वारा जोर-शोर से जाति गणना की मांग उठायी जा रही थी, संघ-भाजपा ने इस मांग के खिलाफ अपनी सारी ताकत झोंककर देख लिया था। प्रधानमंत्री ने तो बाकायदा एक संघमार्का सिद्घांत भी गढ़ने की कोशिश की थी; वह तो चार जातियां ही मानते हैं-किसान, युवा, महिला, गरीब। लेकिन, चुनाव के नतीजे आए तो चार सौ पार के सपने देख रही मोदीशाही दो सौ चालीस के आंकड़े पर ही सिकुड़ कर रह गयी। बेशक, उसके बाद से हरियाणा, महाराष्ट्र तथा दिल्ली के विधानसभाई चुनावों में अपनी जीत के सहारे संघ-भाजपा ने यह छवि बनाने की कोशिश की है कि 2024 के आम चुनाव का धक्का, एक संयोग थी बल्कि गलती थी, जिसे जनता तेजी से सुधार भी रही है, आदि। फिर भी संघ-भाजपा के रणनीतिकार बखूबी यह समझते हैं कि जाति गणना का और आम तौर पर सामाजिक न्याय का मुद्दा, उनके सत्ता के रथ को आसानी से पलट सकता है। सबसे बढ़कर इसी के डर से, जाति गणना के मुद्दे पर यह बड़ी पल्टी खायी गयी है।

लेकिन, यह एक कार्यनीतिक पल्टी है, जिसके पीछे कोई सच्चा हृदय-परिवर्तन नहीं है। इसलिए, जाति जनगणना की घोषणा कर के सुर्खियां तो बटोर ली गयी हैं, लेकिन वास्तव में इसके लागू किए जाने को लेकर अब भी कई संदेह बने हुए हैं। अव्वल तो अभी तक जनगणना की ही समय सूची तय नहीं है। हैरानी की बात नहीं है कि जनगणना के साथ जाति जनगणना होने को, जनगणना के ही 2026 से भी आगे खिसकाए जाने का बहाना बना लिया जाए। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि जाति गणना, अपने आप में कोई साध्य तो है नहीं। यह तो साधन है, सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाने का। मोदी सरकार की असली परीक्षा तब होगी, जब जनगणना से निकलने वाले नतीजों के अनुरूप, आरक्षण की सीमा में बढ़ोतरी समेत, सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने के सकारात्मक कदम उठाए जाने का सवाल आएगा। जाति की गिनती मात्र से आगे, सामाजिक न्याय के इस रास्ते पर संघ-भाजपा के मनुस्मृतिवाद का घोड़ा अड़कर खड़ा नहीं हो हो जाए, तो ही अचरज की बात होगी।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# पाकिस्तान को एफएटीएफ ग्रे लिस्ट में वापस लाने की भारतीय रणनीति

**■ के रवींद्रन**

भारत पाकिस्तान के खिलाफ अपने कूटनीतिक हमले को तेज कर रहा है,और अब वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में इस्लामाबाद को फिर से सूचीबद्ध कराने के लिए प्रयास कर रहा है। ट्रम्प के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन से समर्थन की असामान्य रूप से मजबूत अभिव्यक्ति द्वारा समर्थित यह नया प्रयास, सीमा पार आतंकवाद में अपनी निरंतर मिलीभगत के लिए पाकिस्तान को जवाबदेह ठहराने के लिए नयी दिल्ली द्वारा एक रणनीतिक कदम में तेजी को दर्शाता है।

एफएटीएफग्रे लिस्ट- जिसे औपचारिक रूप से बढ़ी हुई निगरानी के तहत क्षेत्राधिकार के रूप में जाना जाता है- में पहले 2018 से 2022 तक पाकिस्तान शामिल था, जिससे देश को मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी वित्तपोषण चैनलों पर गहन जांच के अधीन किया गया था। उस चार साल की अवधि में इस्लामाबाद ने अंतरराष्ट्रीय दबाव के तहत वित्तीय सुधारों को लागू करने के लिए संघर्ष किया, और इसने विदेशी निवेश, ऋण और विकास सहायता तक पाकिस्तान की पहुंच को काफी हद तक बाधित किया।

2022 में डीलिस्टिंग इस दक्षिण एशियाई राष्ट्र के लिए एक कूटनीतिक और आर्थिक सफलता थी, जिसने पाकिस्तान की पहले से ही लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को जीवन रेखा प्रदान की और वैश्विक वित्तीय संस्थानों के साथ नये सिरे से जुड़ाव को सक्षम किया। भारत अब उस लाभ को उलटने के लिए दृढ़ संकल्पित है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को एफएटीएफ के निशाने पर वापस लाने का प्रयास तेज़ हो गया। हालांकि इस्लामाबाद ने किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है, लेकिन भारतीय अधिकारियों ने एफएटीएफ के प्रमुख सदस्य देशों को नयी खुफिया जानकारी दी है, जिसमें वित्तीय बहाव का विवरण शामिल है जो कथित तौर पर हमले के अपराधियों को पाकिस्तान स्थित फंड प्रदाता संस्थानों से जोड़ता है।

**एफएटीएफग्रे लिस्ट- जिसे औपचारिक रूप से बढ़ी हुई निगरानी के तहत क्षेत्राधिकार के रूप में जाना जाता है- में पहले 2018 से 2022 तक पाकिस्तान शामिल था, जिससे देश को मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी वित्तपोषण चैनलों पर गहन जांच के अधीन किया गया था। उस चार साल की अवधि में इस्लामाबाद ने अंतरराष्ट्रीय दबाव के तहत वित्तीय सुधारों को लागू करने के लिए संघर्ष किया, और इसने विदेशी निवेश, ऋण और विकास सहायता तक पाकिस्तान की पहुंच को काफी हद तक बाधित किया।**

भारतीय विदेश मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, डोजियर में सैटेलाइट इमेजरी, इंटरसेप्ट किये गये संचार और लेन-देन रिकॉर्ड शामिल हैं जो जम्मू और कश्मीर में चरमपंथी गतिविधियों से जुड़े धन के सीमा पार प्रवाह का संकेत देते हैं। उद्देश्य स्पष्ट है-यह प्रदर्शित करना कि पाकिस्तान आतंकवाद वित्तपोषण के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में विफल रहा है, और इस प्रकार एफएटीएफ की बढ़ी हुई निगरानी व्यवस्था में पाकिस्तान की वापसी को उचित ठहराया जा सकता है।

नये भू-राजनीतिक गठबंधनों के कारण इस प्रयास में तेजी आने की संभावना है। दक्षिण एशिया पर हाल ही में अमेरिका की अस्पष्टता से उल्लेखनीय रूप से हटकर, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहलगाम की घटना के बाद भारत के 'सभी रूपों में आतंकवाद के खिलाफ खुद का बचाव करने' के अधिकार का सार्वजनिक रूप से समर्थन किया है।

पेरिस में एफएटीएफ मुख्यालय में भारत की वर्तमान पैरवी कथित तौर पर फ्रांस, जर्मनी और संयुक्त राज्य अमेरिका के समन्वय में की जा रही है- वे देश जिन्होंने पहले पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद वित्तपोषण सुधारों के आधे-अधूरे कार्यान्वयन पर निराशा व्यक्त की थी। कहा जाता है कि भारतीय राजनयिक यह मामला बना रहे हैं कि पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद वित्तपोषण गतिविधियों को सक्षम करने या अनदेखा करने की स्पष्ट पुनरावृत्ति न केवल एक क्षेत्रीय खतरा है, बल्कि एक वैश्विक खतरा भी है, विशेष रूप से अफगानिस्तान में तालिबान के पुनरुत्थान और व्यापक मध्य पूर्व में बढ़ती अस्थिरता पर चिंताओं के मद्देनजर। एफएटीएफ की अगली पूर्ण बैठक जून में होने वाली है और सूत्रों का कहना है कि भारत इस समयसीमा में ही काम कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पाकिस्तान की अनुपालन स्थिति के मुद्दे को एजेंडे में सबसे ऊपर रखा जाये।

यह रणनीति पाकिस्तान के लिए विशेष रूप से कमज़ोर समय पर आयी है, जिसकी अर्थव्यवस्था मुद्रास्फीति, मुद्रा अवमूल्यन और घटते विदेशी भंडार के बोझ तले दबी हुई है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ देश की मौजूदा व्यवस्था 2025 के मध्य में समाप्त हो रही है, और नये बचाव कोष के लिए बातचीत कठिन होने की उम्मीद है। एफएटीएफ की ग्रे सूची में पाकिस्तान को फिर से शामिल करने का कोई भी कदम इन वार्ताओं को गंभीर रूप से जटिल बना देगा, जिसके परिणामस्वरूप ऋण की शर्तें सख्त हो सकती हैं या वितरण में देरी हो सकती है। इसके अलावा, अपर्याप्त धन शोधन नियंत्रण वाले क्षेत्राधिकार के रूप में टैग किये जाने से प्रतिष्ठा को होने वाला नुकसान निजी निवेशकों को हतोत्साहित करेगा और ऐसे समय में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को और ठंडा कर देगा जब इस्लामाबाद पूंजी आकर्षित करने के लिए बेताब है। इसके निहितार्थ केवल वित्तीय ही नहीं हैं। इस तरह के कदम से देश में राजनीतिक अस्थिरता भी बढ़ सकती है, जो पहले से ही तीव्र घरेलू उथल-पुथल और चल रहे नागरिक-सैन्य तनावों से जूझ रहा है।

इस्लामाबाद जोर देकर कहता है कि उसने अपनी पिछली ग्रे लिस्टिंग के दौरान एफएटीएफ द्वारा अनिवार्य सभी 34 कार्रवाई मदों का पूरी तरह से पालन किया है और मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी वित्तपोषण से निपटने के लिए एक मजबूत ढांचा बनाये रखना जारी रखा है। पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारत पर 'संकीर्ण भू-राजनीतिक एजंडे' को आगे बढ़ाने के लिए बहुपक्षीय प्लेटफार्मों का फायदा उठाने का भी आरोप लगाया है और चेतावनी दी है कि इस तरह की कार्रवाइयों से क्षेत्रीय तनाव बढ़ सकता है। फिर भी, कूटनीतिक वास्तविकता यह है कि पाकिस्तान की विश्वसनीयता पिछली कई तिमाहियों से अस्थिर बनी हुई है, खासकर पिछले उदाहरणों के बाद जब यह पाया गया कि यह प्रमुख सुधारों को लागू करने में अपने पैर खींच रहा है या अपनी धरती पर सक्रिय संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकवादियों पर मुकदमा चलाने में विफल रहा है।

जैसे-जैसे एफएटीएफ अपने मध्य-वर्ष सत्र की तैयारी कर रहा है, दांव बढ़ते जा रहे हैं। भले ही कुछ सदस्य देश एक तकनीकी निकाय के राजनीतिकरण से सावधान हों, लेकिन 2018 का उदाहरण—जब भारत ने आतंकवाद के वित्तपोषण पर चिंताओं के बीच पाकिस्तान को ग्रे लिस्टिंग में डालने के लिए सफलतापूर्वक पैरवी की थी—यह बताता है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति और कूटनीतिक समन्वय तकनीकी अस्पष्टता पर भारी पड़ सकते हैं। भारत की अर्थव्यवस्था में उछाल और वैश्विक प्रभाव बढ़ने के साथ, यह आज खुद को बहुपक्षीय मंचों को प्रभावित करने के लिए सात साल पहले की तुलना में अधिक मजबूत स्थिति में पाता है। इसके अलावा, इजरायल-गाजा युद्ध, यूक्रेन संघर्ष और अफ्रीका और एशिया में फिर से उभर रही जिहादी गतिविधि से आकार लेने वाले वैश्विक सुरक्षा वातावरण ने आतंकवाद को फिर से अंतरराष्ट्रीय चिंता के केंद्र में ला दिया है, जिससे भारत के तर्कों के लिए ग्रहणशीलता का माहौल बन रहा है।

पाकिस्तान की वित्तीय विश्वसनीयता को निशाना बनाकर, भारत केवल एक आतंकी हमले का जवाब नहीं दे रहा है—यह दक्षिण एशिया में रणनीतिक संतुलन को नया आकार देने की कोशिश कर रहा है। साथ ही, भारत की कार्रवाइयां अन्य शत्रुओं और क्षेत्रीय खिलाड़ियों को यह संकेत देती हैं कि वह अपनी सीमाओं के पार से होने वाले आतंकवादी कृत्यों के लिए बहुआयामी प्रतिक्रिया देगा - जिसमें आर्थिक और कूटनीतिक साधन भी शामिल होंगे।



## ललित सुरजन की कलम से

# मोदी यूँ ही चुप नहीं हैं

*'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी या अनिर्णय को समझने के लिए हमें शायद उन दिनों को ध्यान में रखना चाहिए जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे। अपने बारह साल के कार्यकाल में नरेंद्र मोदी ने कब किसकी बात मानी? क्या यह याद दिलाने की आवश्यकता है कि उन्होंने अपने प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा राजधर्म का पालन करने की सीख को भी एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल दिया था? क्या यह आईने की तरह साफ नहीं है कि नरेंद्र मोदी ने जनमत की कभी परवाह नहीं की? श्री मोदी की आलोचना चाहे निजी जीवन को लेकर की गई हो, चाहे मुख्यमंत्री के रूप में लिए गए निर्णयों पर, उन्होंने हर अवसर पर मौन रहना ही श्रेयस्कर समझा है। आज प्रधानमंत्री के रूप में भी संभवत- वे इस पुराने आजमाए गए नुस्खे का ही इस्तेमाल कर रहे हैं। देशव्यापी पैमाने पर नुस्खा कितना कारगर हो पाता है, यह कहना कठिन है, किंतु आज की सोच शायद यही है कि जो चिल्ला रहे हैं उन्हें चिल्लाने दो, एक दिन थककर सब अपने आप चुप हो जाएंगे। श्री मोदी को शायद यह विश्वास भी है कि वे जिस शीर्ष पर हैं, वहां उनके सामने कोई चुनौती, कोई खतरा नहीं है।'*

**(देशबन्धु में 02 जुलाई 2015 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/07/blog-post.html

## आपके पत्र

# बेलगाम होते ओटीटी प्लेटफार्म पर लगाम जरूरी

अभी कुछ दिन पहले ही समय रैना के इंडिया गॉट टैलेंट का मामला शांत भी नहीं हुआ था कि एक बेहद घटिया यूट्यूबर एजाज खान ने अपने शो हाउस अरेस्ट में मर्यादाओं की सारी हदें पार कर दी। क्या ऑनलाइन शो में कपड़े उतारने को कहना और उस पर प्रतिभागियों द्वारा ताली बजाना दूषित मानसिकता का परिचय नहीं है? क्या हम इसे ही आधुनिकता कहेंगे? अगर इसे हम नारी सशक्तिकरण कहते हैं तो धिक्कार है ऐसी सोच को। आज कल ऐसे अप्लिकेशन की भरमार है जैसे अल्ट बालाजी, उल्लू और कूकू जिनके द्वारा भर-भर के अश्लीलता का कंटेन्ट परोसा जा रहा है और इन पर लगाम लगाने की जगह दिन प्रतिदिन की बढ़ोतरी होती जा रही है। बीते कुछ वर्षों में भारत सरकार ने कुछ गाइड लाइंस जारी की थी, कुछ एप्स को प्रतिबंधित भी किया था परंतु न जाने कैसे इन पर नजर नहीं गई। स्टेटिस्टा के अनुसार, भारत पॉर्न देखने के मामले मे अमेरिका और ब्रिटेन के बाद तीसरे नंबर पर है और आज भारत में पॉर्न इंडस्ट्री 9.3 प्रतिशत के दर से वृद्धि कर रहा है। यह भारत को सांस्कृतिक पतन की तरफ ले जा रहा है। आज इस इंडस्ट्री का कुल कारोबार 13400 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। अब आवश्यकता इस बात की है कि आखिर क्या कारण है कि ऐसे कंटेन्ट उपलब्ध कराने वालों का मनोबल बढ़ता जा रहा है और इन पर नियंत्रण की जगह प्रोत्साहन मिल रहा है तो इसका जवाब यह होगा कि हमारे द्वारा खुद ऐसे कंटेन्ट की मांग की जा रही है, सोशल मीडिया जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम के माध्यम से सॉफ्ट पॉर्न परोसा जा रहा है और यह पता ही नहीं चला कि हम कब अश्लीलता और मर्यादा के बीच सीमा लांघ गए? जरूरत है इस महामारी पर नियंत्रण लगाया जाए ताकि हमारी सभ्यता और संस्कृति बनी रहे। हमें आधुनिकता की परिभाषा बदलनी पड़ेगी। आज ऐसे कंटेन्ट देश में बढ़ते हुए रैप और दरिंदगी के कारण हैं, इसके चलते परिवार में विखंडन हो रहे हैं। रिश्तों में दरार आ रही है, इन जैसे इंफ्लुएंसर्स पर नियंत्रण और इनका बहिष्कार करना केवल सरकारों का ही काम नहीं है बल्कि इसके लिए पूरे सभ्य समाज को, शिक्षण संस्थानों, मीडिया जगत इत्यादि को बढ़-चढ़ कर आगे आना होगा। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी समय-समय पर इस तरफ सरकार को ध्यान देने के साथ ही कड़े नियमन की बात कही है। अगर इस पर कोर्ट कोई निर्णय देती है तो यह न्यायिक सक्रियता का मामला बन जाएगा और विधायिका में हस्तक्षेप माना जाएगा लेकिन किसी न किसी को तो आगे आना ही होगा अन्यथा बहुत देर हों जाएगी। आश्चर्यजनक बात तो यह है कि 'ओवर द टॉप' यानी ओटीटी पर कोई नियंत्रण नहीं है और इसका सीधा प्रभाव हमारे मनोमस्तिष्क पर पड़ रहा है और यह हमारे सोचने-समझने की क्षमता को भी कुंद कर रहा है। अब समय आ गया है कि फिल्मों की तरह वेब सीरिज और ऐडल्ट कंटेन्ट के लिए भी एक जिम्मेदार सेन्सर बोर्ड बनाया जाए साथ ही विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी उम्र संबंधी गाइड लाइंस और अपने सामग्रियों पर नियंत्रण रखे। इनकी भी जिम्मेदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए और दंड के भी कठोर प्रावधान किए जाने की जरूरत है। विभिन्न टीवी चैनल्स की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे इन गंदे कंटेन्ट के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाये और अभिभावकों की भी यह जिम्मेदारी है कि उनके बच्चे मोबाईल में क्या देखते हैं उस पर भी निगरानी रखे।

**मंगल सिंह, शोधार्थी बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर वि.वि., लखनऊ**

## पावन प्रसंग

# अंतर्मुखी व्यक्तित्व

अंतर्मुखी होने का तात्पर्य है- अपने विचार और भाव की अंतर्यात्रा की ओर अग्रसर करना। इससे ऊर्जा का बिखराव नहीं होता इसलिए अंर्तमुखता का विकास जीवन का परम आदर्श माना गया है। जो उस अवस्था का स्पर्श कर लेना है, उसका व्यक्तित्व समता और सहजता का प्रतीक बन जाता है। वह परिस्थितियों के उतार-चढ़ाव से बहुत कम प्रभावित होता है। ससार में संयोग और वियोग अनुकूलता और प्रतिकूलता का चक्र निरंतर चलता रहता है। संत कबीर ने लिखा है-

चलती चक्की देखि के, दिया कबीरा रोय।
दो पाटन के बीच में, साबुत बचा न कोय।।

यहां दो पाटों का अर्थ सुख-दुख, हर्ष-शोक व लंयाग-वियोग की घटनाओं का संकेत है। जीवन के क्षितिज पर विविध प्रकार के रंग बनते और मिटते रहते हैं। हर व्यक्ति को उनका अनुभव करना होता है। यह एक जटिल समस्या है,जिससे विशिष्ट ज्ञानी व्यक्ति भी विचलित हो जाते हैं। संत कबीर ने इस समस्या का समाधान प्रस्तुत करते हुए दूसरे पद में कहा है- अनाज के दो दाने चक्की की कीली से संबद्ध और संयुक्त होते हैं, वे परिस्थितियों रूपी पाटों के प्रभाव से आहत नहीं होते हैं तथा स्वयं को सुरक्षित रखने में सफल हो सकते हैं। जिनका अध्यात्म की धुरी पर केंद्रित होता है-वे उनकी भाषा में दो चक्की की कीलियों से लगे हुए अनाज के दानों के समान है। नैतिक आदर्शों का अनुसरंण करने के लिए जीवन में आध्यात्मिक भूमिका का विकास जरूरी है। आध्यात्मिकता मां है, नैतिकता पुत्री है- दोनों का घनिष्ठ संबंध है। आध्यात्मिकता अंर्तमुखता तथा संत कबीर की भाषा में कीलों से जुड़ना तीनों का तात्पर्य एक ही है। भाषा विज्ञान में दो शब्द आते हैं-उत्कर्ष और अपकर्ष। अंर्तमुखता शब्द का प्रयोग जीवन में स्पष्ट भूमिका के लिए जरूरी है, क्योंकि मानव विज्ञान की अवधारणा और परिभाषा के कारण आज उसका अपकर्ष हो रहा है। वर्तमान समय में जो भीरू, पलायनवादी और आत्मकेंद्रित होता है, उसे अंतर्मुखी कहा जाता है। कुछ लोगों के अनुसार यह एक विशेष विशेष प्रकार की मानस व्याधि का रूप है, जिसे व्यक्तित्व का अशुद्ध और खंडित स्वरूप समझा जाता है।

अनेक व्यक्ति समाज में समय-समय पर मिल जाते हैं, जो कई प्रकार के मनोरोगों से ग्रसित हैं। वे अपने कर्तव्य और दायित्व के प्रति बिलकुल उदासीन होते हैं तथा परिवार और समाज के लिए भार बन जाते हैं। कई लोग आज उन्हें अंतर्मुखी मानते हैं,परंतु जीवनदर्शन में अंर्तमुखता के विकास पर जो बल दिया गया है, उसका तात्पर्य आधुनिक परिभाषा और व्याख्या से बिल्कुल भिन्न है। इसके अनुसार जहां वृत्ति और सामुदायिक चेतना का विकास होता है, वह अंतर्मुखी है।

कर्तव्यनिष्ठ अध्यात्म और व्यवहार का गहरा संबंध है। सच्चा अंतर्मुखी वह है जिसके व्यावहारिक जीवन में आध्यात्मिक आदर्शों का प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। वह अपने कर्तव्य और दायित्व के प्रति सतत जागरुक होता है।

**-अखंड ज्योति**

# रिवंझा में भागवत कथा में शामिल हुए : मुख्यमंत्री

## कथावाचक डॉ. अनिरूद्धाचार्य महाराज ने की मुख्यमंत्री कार्यशैली की तारीफ

**जबलपुर,देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज सोमवार को मझौली के समीप स्थित ग्राम रिवंझा पहुँचे तथा यहाँ श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा में शामिल हुये। श्रीमद भागवत कथा का आयोजन गौरी गोपाल आश्रम, वृंदावन के संस्थापक एवं प्रख्यात कथावाचक डॉ अनिरुद्धाचार्य जी महाराज द्वारा किया गया है। ज्ञात हो रिवंझा अनिरुद्धाचार्य जी का पैतृक ग्राम है और उनका बचपन यही व्यतीत हुआ था।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने आयोजन स्थल पर पहुँचकर अनिरुद्धाचार्य जी महाराज से भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने व्यासपीठ को भी नमन किया तथा प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज ने मुख्यमंत्री डॉ यादव का वंशी, श्रीमद्भागवत गीता एवं पट्टा भेंट कर स्वागत किया। अनिरुद्धाचार्य जी ने मुख्यमंत्री डॉ यादव की कार्यशैली, लोकहित में उनके किये जा रहे कार्यों की सराहना की।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने संबोधन में श्रीमद भागवत कथा श्रवण करने के मिले अवसर को श्रद्धालुओं के लिये सौभाग्यशाली बताया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की यह कथा भक्तों के रोम रोम को आनंद प्रदान करने वाली है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में वेद वाक्य यत् पिंडे तत् ब्रह्माण्डे की व्याख्या भी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र



मोदी के नेतृत्व में दुनिया आज भारतीय संस्कृति को देखना, समझना और अंगीकृत करना चाहती है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण कंस का वध करने के बाद शिक्षा प्राप्त करने उज्जैन आए थे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि धार के समीप स्थित अमझरा में भगवान श्री कृष्ण ने युद्ध किया और जानापाव में उन्हें भगवान परशुराम ने सुदर्शन चक्र दिया था। उन्होंने कहा कि कृष्ण और सुदामा की मित्रता आज भी प्रासंगिक है। यह सभी को अमीर और गरीब के भेद से मुक्त होकर संबंध निभाने की सीख प्रदान करती है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा उज्जैन ओंकारेश्वर, महेश्वर, मैहर एवं ओरछा सहित उन्नीस धार्मिक नगरों में शराब की दुकानों को बंद कराया गया है। इसके साथ ही खुले में मांस विक्रय को भी प्रतिबंधित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिसके घर गाय होती है उसे गोपाल कहते हैं और जिसके घर में गाय का कुल होता है उसे गोकुल कहते हैं। इसलिए प्रदेश में गौपालन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। 25 से अधिक गाय पालने वालों को अनुदान दिया जा रहा है। डॉ. यादव ने बताया कि दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश अभी तीसरे स्थान पर है और संपूर्ण देश का 9 प्रतिशत दूध मध्यप्रदेश में उत्पादित होता है। राज्य सरकार ने इसे 20 प्रतिशत तक बढाने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में मां नर्मदा के संपूर्ण परिक्रमा पथ को सर्वसुविधा युक्त बनाने का प्रबंध भी किया जा रहा है और जगह-जगह आश्रय स्थल बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को संस्कारों की शिक्षा देने देवी-देवताओं के प्रसंगों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

कथावाचक श्री अनिरुद्धाचार्य ने अपने आशीर्वचनों में कहा कि भगवान श्री कृष्ण भी यदुवंशी थे और मुख्यमंत्री डॉ यादव भी यदुवंशी हैं। दोनों का गौ माता से हजारों वर्षों पहले का संबंध है। अनिरूद्धाचार्य जी महाराज ने मुख्यमंत्री के समक्ष बच्चों को शिक्षा और संस्कार प्रदान करने ग्राम रिवंझा में विद्यालय बनाने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ यादव से वृंदावन स्थित गौरी गोपाल आश्रम आने तथा इस संस्था द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों का अवलोकन करने का आग्रह भी किया।

श्रीमद भागवत कथा के इस कार्यक्रम में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, सांसद आशीष दुबे, विधायक पाटन अजय विश्नोई, विधायक बरगी नीरज सिंह, विधायक सिहोरा संतोष वरकडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, भाजपा के जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## श्रमिक दिवस के अवसर पर सीनियर सिटिज़न ने बांटे उपहार

**जबलपुर,देशबन्धु।** अनेक वर्षों से हर सोमवार को सैम सीनियर सिटिज़न क्लब के सदस्यों को पाँच बजते ही मीठी आवाज़ आवाज आती थी, चाय आ गई। हर सोमवार 3 बजे साउथ एवेन्यू माल के हाल में कुर्सी टेबल सजा देते थे, लेकिन 5 मई वाले सोमवार का नज़ारा ही दूसरा था। 1 मई को मज़दूर दिवस के उपलक्ष में क्लब के सदस्यों ने इन कर्मचारियों को अपने साथ कुर्सी पर बिठाला और चाय पिलाई, एवं नगद और गिफ्ट देकर सम्मानित किया। आज का कार्यक्रम क्लब के सदस्य स्वर्गीय सदस्य रमेश पुरुषवानि एवं स्वर्गीय श्रीमति मंजू शर्मा की स्मृति में करने की घोषणा की। क्लब संयोजक जादूगर एस के निगम, विंग कमांडर चंदन शर्मा, प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, जसप्रीत कौर चोपड़ा, रमेश पंडित, निर्मला श्रीवास्तव, एल एस चौहान आदि ने सम्मानित किया। इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य प्रमोद जैन का 76वां जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में लक्ष्मी कटारिया ,प्रभा रायुडू , आई के अग्रवाल, डॉक्टर टी टी लेआओ, रजनी चौहान, सरला, विनीता जैसवाल, दिगंबर नाथ, आदि उपस्थित थे।

## मदन महल में हुआ ताइक्वांडो, जु-जित्सु मार्शल आर्ट खेल प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ



**जबलपुर,देशबन्धु।** मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ऑफ इंडिया के संस्थापक अंतर्राष्ट्रीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षक राजकुमार यादव ने बताया कि मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ऑफ इंडिया, जिला जुजित्सु संघ जबलपुर एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग जबलपुर संयुक्त तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन मार्शल आर्ट खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 4 मई से 15 जून तक आयोजित किया गया। ग्रीष्मकालीन मार्शल आर्ट खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा रॉक फोर्ड सोफ्टसोल परिसर महानद्दा मदन महल जबलपुर में किया गया। शुभारंभ अवसर पर उत्कर्ष गुप्ता, संचालक रॉक फोर्ड सोफ्टसोल कम्प्यूटर एकेडमी जबलपुर, गुडडू नबी प्रतिनिधि उपनेता प्रतिपक्ष नगर निगम जबलपुर, अंकित श्रीवास्तव चीफ एडिटर न्यूज स्टार चैनल, आदित्य तिवारी प्रदेश अध्यक्ष भारतीय हिन्दू सेना, राहुल देब (यूटयूबर डियर जबलपुर से नाम से प्रख्यात) मंचासीन रहे। मंचासीन अतिथियों का स्वागत संस्था संस्थापक अंतर्राष्ट्रीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षक राजकुमार यादव, जिला जुजित्सु संघ जबलपुर वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश यादव, उपाध्यक्ष विजय पांडे, महासचिव जयराज चौधरी, प्रशिक्षिका शिवानी बेन, मोहित यादव, हर्ष यादव ने फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। मंचासीन अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ऑफ इंडिया विगत कई वर्षों से संस्कारधानी जबलपुर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में मार्शल आर्ट खेल ताइक्वांडो, जु-जित्सु खेल का प्रशिक्षण प्रदान कर खिलाड़ियों को आत्मरक्षा के गुण सिखाकर आत्मनिर्भर बना रहे हैं।

# अधीक्षण अभियंता स्वीकृत कर सकेंगे तत्काल आर्थिक सहायता

## हादसों में घायल श्रमिक को आर्थिक सहायता प्रदान करने का मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि बिजली कार्मिकों के साथ होने वाली अप्रत्याशित दुर्घटनाओं में घायल कार्मिकों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान है, किन्तु अनेक कारणों के चलते इसमें विलंब हो जाता है। इसे देखते हुए कंपनी प्रबंधन ने एक आदेश में कहा है कि अब तत्काल आर्थिक सहायता अधीक्षण अभियंता स्वीकृत कर सकेंगे।

पूर्व क्षेत्र कंपनी के मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग के द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कंपनी में नियमित, संविदा एवं बाह्यस्त्रोत एजेंसी के माध्यम से नियोजित कार्मिकों के साथ कार्य के दौरान घटित घातक अथवा अघातक या मारपीट की घटनाओं से गंभीर रूप से घायल होने पर पीडित कार्मिकों को अधिकतम राशि 10,000 रुपये तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने का आदेश जारी किया गया है तथा क्षेत्रीय मुख्य अभियंता की अनुशंसा के आधार पर इस कार्यालय द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा रही है।

क्षेत्रीय मुख्य अभियंता कार्यालयों से प्राप्त प्रकरणों के अवलोकन में पाया गया है कि प्रकरण अत्यंत विलम्ब से प्राप्त होते हैं एवं उनके साथ दस्तावेज अपूर्ण, अस्पष्ट एवं अपर्याप्त होते हैं, जिसके कारण से पीडित कार्मिकों को तत्काल आर्थिक सहायता प्राप्त नहीं हो पाती है। उपरोक्त के दृष्टिगत पीडित कार्मिकों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने के उद्देश्य से संबंधित अधीक्षण अभियंता को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करने की शक्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

संबंधित अधीक्षण अभियंता प्रकरण का भलीभांति परीक्षण कर तथा आवश्यकता को ध्यान में रखकर घटना घटित होने के 48 घण्टे के अंदर आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कर कार्मिक के खाते में भुगतान करावेंगे।

# एमपी बोर्ड छात्रों का इंतजार खत्म, आज जारी होगा 10वीं-12वीं परीक्षा का रिजल्ट

**जबलपुर,देशबन्धु।** भोपाल मध्य प्रदेश के बोर्ड छात्रों का इंतजार खत्म हो गया है। एमपी बोर्ड 10वीं-12वीं की परीक्षा का रिजल्ट 6 मई को जारी किया जाएगा। मंगलवार की शाम को मुख्यमंत्री निवास से परिणाम घोषित किया जाएगा।

एमपी बोर्ड की कक्षा 10वीं की परीक्षा 27 फरवरी से 21 मार्च 2025 के बीच आयोजित की गई थी। जबकि कक्षा 12वीं का एग्जाम 25 फरवरी से 25 मार्च तक आयोजित हुआ। इन दोनों परीक्षा में इस बार कुल 16 लाख 60 हजार 252 छात्र शामिल हुए थे। जिसमें कक्षा 10वीं में 9 लाख 53 हजार 777 और कक्षा 12वीं में 7 लाख 6 हजार 475 छात्रों ने परीक्षा दी। पिछले साल 2024 में 24 अप्रैल को रिजल्ट जारी हुआ था। बीते साल एमपी बोर्ड 12वीं रिजल्ट में 64.49 फीसदी स्टूडेंट्स पास हुए थे। वहीं एमपी बोर्ड 10वीं में 58.10 फीसदी पास हुए थे। इस बार मई के पहले हफ्ते में परिणाम आने की संभावना है।

जो छात्र एक या दो विषय में फेल होंगे उन्हें कंपार्टमेंट एग्जाम देने का मौका मिलेगा। बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद कंपार्टमेंट परीक्षा होगी।

### यहां देख सकेंगे रिजल्ट

छात्र अपना परिणाम एमपी बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट्स पर देख सकेंगे। स्टूडेंट्स www.mpbse.nic.in या mpresults.nic.in या साइट पर जाकर रिजल्ट चेक करे सकेंगे। इसके अलावा डिजिलॉकर पर भी रिजल्ट चेक देख सकते हैं। अगर वेबसाइट क्रैश होती है तो एसएमएस पर स्टूडेंट्स अपना रिजल्ट चेक कर पाएंगे। इसके लिए MPBSE10 रोल नंबर या MPBSE12 रोल नंबर टाइप कर 56263 पर भेजना होगा, जिसके कुछ देर बाद परिणाम स्क्रीन पर आ जाएगा।

## गेहूं उपार्जन खरीदी का आंकड़ा पहुंचा 1 लाख 31 हज़ार मीट्रिक टन

**जबलपुर,देशबन्धु।** इस वर्ष गेहूं उपार्जन खरीदी का आंकड़ा आज दिनांक तक एक लाख इक्त्तीस हज़ार मीट्रिक टन पहुंच गया है। निश्चित तौर पर ये आंकड़ा गत वर्ष की अपेक्षा बहुत कम है, लेकिन प्रशासन को उम्मीद है की खरीदी का आंकड़ा पिछले वर्ष के क़रीब पहुंचने की संभावना है। शासन के आदेश हैं कि 5 मई तक जिन किसानों ने स्लॉट बुक कर लिए हैं, उन सभी की खरीदी 7 मई तक कर ली जाएगी। अंतिम आंकड़े के सम्बंध में जब सम्बंधित अधिकारी से पूछा गया तो उन्होंने कहा खरीदी का अंतिम आंकड़ा 7 मई के बाद जारी किया जाएगा।

# प्रतिक्षा सूची निजात दिलायेंगी समर स्टेशन ट्रेनें

## पमरे से संचालित हो रही दर्जनों यात्री गाडियां

**जबलपुर,देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से समर स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर चलाई जा रही है। इसी क?ी में *पश्चिम मध्य रेल से यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए जबलपुर से अयोध्या एवं हरिद्वार, रानी कमलापति से सहरसा एवं हड़पसर (पुणे), रीवा से सीएसएमटी एवं चर्लपल्ली (सिंकदराबाद) और सोगरिया से दानापुर* के मध्य समर स्पेशल ट्रेनें संचालित की जा रही है। जिनका विवरण इस प्रकार है

**जबलपुर-अयोध्या-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन**-01701 जबलपुर-अयोध्या साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 25 जून 2025 तक प्रत्येक बुधवार को रात 19:40 बजे जबलपुर से



रवाना होकर और अगले दिन सुबह 11:00 बजे अयोध्या पहुँच रही है।

01702 अयोध्या-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 26 जून 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 13:30 बजे अयोध्या से रवाना होकर और अगले दिन भोर 04:15 बजे जबलपुर पहुँच रही है।

**जबलपुर-हरिद्वार-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन**-01705 जबलपुर-हरिद्वार साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 25 जून 2025 तक प्रत्येक बुधवार को दोपहर 15:45 बजे जबलपुर से रवाना होकर और दूसरे दिन दोपहर 13:50 बजे हरिद्वार पहुँच रही है।

01706 हरिद्वार-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 26 जून 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को सायं 17:40 बजे हरिद्वार से रवाना होकर और दूसरे दिन सायं 17:50 बजे जबलपुर पहुँच रही है।

**रीवा-सीएसएमटी-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन**-02187 रीवा-सीएसएमटी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 26 जून 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 15:50 बजे रीवा से रवाना होकर और अगले दिन दोपहर 12:20 बजे सीएसएमटी पहुँच रही है।

02188 सीएसएमटी-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 27 जून 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 13:30 बजे सीएसएमटी से रवाना होकर और अगले दिन सुबह 09:45 बजे रीवा पहुँच रही है।

**रीवा-चर्लपल्ली ( सिकंदराबाद )-रीवा द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन**-01704 रीवा-चर्लपल्ली (सिकंदराबाद) द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 25 मई 2025 तक प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को दोपहर 13:00 बजे रीवा से रवाना होकर और अगले दिन दोपहर 14:45 बजे चर्लपल्ली (सिकंदराबाद) पहुँच रही है।

01703 चर्लपल्ली (सिकंदराबाद)-रीवा द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 26 मई 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को सायं 16:55 बजे चर्लपल्ली (सिकंदराबाद) से रवाना होकर और तीसरे दिन भोर 03:30 बजे रीवा पहुँच रही है।


अमर शहीद स्मृति मेला
देशभक्ति | पारिवारिक मनोरंजन | खाना
रोजाना सायंकाल 5.30 से 10.30 बजे तक
महाकोशल शहीद स्मारक ट्रस्ट गोलबाजार जबलपुर


# भावी इंजीनियरों ने बनाया एग्जाम असिस्टेंट फॉर स्टुडेंट्स यात्रा मॉडल

**जबलपुर,देशबन्धु।** हितकारिणी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी और हितकारिणी इंजीनियरिंग कॉलेज एलुमिनाई एसोसिएशन (हेका) के संयुक्त तत्वावधान में बेस्ट प्रोजेक्ट अवार्ड का वितरण महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में किया गया। इसमें इलेक्ट्रीकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल, कम्प्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नालॉजी, सिविल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग के प्रत्येक ब्रांच के बेस्ट प्रोजेक्ट को पुरस्कृत किया गया। प्रमुख प्रोजेक्ट में एग्जाम असिस्टेंट फॉर स्टुडेंट यात्रा, स्मार्ट ड्रेनेज एंड वाटर फिल्टरेशन मॉडल, अंडर ओवरब्रिज विथ स्मार्ट डिश, आईओटी बेस्ड होम आटोमेशन, फूड ऑर्डेनिंग सिस्टम, ईवी चार्जिंग एंड स्लॉट बुकिंग सिस्टम, इलेक्ट्रीकल व्हीकल चार्जिंग सिस्टम आदि थे। ज्ञात हो कि सृजन राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा भी महाविद्यालय के दो प्रोजेक्ट का चयन किया गया है।

**हितकारिणी इंजीनियरिंग कॉलेज में बेस्ट प्रोजेक्ट अवार्ड का वितरण**

मुख्य अतिथि महाविद्यालय के शासी निकाय सदस्य नमन अग्रवाल रहे। इस दौरान रेडहेट डेडिकेटेड लैब का भी उद्घाटन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रिंकू कथूरिया ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को रियल लाइफ प्रॉब्लम्स एवं इमर्जिंग प्रौद्योगिकी बेस्ड प्रोजेक्ट पर कार्य को आगे विकसित करने के लिए प्रोत्साहन देना है। इस दौरान वित्त नियंत्रक और रजिस्ट्रार सतीश रांका, प्राचार्य डॉ रिंकू कथूरिया, उप रजिस्ट्रार पूजा दुबे, इलेक्ट्रीकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभागाध्यक्ष प्रदीप खन्ना, मैकेनिकल विभागाध्यक्ष एमके चौधरी, कम्प्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष सरिता पटेल, इंफॉर्मेशन टेक्नालॉजी विभागाध्यक्ष अमित कुररिया, सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष गौरव भंडारी, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभागाध्यक्ष राजा नामदेव, बजेश मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के स्टुडेंट्स उपस्थित रहे।


J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 136
मुर्गा मीडियम - रु. 134
मुर्गा बड़ा - रु. 116
मुर्गा जम्बो - रु. 116
मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 112
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 126
छोटा ब्रॉयलर - रु. 132
मोबाइल नं. 9300692405

FOR PRIVATE SCREENING CALL +91 79999 68989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888
CALL BOOKING 0761-4069888 4069889
समदड़िया सिनेमा
RAID-2: 09:30AM 12:15PM 02:00PM 03:00PM 04:30PM 05:30PM 07:15PM 08:15PM 10:00PM 11:00PM
THUNDERBOLTS: 09:00AM 12:30PM 05:15PM 10:30PM
THE BHOOTNI: 10:00AM 03:00PM 05:30PM
KESARI-2: 09:15AM 11:30PM 07:45PM
HIT: 11:45AM 08:00PM
RETRO: 02:30PM 10:45PM

नेशनल हॉस्पिटल
स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग
• हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) • न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) • यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) • शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) • हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) • छाती रोग • नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) • स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) • नेत्र रोग • शिशु रोग
28 वर्षों से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान


# भिण्ड जिले में स्थित सोनी रेल्वे स्टेशन का नाम

## दिग्विजय सिंह के सुझाव को रेल्वे ने माना

**जबलपुर,देशबन्धु।** भिण्ड जिले में स्थित सोनी रेल्वे स्टेशन के नाम को दंदरौवा धाम करने के दिग्विजय सिंह द्वारा सुझाए गए नाम को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वीकार करते हुए सोनी रेल्वे स्टेशन का नाम दंदरौवा धाम करने की स्वीकृति देते हुए रेल्वे स्टेशन एवं अन्य मामलों की विस्तृत जांच के लिए सम्बंधित निर्देशालयों को निर्देश दे दिया गया है। रेल्वे की स्वीकृति मिलते ही भविष्य में भिण्ड जिले में स्थित सोनी रेल्वे स्टेशन दंदरौवा धाम के नाम से जाना जायेगा। इस तरह के निर्णयों से रेलवे का सामाजिक सरोकार बढ़ता है। लोगों का जुड़ावा स्थानीय स्तर पर लगातार फैलाने के लिए राजनीतिक से जुड़े लोग इस तरह की कवायत करते रहे है। जिसे समय-समय पर देखने को मिलता रहा है।

## युवा अपनी ऊर्जा का उपयोग धर्म संरक्षण में लगायें : इंद्रेश

**जबलपुर,देशबन्धु।** स्वामी महेन्द्रानन्द के नेतृत्व में हो रहे श्री शिवसमाराधना महायज्ञ व श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ के पञ्चम दिवस में पवई धाम सरकार को कथा श्रवण कराते हुए श्री इन्देश जी उपाध्याय ने भगवान बाल कृष्ण की अद्भुत लीलाओं का वर्णन किया। महाराज श्री कहते है कि अविद्या ही पूतना है, अपने गुणों पर गर्व होना ही पूतना है और मात्र छः दिन के होने पर ही बालकृष्ण ने पूतना का वध कर दिया।

भगवान् कितने दयालु है कि जो पूतना भगवान को को मारने आई थी उसे भगवान् ने माता की गति प्रदान कर दी। वाणी का सदुपयोग तभी होगा जब इससे भगवान् के निर्मल यशचरित्र का किया जाए। कान इसलिये ही मिले है कि इनसे भगवान की लीलाकथा का श्रवण कराया किया जाए।

हाथ सत्कर्म करने को, मन सत्य चिन्तन करने को पैर भगवद्धाम जाने को, स्मृति भगवदस्मरणको सिर भगवद्चरणों में झुकने को और दृष्टि सारे जग में एकमात्र ब्रह्म का दर्शन करने को ही हमें मिले है। शकटासुर वध, नामकरण-लीला, माखन चोरी लीला, गोवर्धन धरण लीला आदि का वर्णन इंद्रेश ने किया। 7 मई 2025 तक यह कथा पवई धाम सरकार, पाटन में चलेगी।

मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी का पवई आगमन मौसम खराब होने के कारण मझौली से पवई नहीं पहुंच पाए क्योंकि हेलीकॉप्टर को वहां पहुंचने में असुविधा थी इस कारण



उपस्थित भक्तगणों को उन्होंने मोबाइल के द्वारा श्री बलराम यादव जी के मोबाइल पर संबोधन किया एवं महाराज श्री से आशीर्वाद लिया एवं ना पहुंच पाने का खेद व्यक्त किया। 7 तारीख को होने वाली कथा का समय सुबह 8ः00 बजे से रहेगा। मंच संचालन जितेंद्र पचौरी ने किया। सर्वेश पचौरी (पटेल) की मुख्य यजमान ने भागवत कथा श्याम मनोहर पचौरी मुख्य यज्ञ यजमान, सह यजमान लाल सिंह यादव ,राकेश पचौरी, योगेश गोर मथुरा इन्द्र सिंह यादव, प्रमोद पलहा, बलराम यादव आयोजन प्रभारी, हरकृष्ण पचौरी अध्यक्ष आयोजन समिति , नवनीत माहेश्वरी, विष्णु शंकर जी पटेल गोरी शंकर तिवारी , मनोज पटेल , आनंद पटेल,गोविंद पटेल,मुकुल पचौरी,मदन मोहन पचौरी,देवेंद्र सिंह, नितिन भाटिया , कौशल किशोर सूरी, किरण मलहोत्रा आदि ने श्रीमद् भागवत पूजन किया।

## प्रवासी मैथिल समाज द्वारा जानकी नवमी मनाई गई



**जबलपुर,देशबन्धु।** 05 मई 2025 को मिथिला मैथिल मंच के तत्वाधान में जे के सेलिब्रेशन, जबलपुर में मनाया गया। इस अवसर पर सभी मिथिला वासी पारंपरिक परिधान धोती, कुर्ता और पाग में पहुंचे। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथिगण, महापौर जबलपुर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' विधायक कैंट अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, पूर्व नगर निगम आयुक्त वेद प्रकाश शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। तत्पश्चात, पहलगाम आतंकी हमले में स्वर्गवासी हुए देशवासियों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। सभी प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विशेषकर महिला प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक कार्यक्रम अति सराहनीय रहा। इस मौके पर समिति के संरक्षक नारायण झा, अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष शंभू झा, सचिव उदय नाथ पाठक, कोषाध्यक्ष दीपक मिश्रा, संयोजक सरोज झा एवं समस्त संस्थापक सदस्यों का योगदान रहा।

## माता मरियम प्रभु की सच्ची शिष्या रहीं : फादर जूड जेम्स

**जबलपुर,देशबन्धु।** संस्कारधानी जबलपुर में सेंट थॉमस स्कूल परिसर स्थित फातिमा की माता मरियम के तीर्थस्थल में वार्षिक भक्ति के अंतर्गत आज नौदिवसीय प्रार्थना का दूसरा दिन था। आज के पावन खीस्तयाग के मुख्य याजक जबलपुर धर्मप्रान्त के फादर जूड जेम्स ने कहा...

माता मरियम प्रभु येसु की वास्तव में सच्ची शिष्या रहीं। उनसे हम यह सीख सकते हैं कि उन्होंने प्रभु येसु की बातों पर विश्वास किया और अपना जीवन समर्पित किया। एक शिष्य के लिए यह अत्यंत आवश्यक होता है कि वो अपने गुरु की आज्ञाओं का पालन करे। माता मरियम ने प्रभु येसु की हर एक आज्ञा का पालन किया और हमें भी कहा कि जैसा येसु कहते हैं वैसा ही करो। प्रभु येसु का शिष्य



बनना बहुत कठिन है, येसु कहते हैं कि अपना सब कुछ छोड़कर मेरे पीछे चले आओ। माता मरियम ने सेवा और सहयोग का कोई क्षण नही छोड़ा। माता मरियम ने शांतिपूर्ण तरीके से अपने जीवन को जिया तथा जो अपनी भावनाओं को व्यक्त नहीं कर सकते हैं उनका सहारा बनती हैं।

हम फातिमा माता मरियम के वार्षिक महोत्सव में सम्मिलित होकर आशिषों को पा रहे हैं। माता मरियम के भक्त पवित्र तीर्थस्थल में मोमबत्ती जलाकर एवं पुष्पों को अर्पित कर के अपनी मन्नतें मांगते हुए प्रार्थना में लीन थे। श्राइन प्रबंधन के चैपलिन फादर बिपिन खालको ने माता मरियम के भक्तजनों से आगामी दिवसों में मिस्सा पूजा एव नवीना प्रार्थना में उपस्थिति की अपील की है। साथ ही भक्तों को मई माह की भक्ति की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## माँ जानकी एवं माँ बगलामुखी प्रकट उत्सव पर 91 भोजन प्रसाद थालियों का वितरण

**जबलपुर,देशबन्धु।** विजय यादव ने बताया कि माता सीता प्रकट उत्सव एवं माँ बगलामुखी प्रकट उत्सव के पावन अवसर पर माँ सीता प्रसाद रोटी ग्रुप द्वारा पूरी सब्जी खिचड़ी मिष्ठान फल दही नमकीन पान का भोग अर्पण कर जरूरतमंद व्यक्तियों को भोजन प्रसाद की 91 थालियां का वितरण सदर, रसल चौक, शास्त्री ब्रिज अस्पताल, रेलवे स्टेशन, रानीताल चौक पर वितरण किया गया। इस पावन अवसर पर सर्वप्रथम माता सीता एवं माँ बगलामुखी देवी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन अर्चन करते हुए देश की उन्नति की कामना की गई। इस अवसर पर अशोक मक्कड़ सिद्धार्थ गोलछा, मोहित ठाकुर, प्रदीप चौहान, शैलेश मिश्रा, विजय भारद्वाज, सुरेन्द्र सिंह मायाराम जैसवानी, राहुल केसरवानी, डॉ. वाणी अहलुवालिया जी, अविनाश महावर, विक्रम सिंह ठाकुर, सुबोध जैन, अमित गुप्ता, पंकज सेन, संजय कोहली, अशोक गुप्ता, शशिकांत बंटी कोहली, राहुल कनौजिया, मोगली आकाश पासी लकी पासी उपस्थित होकर जगत जननी माँ जानकी एवं माँ बगलामुखी माता से देश की उन्नति की कामना की है।

## परशुराम जन्मोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम

**जबलपुर, देशबन्धु।** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के पावन पर्व पर ब्राह्मण एकता मंच, भार्गव ब्राह्मण समाज एवं भगवान परशुराम वंशज के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुआ 29 अप्रेल भगवान परशुराम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर शोभायात्रा, 30 अप्रेल को अक्षय तृतीया पर प्रकटतोस्व पूजन अर्चन तथा 3 मई 2025 को मिलिए परशुराम से 7 बजे से शहीद स्मारक ऑडिटोरियम जबलपुर में आयोजित है।

इस अवसर पर भार्गव ब्राह्मण सभा का वार्षिक मिलन समारोह एवं उत्कृष्ट विद्युतीय का सम्मान समारोह तथा समाज के कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ इस शुभ अवसर पर डॉक्टर कामना नायक (नृत्यांजली कला अकादमी) एवं उनके शिष्यों द्वारा श्री राम प्रणाम भरतनाट्यम स्तुति प्रस्तुत की जाएगी। साथ ही अपना डांस फैमिली के संयोजक प्रमोद कुशवाहा एवं उनके शिष्यों द्वारा भगवान महादेव पर नृत्य प्रस्तुत



किया गया। सभी सामाजिक बंधुओं और स्नेही जनों से सपरिवार उपस्थिति रहे। राज्य को आतंक और दुराचारी शासको से मुक्त करना ही असली धर्म है और भगवान परशुराम ने अवतरित होकर इसे साकार किया है। भगवान परशुराम के लिए राष्ट्र प्रथम,धर्म द्वितीय,समाज तृतीय, परिवार चतुर्थ और स्वयं का स्थान पंचम रहा है इसलिए वे केवल ब्राह्मण समाज नहीं बल्कि संपूर्ण भारतीय के लिए पूजनीय है उक्त आशय के विचार वक्ता श्री आलोक पाठक ने ब्राह्मण एकता मंच एवं भार्गव ब्राह्मण सभा जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि परम पूज्य संत नरसिंह दास जी महाराज, विशिष्ट अतिथि डॉ अभिलाष पांडे विधायक तथा अध्यक्ष डॉक्टर अवनीश तिवारी प्रसिद्ध योग आचार्य उपस्थित थे। शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में संपन्न इस कार्यक्रम में डॉक्टर कामना नायक एवं उनके शिष्यों द्वारा भगवान श्री राम पर स्तुति नृत्य तथा प्रमोद कुशवाहा एवं उनकी टीम ने भगवान महादेव के रुद्राष्टक पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर पूजन कार्य किया। कार्यक्रम में भार्गव ब्राह्मण समाज के यशस्वी अध्यक्ष कपिल दुबे, महामंत्री दिनेश दुबे, अजय चौबे, राम भगत तिवारी, अजय तिवारी,आनंद चौबे, जयकांत दुबे, सुधीर तिवारी, करोड़ी मिश्रा,नवीन पाठक, पिंकी आचार्य, श्रीमती नीतू दुबे डॉक्टर श्रीमती अपर्णा पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनीष पाठक ने किया

## फायर फाइटिंग के सीखे गुर, रायफल शूटिंग की समझी बारीकियां



**जबलपुर,देशबन्धु।** प्लस रिपोर्टर,जबलपुर. 2एमपी गर्ल्स बटालियन का वार्षिक प्रशिक्षण कैम्प में गर्ल्स कैडेट्स को सेना की तर्ज पर ट्रेनिंग मिल रही है। कैम्प एक्टिविटी की शुरुआत पीटी, परेड से हुई। कैम्प कमाण्डेंट कर्नल दिनेश कुमार जायसवाल ने कैडेट्स को सेना भर्ती की प्रक्रिया और ट्रेनिंग से अवगत करवाया। इसी क्रम में फायर फाइटिंग विशेषज्ञ विशाल मिश्रा और टीम ने कैडेट्स को अग्नि दुर्घटना से बचाव और निपटने के तरीके बताए। इसके साथ ही वेटरनरी विवि के डॉ. रंधीर सिंह और टीम ने कैडेट्स को जानवरों के उपचार और वेटरनरी डॉक्टर बनने की प्रक्रिया समझाई। कैम्प में डिप्टी कैम्प कमाण्डेंट मेजर कनकलता चोरे, सूबेदार मेजर अमृतपाल सिंह, एनएनओ प्रीति नामदेव, अनामिका सेन मौजूद रहीं।

## हाउजी, तम्बोला और कैटवॉक



**जबलपुर,देशबन्धु।** लेडीज ने समर थीम पर कैटवॉक की। ममता चौहान ने मई क्वीन का खिताब जीता। फर्स्ट रनरअप नीता लूथरा और सेकेंड रनरअप रजनी गुगलिया रहीं। सविता भाटिया एवं रश्मि जेठी को आधुनिक समर परिधान एवं मधु महिंदर, रवीन्द्र छाबड़ा, रानी शुक्ला ने 70 से ऊपर एज ग्रुप में विजेता का खिताब जीता। जजमेंट सोनल अमीन और आराधना चौहान ने किया। इस मौके पर अतिथि भूमिका माला सिंह, अंजू दुबे, यामिनी सिंह , निर्मला पुरोहित ने निभाई। आयोजन में मंजू शर्मा, उपाध्यक्ष अरुणा असावा, कोषाध्यक्ष रितु अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, मंजू दुबे, स्वीटी आनंद, राज रूपराह, रूमना ठाकुर, नीता शर्मा, कांति अग्रवाल मौजूद रहीं।

## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 06 मई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। वैशाख शुक्ल पक्ष की नवमीं, नक्षत्र-मघा।**

**मेष**
आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय का आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे।

**वृषभ**
परिश्रम की अपेक्षा कम परिणाम मिलने पर भी आप निष्ठापूर्वक काम को आगे बढ़ाएंगे। आपके क्षेत्र की विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी।

**मिथुन**
महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करेंगे। घर में माता और स्त्री वर्ग के लिए आप अधिक भावनाशील बन जाएंगे। तनाव महसूस कर सकते हैं। `क-

**कर्क**
आज का दिन नए काम की शुरुआत या सफलता के लिए अच्छा रहेगा। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आप खुशी अनुभव करेंगे। किसी यात्रा की संभावना है।

**सिंह**
परिवार के सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। महिला मित्रों की विशेष मदद मिलेगी। अपनी प्रभावकारी वाणी से अन्य लोगों का ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

**कन्या**
अपने समृद्ध विचार और बोली से आज आपको लाभ होगा। किसी के साथ नए संबंध में जुड़ सकते हैं। आज का दिन व्यापार की दृष्टि से लाभदायक रहने की संभावना है।

**तुला**
आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**वृश्चिक**
घर परिवार के साथ आपको आनंद और संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी और पुत्र की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे। शुभ कार्य में भाग ले सकेंगे।

**धनु**
काम में सफलता का दिन है। नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। व्यापारी अपने बिजनेस का आयोजन और विस्तार अच्छी तरह कर सकेंगे। नौकरी में उच्च पदाधिकारी आपकी पदोन्नति के लिए विचार करेंगे।

**मकर**
आप अपने व्यापार के लिए नई शैली से काम करेंगे। लेखन और साहित्य संबंधी काम को आगे बढ़ा सकते हैं। शारीरिक थकावट और भय की अनुभूति होगी।

**कुंभ**
आपके मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। आपके मन में क्रोध और दु:ख की भावना हो सकती है।

**मीन**
भाग्य का साथ होने के आज का दिन अच्छी तरह व्यतीत होगा। बिजनेस में भागीदारी करनी हो तो समय अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ निकटता का अनभव होगा।

म.



## रंग शिविर में सीख रहे अभिनय हुनर

**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर. विवेचना रंग मंडल का ग्रीष्मकालीन शिविर विजय नगर में संचालित किया जा रहा है। कार्यशाला का आयोजन सुबह सुबह 8 से 10 एवं शाम 5 से 8.30 तक हो रहा है। इवान खान के निर्देशन में प्रतिभागी हर दिन अभिनय से जुड़ी बारीकियां सीख रहे हैं। रंगमंडल के संतोष राजपूत एवं विवेक पांडे ने बताया कि प्रतिभागियों को थिएटर गेम, रंग ज्ञान और अन्य बातों से अवगत करवाया जा रहा है।

## सामाजिक चिंतन और चेतना की कविताएं

**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर. साहित्य, सामाजिक, चिंतन और चेतना का पक्षधर है। यह मानवीय मूल्यों से जुडने के लिए प्रेरित करता है। अनेकांत एवं पाथेय संस्था के संयुक्त तत्वावधान में रानी दुर्गावती कलावीथिका में हुए कवि, कथाकार, शिक्षाविद आशुतोष तिवारी की प्रथम काव्यकृति 'विहान' के विमोचन के दौरान वक्ताओं ने यह बात कही। मुख्य अतिथि अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के कुलपति डॉ. राजेन्द्र कुररिया थे। अध्यक्षता महाकवि आचार्य भगवत दुबे, विशिष्ट अतिथि हरिशंकर दुबे, डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, डॉ. अरुणा पाण्डे, राजेन्द्र मिश्रा, डॉ. आराधना तिवारी, डॉ. संध्या जैन, सुभाष जैन, प्रतुल श्रीवास्तव, एड. डॉ. सलपनाथ यादव, विजय जायसवाल, आचार्य विजय तिवारी 'किसलय', यशोवर्धन पाठक, संतोष नेमा, सुरेश विचित्र, राज सागरी, डॉ. कौशल दुबे, अभिमन्यु जैन, मिथलेश नायक, डॉ. सलमा जमाल मौजूद रहीं।





## सिद्धी बाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन का कार्यक्रम

**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर. सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी की शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी के तत्वावधान में एमडी बंगाली स्कूल में निशुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने चंदा चमके चम-चम, झूठी मीठी मितवा नृत्य प्रस्तुति, कालबेलिया लोकनृत्य, बधाई, सुआ नृत्य, बंबुलिया, कर्मा, डांडिया, रास, भंगड़ा, अहीर की प्रस्तुति दी।





### मंच पर सजीव हुई लोक संस्कृति

मुख्य अतिथि सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन की अध्यक्ष गायत्री सिन्हा, अध्यक्षता डॉ. पुष्पराज पटेल, विशिष्ट अतिथि योगेश गनोरे, सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन के अध्यक्ष सुब्रत पाल, सचिव प्रकाश साहा, उपाध्यक्ष डीके राय, कोषाध्यक्ष सुरजीत गुहा, आईटी पार्क डायरेक्टर इंजी. राजेश गुप्ता, समन्वयक राजीव चतुर्वेदी, संरक्षक सदस्य पार्षद राजीत यादव, प्राचार्य मीना थियोडोर, मुख्य संगठक पंकज गोस्वामी, डॉ. शैलेंद्र पांडे, सुदीप भट्टाचार्य, विवेक चतुर्वेदी, जिला संगठक कृष्णकांत दीक्षित मौजूद थे।





## पारिवारिक प्रेम पर आधारित सुनाई रचना

**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर. पारिवारिक साहित्यिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में गोहलपुर में %काव्य संध्या% हुई। अध्यक्षता साहित्यकार एवं एडवोकेट एमपी सिंह निकुंभ ने की। मुख्य अतिथि कृष्णा राजपूत, विशिष्ट अतिथि बालमुकुंद लखेरा, सुभाष मणि बैरागी थे। कार्यक्रम में विजय विश्वकर्मा, जयप्रकाश श्रीवास्तव, अभय तिवारी, निरंजन द्विवेदी %वत्स%, आकृति श्रीवास्तव, अलंकृति श्रीवास्तव, सुभाषमणि बैरागी, उमेश साहू ओज, अखिलेश खरे %अखिल%, प्रकाश ठाकुर ने रचना पाठ किया। इस मौके पर मिथिलेश, विनीता खरे, तृप्ति, सृष्टि, सार्थक, महेंद्र श्रीवास्तव मौजूद थे।

## डिजाइन वर्कशॉप प्रदर्शनी आज

**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर. ट्रिपलआइटीडीएम में डिजाइन एवं फेब्रिकेशन नवाचार की प्रदर्शनी 6 मई को सुबह 11 बजे से लगाई जाएगी। ओपन हाउस कार्यक्रम में बीटेक और बीडिजाइन थर्ड ईयर के स्टूडेंट्स प्रोटोटाइप प्रदर्शित करेंगे। ये प्रोजेक्ट्स रक्षा, स्वास्थ्य सेवा, मानसिक स्वास्थ्य, आपदा बचाव उपकरण, और उन्नत तकनीकी परिधानों जैसे विविध क्षेत्रों को कवर करेंगे। प्रमुख आर्कषण में निगरानी ड्रोन, बचाव रोबोट, बायो-सेंसर, और गैर-आक्रामक स्वास्थ्य परीक्षण उपकरण शामिल होंगे।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती कुलदीप कौर ओबेराय-** आईडियल स्टेट नर्मदा रोड निवासी श्री प्रभजोत सिंह ओबेराय की धर्मपत्नी श्रीमती कुलदीप कौर ओबेराय (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बैजंती बाई अहिरवार-** आईटीआई माढ़ोताल नई बस्ती निवासी श्री ओरे लाल अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती बैजंती बाई अहिरवार (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम किशन धानुक-** कंटगा सदर निवासी श्री राम किशन धानुक (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री श्याम पाल-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री श्याम पाल (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती माया श्रीवास्तव-** पचमठा मंदिर के पास गढ़ा निवासी श्री मदन श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती माया श्रीवास्तव (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री विनोद कुमार राजपूत-** हाथीताल नर्मदा भवन के पास निवासी श्री विनोद कुमार राजपूत (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रोहित यादव-** सैनिक सोसायटी शक्तिनगर निवासी श्री विजय यादव के पुत्र श्री रोहित यादव (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई कोरी-** अधारताल धनी कुटिया के पास निवासी श्री बसोरी लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई कोरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मोती लाल चांडक-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री मोती लाल चांडक (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती भारती देवी लालवानी-** नारायण चौक द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री मुरारी लाल लालवानी की धर्मपत्नी श्रीमती भारती देवी लालवानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

# मेरा शहर

'स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक'

जबलपुर, मंगलवार 06 मई 2025 देशबन्धु

सुप्रभात से शुभरात्रि तक




# बॉयफ्रेंड के कहने पर बनाती थी हॉस्टल की साथी छात्राओं का अश्लील वीडियों

## ट्रिपल आईटीडीएम में एमएमएस कांड की आरोपी छात्रा गिरफ्तार




**जबलपुर,देशबन्धु।** बॉयफ्रेड के कहने पर ट्रिपल आईटीडीएम में पढने वाली सेकेण्ड ईयर की छात्रा साथ में रहने वाली छात्राओं को छुपकर बाथरूम में अश्लील वीडियो बना रही थी। पीड़ित छात्र द्वारा उक्त छात्रा को वीडियो बनाते हुए देख लिया गया।

जिसके बाद मामला कॉलेज प्रबंधन से होते हुए पुलिस तक पहुँचा। पुलिस ने आरोपी छात्रा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी छात्रा ने बताया कि दिल्ली निवासी बॉयफ्रेंड और उसने सनसनीखेज व नया करने के निर्णय लिया था। इसलिए साथी छात्रा का अश्लील वीडियो बनाकर उसे भेजती थी। सीएसपी रांझी सतीश कुमार साहू ने बताया कि पीड़ित छात्रा की शिकायत पर आरोपी छात्रा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अभिरक्षा में लिया है। उससे अश्लील एमएमएस बनाने तथा बॉयफ्रेंड से भेजने के संबंध में पूछताछ जारी है। खमरिया थाना प्रभारी श्रीमती सरोजनी टोप्पो ने बताया कि मूलत: गोंदिया निवासी आरोपी छात्रा सेकंड ईयर की छात्रा है। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान उसने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से दिसम्बर माह में उसकी दोस्ती दिल्ली निवासी युवक से हुई थी। जो कॉलेज का छात्र है और दोनों दोनों की दोस्ती जल्दी ही प्यार में बदल गयी थी। दोनों ने कुछ नया व सनसनी करने के निर्णय लिया था। जिसके कारण वह हॉस्टल में रहने वाली साथी छात्रा की बाथरूम में नहाते समय वीडियो बना रही थी। छात्रा के मोबाइल को जब्त करने हुए उसे जांच के लिए भेजा जा रहा है। ट्रिपल आईटीडीएम में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं सोमवार की सुबह बड़ी संख्या में खमरिया थानान्तर्गत डुमना पुलिस चौकी में पहुँची। उनका आरोप था कि हॉस्टल की एक छात्रा पर साथ में रहने वाली अन्य छात्राओं का बाथरूम में चुपके से अश्लील वीडियो बनाकर दिल्ली निवासी अपने बॉयफ्रेंड को भेजती है। छात्रा विगत दो सालों से ऐसा कर रही है। कॉलेज में पढने वाली शानू नामक छात्रा ने बताया कि रविवार को हॉस्टल के बाथरूम में स्नान कर रही छात्रा की सेकेंड ईयर में पढने वाली एक छात्रा की छुपकर वीडियो बना रही थी।

छात्रा दूसरे बाथरूम में नल के पाईप पर खडे होकर उपर से वीडियों बना रही थी। इसी दौरान पीड़ित की नजर उक्त छात्रा पर पड गयी। जिसकी शिकायत उसने कॉलेज तथा हॉस्टल प्रबंधन को दी। छात्रा के द्वारा विगत दो सालों से हॉस्टल में रहने वाली छात्रों के वीडियों बना रही है। वह अश्लील वीडियो दिल्ली निवासी अपने बॉयफ्रेंड को भेजती है। जिसके बाद हम रिपोर्ट लिखवाने डुमना चौकी आये है। हमें बताया गया है कि रिपोर्ट खमरिया थाने में दर्ज होगी। वीआईपी ड्यूटी होने के कारण महिला पुलिस अधिकारी ने दोपहर 1 बजे के बाद एफआईआर दर्ज करने खमरिया थाने बुलाया था।


# भाजपा नेता और पान वाले के बीच मारपीट

**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी थाना क्षेत्र के पनेहरा इलाके में भाजपा नेता बंटी रजक और एक युवक के बीच हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया है। मारपीट, गाली-गलौज का वीडियो सामने आने के बाद मामला गरमा गया है। युवक मनोज ने भाजपा नेता पर मारपीट, गाली-गलौच और जबरन काम करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं, बंटी रजक ने खुद को निर्दोष बताते हुए मनोज पर अवैध शराब और गांजा बेचने के आरोप लगाए हैं।

मनोज का कहना है कि वह पनेहरा में पान की दुकान चलाता है, जो भाजपा नेता के कार्यालय के पास स्थित है। बीते डेढ़ साल से रजक उसे और उसके साथी साहिल को चाय-नाश्ते सहित अन्य घरेलू कामों के लिए मजबूर कर रहे थे। रविवार को जब उसने इनकार किया, तो रजक ने डंडे से पीटा। साहिल ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जिसे लेकर नेता ने उसे भी धमकाया। मनोज ने रांझी थाना में शिकायत दर्ज कराई है और बताया कि उसे सिर में गंभीर चोट आई है। वहीं, भाजपा नेता बंटी रजक ने इन सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि मनोज इलाके में अवैध शराब और गांजा बेचता है। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो मनोज ने उनके कार्यालय में घुसकर बदतमीजी की और झूमाझटकी के दौरान उनकी सोने की चेन भी टूट गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ई-रिक्शा पर कर दिया हाथ साफ

**जबलपुर,देशबन्धु।** सिविल लाइन पोस्ट ऑफिस में काम के सिलसिले में युवक अपना ई-रिक्शा लेकर पहुंचा था। युवक जब बाहर लौटा तो देखा की ई-रिक्शा गायब था। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसके संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है। थाना सिविल लाइन से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवा मुदलेयार उम्र 36 वर्ष निवासी दूसरा पुल नेहरू नगर थाना केन्ट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड एच 4769 से डिलाईट पोस्ट आफिस अपने काम से गया था। ई रिक्शा को पोस्ट आफिस की बाउंड्री के बाहर एटीएम के बगल से खडा करके पोस्ट आफिस के अंदर चला गया था काम खत्म करके बाहर आया तो उसका ई रिक्शा गायब था। आसपास तलाश करता रहा नहीं मिला कोई अज्ञात चोर ई रिक्शा चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




# रादुविवि ने गौड़ रानी की समाधि को बताया मकबरा

## बीएससी की परीक्षा में पूछा गया प्रश्न

**जबलपुर,देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की कारगुजारी की लिस्ट लगातार लंबी हो रही है। जिसे गौड़ रानी के नाम पर विश्वविद्यालय का नामकरण किया गया था,उसी से इतिहास के साथ छेडछाड करने का मामला प्रकाश में आया है। गोंडवाना राज्य के लिए अकबर जैसे सम्राट की विशाल सेना से लोहा लेने वाली पराक्रमी रानी के बलिदान स्थल में विश्वविद्यालय प्रशासन मकबरा मानता है।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा विगत 3 मई को बीएससी द्वितीय वर्ष के महिला सशक्तिकरण विषय की परीक्षा थी। प्रश्न पत्र के 42 नंबर प्रश्न में पूछा गया था कि रानी दुर्गावती का मकरबा कहा बना है। उत्तर में बरेला जबलपुर,बम्हानी जबलपुर,चारगुंवा जबलपुर तथा डंडई जबलपुर चार ऑप्शन दिये गये थे। रानी दुर्गावती ने अकबर की सेना से लडते हुए गौर बरेला के नरई नाला के समीप वीरगति प्राप्त की थी। उनकी वीरता के सम्मान में नरई नाला के समीप प्रशासन ने समाधि स्थल का निर्माण भी करवाया है। इसके बावजूद भी रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के प्रशासन द्वारा तैयार किये प्रश्न पत्र में समाधि स्थल के स्थान पर मकबरा शब्द का प्रयोग किया। जिसका विरोध करते हुए एनएसयूआई के द्वारा विश्वविद्यालय में प्रदर्शन करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपनी गलती स्वीकार कर हुए खेद व्यक्त किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि जिसके द्वारा पेपर सेट किया गया है,उसे नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जवाब पेश करने के लिए 24 घंटों का समय प्रदान किया गया है। नोटिस के जवाब के बाद कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा पेपर सेट होने के बाद उसे जिन-जिन जिम्मेदार अधिकारियों ने चेक किया,इस संबंध में जांच के निर्देश दिये गये है। जांच में दोषी पाये जाने वाले सभी व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। पूर्व में रादुविवि प्रबंधन टाइम टेबल घोषित कर परीक्षा आयोजित करवाना ही भूल गया था। छात्र पेपर देने पहुंचे तो उन्हें इस बात की जानकारी मिली थी कि जिस विषय का प्रश्न-पत्र है वह छपकर नहीं आया है।

# स्कॉर्पियों से उड़ाया नोटों से भरा बैग

## आइल गिरने का बात कहते हुए लगाई तीन लाख की चपत

**जबलपुर,देशबन्धु।** स्कॉर्पियों वाहन से आइल गिरने की बात कहकर ड दो आरोपियों ने गाडी में रखा बैग उठाकर चपत हो गये। बैग के तीन लाख रुपये नगद रखे हुए थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनके संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

गोरखपुर थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अजयपुरी गोस्वामी उम्र 37 वर्ष निवासी भुआ विछिया जिला मंडला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मिठाई का व्यापार करता है। आज सुबह लगभग 10-30 बजे वह महानद्दा अग्रवाल प्लाईबुड दुकान में सनमाईका संबंधित वस्तुऐं खरीदने अपनी स्कार्पियो मे आया था। दुकान से थोड़ी दूर आगे स्कार्पियो खड़ी किया था। खरीददारी कर लगभग 11-40 बजे वह अपनी वाहन के पास पहुँचा। तभी वहां 2 लड़के आये और उनमें से एक लडके ने आयल जैसा कुछ गिराते हुये उसके ड्रायवर रवि से कहा कि भैया आपकी गाड़ी से आयल गिर रहा है। ड्रायवर सामने आयल देखने गया और बोनट खोल कर चैक करने लगा। इसी दौरान आज्ञत आरोपियों ने ड्रायवर साईड के पीछे का गेट खोलकर लगभग तीन लाख रूपये से भरा बैग चुरा ले गये। रिपोर्ट पर दोनों अज्ञात लड़कों के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## कार को पीछे से मारी दूसरी कार ने टक्कर, 5 घायल

**जबलपुर,देशबन्धु।** परिवार के साथ घर लौट रहे पटेल परिवार की कार को पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। इस घटना में कार में सवार पटेल परिवार के पांच सदस्यों को चोटे आई है। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया।

गोसलपुर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमित पटेल उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम ताला देवरी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 04/05/2025 को बम्हौरी से अपनी कार में अपने परिवार पत्नी शशि पटेल, पुत्र बादल पटेल, साली पूजा पटेल एवं पूजा का लड़का लव पटेल साढ़ू भाई तुलसी राम के साथ अपने गांव ताला देवरी जा रहे थे। सिध्दार्थ ढाबा बुढ़ागर मैन रोड क्रास करते रात लगभग साढे दस बजे जबलपुर तरफ से एक कार क्रमांक एमएच 32 ए एक्स 0609 का चालक तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक चलाते हुये उसकी गाडी के पीछे जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे गाडी में बैठी पत्नी शशि पटेल, पुत्र बादल पटेल, साली पूजा पटेल एवं पूजा का लड़का लव पटेल को चोटे आ गयी जिसे रात में ही 108 एम्बुलेंस से इलाज कराने सिहोरा सरकारी अस्पताल ले गये थे। टक्कर लगने से उसकी कार क्षतिग्रस्त होने से नुकसान हो गया है। रिपोर्ट पर धारा 281 125, 324(4) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## शराब के लिए रुपये नहीं देने पर कर दी पत्नी की धुनाई

**जबलपुर,देशबन्धु।** शराब के लिए रुपये देने से इंकार करते हुए पत्नी अपनी नानी की घर चली गयी थी। पति ने नानी के घर पहुंचकर पत्नी की धुनाई कर दी। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया। बेलबाग थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रात श्रीमति नम्रता जाट पति रितेश जाट निवासी ओम साँई दुर्गा मंदिर कंजई मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत षाम पति काम पर न जाकर शराब पीने के लिये पैसा मांगा रहा था। उसने पैसे देने से मना करते हुए नानी के घर चली आई थी। उसका पति पीछे पीछे नानी के घर आकर शराब पीने के लिये पैसे मांगने लगा तो उसने पैसे देने से मना किया तो इसी बात को लेकर नानी के घर बाहर गाली गलौज कर हाथ घूसो से मारपीट करने लगा और सब्जी काटने वाले चाकू से हमला कर माथे पर एवं दाहिने हाथ की कलाई में चोट पहुंचा दी एवं जान से मारने की धमकी देते भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 119(1), 351(2) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# दस साल की सजा काटने के बाद हाईकोर्ट ने किया दोषमुक्त

## पत्नी की हत्या कर लाश दफनाने के मामले में

**जबलपुर,देशबन्धु।** दस साल के कारावास की सजा काटने के बाद हाईकोर्ट ने पत्नी की हत्या कर उसकी लाश को दफनाने के मामले में आरोपी पति को दोषमुक्त कर दिया है। हाईकोर्ट जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस अनुराधा षुक्ला ने पाया कि पूरा मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आराधित है। एफएसएल रिपोर्ट के अनुसार जब्त की गयी कुल्हाडी में खून नहीं पाया गया था। महत्वपूर्ण गवाह अपने बयान से पलट गये थे। अपराध के लिए इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी पर खून का नही पाया जाना अभियोजन पक्ष के मामले को कमजोर करता है।

सीधी निवासी ष्याम लाल उर्फ पप्पू पांडे को कुल्हाडी से गर्दन पर हमला कर पत्नि की हत्या करने तथा षव को घर में दफनाने के अपराध में ट्रायल कोर्ट ने सितम्बर 2016 को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया था। अभियोजन के अनुसार आरोपी ने 14 अक्टूबर 2015 की रात को बारदात को अंजाम दिया था। घटना के समय उसके माता-पिता व भाई-बहन रिश्तेदारी में आयोजित समारोह में शामिल होने गये थे। घटना के संबंध में आरोपी ने अपनी चाची को बताया था। चाची ने अपने बेटे को फोन पर घटना की जानकारी दी थी। चचेरे भाई ने घटना के संबंध में पुलिस को सूचित किया था। पुलिस ने 15 अक्टूबर 2015 को घर का दरवाजा खोलकर आंगन से शव को बरामद किया था।

याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया था कि साक्षी बृजलाल लोधी ने ट्रायल कोर्ट में बताया था कि अपीलकर्ता 1 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक उसके घर में काम कर रहा था। पुलिस ने 15 अक्टूबर को उसके घर से अपीलकर्ता को गिरफ्तार किया था। उसके द्वारा अपीलकर्ता को किये गये भुगतान की रजिस्टर भी पेश किया गया है। किसी भी गवाह ने अपने वयान में यह नहीं कहा है कि उसने मुझे घटनास्थल में देखा था। युगल पीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि दूसरे दिन चचेरे भाई से चाबी लेकर घर का दरवाजा खोलकर आंगन में दफन लाश को पुलिस ने बाहर निकाला था। इसके अलावा भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 27 के तहत लिये गये अपीलकर्ता के वयान तथा उसकी गिरफ्तारी में 23 घंटे का अंदर है।

गिरफ्तारी पत्रक में उसकी गिरफ्तारी 16 अक्टूबर बताई गयी है। गिरफ्तारी पत्रक में एक स्थान पर उसे 15 अक्टूबर को गिरफ्तार करना बताया गया था। गिरफ्तारी पत्रक में कई स्थानों पर ओवरराइटिंग की गयी है। जिससे पता चलता है कि पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी की तारीख के संबंध में हेराफेरी की है। ट्रायल के दौरान अभियोजन साक्षी व अपीलकर्ता की चाची तथा उसका बेटा अपने वयान से पलट गये थे। इसके अलावा किसी भी गवाह ने अपीलकर्ता को घटना दिनांक को घर पर देखने के वयान नहीं दिया है। अपीलकर्ता ने किस उद्देश्य से पत्नी की हत्या अभियोजन यह भी साबित नहीं कर पाया है। अपीलकर्ता लगभग दस साल की सजा काट चुका है। युगल पीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेष के साथ उसे दोषमुक्त कर दिया।

## सामान्य प्रकृति में आपराधिक प्रकरण में हुआ दोषमुक्त,विभागीय जांच में किया दंडित

### हाईकोर्ट ने सीआरएस दिये जाने के आदेश को किया निरस्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** सामान्य प्रकृति के आपराधिक प्रकरण में न्यायालय ने दोषमुक्त कर दिया। विभागीय जांच में उसी मामले में अनिवार्य सेवानिवृत्ति प्रदान करने की सजा से दंडित किया गया। जिसके खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई करते हुए जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने विभागीय जांच में दंडित सजा को निरस्त कर दिया है।

याचिकाकर्ता निरंजन सिंह कौरव की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि मध्य प्रदेष ग्रामीण बैंक में फील्ड अधिकारी के रूप बरेली जिला रायसेन में पदस्थ था। इसके तथा शाखा प्रबंधक के खिलाफ किसान क्रेडिट कार्ड के नवीनीकरण के एजव में रिश्वत मांगने की शिकायत लोकायुक्त में करवाई गयी थी। लोकायुक्त ने शिकायत पर कार्यवाही करते हुए छापेमारी की कार्यवाही की थी। लोकायुक्त द्वारा उसके खिलाफ पांच हजार रुपये रिश्वत लेने की एफआईआर दर्ज की गयी थी।

लोकायुक्त द्वारा रिश्वत लेने के कारण प्रकरण दर्ज किये जाने के खिलाफ उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की गयी थी। विभागीय कार्यवाही के दौरान जारी नोटिस का उसकी तरफ से जवाब प्रस्तुत किया गया था। विभागीय जांच के दौरान गवाहों का परीक्षण नहीं करते हुए उसे अनिवार्य सेवानिवृत्ति की सजा से दंडित कर दिया था। जिसके खिलाफ उसने अपील प्राधिकरण की शरण ली थी। अपील प्राधिकरण ने भी उसकी अपील को खारिज कर दिया था। जिसके कारण उक्त याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई के दौरान एकलपीठ ने बताया गया कि लोकायुक्त द्वारा दर्ज आपराधिक प्रकरण तथा विभागीय जांच एक ही प्रकरण में प्रारंभ हुए थे। न्यायालय ने लोकायुक्त द्वारा दर्ज प्रकरण में उसे दोषमुक्त करार दिया है। आपराधिक प्रकरण में दोषमुक्त होने के बावजूद भी सामान्य प्रकृति के प्रकरण में उसे सजा से दंडित किया गया है। युगल पीठ ने सुनवाई के बाद अपने आदेष में कहा है कि वर्तमान मामले में याचिकाकर्ता को आपराधिक मामले में बरी कर दिया गया है, तो सेवा से बर्खास्त करने के लिए विभागीय जांच में पारित आदेश को रद्द किया जाना चाहिए। एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को पिछले वेतन का 50 प्रतिशत राशी तीन सप्ताह में प्रदान करने के आदेष जारी किये है।




## विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक के निष्कासन आदेश पर रोक

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट के जस्टिस डीडी बंसल की एकलपीठ ने विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक के निष्कासन आदेश को अनुचित पाकर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

याचिकाकर्ता सिवनी निवासी योगेंद्र सेन की ओर से अधिवक्ता रमाकांत अवस्थी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता सिवनी के छपारा विकासखंड में पदस्थ है। उसे शिकायत के आधार पर एक पक्षीय तरीके से बर्खास्त कर दिया गया। चूंकि यह रवैया नैसर्गिक न्याय सिद्धांत के विपरीत है, अत: हाईकोर्ट की शरण ली गई। ऐसा इसलिए भी क्योंकि कार्रवाई के नेपथ्य में दुर्भावना रेखांकित हुई है। साजिश के तहत कार्रवाई हुई है। इसके पर्याप्त साक्ष्य हैं। हाईकोर्ट ने तर्क से सहमत होकर अंतरिम राहत दे दी।

## हिस्ट्रीशीटर रज्जाक के गुर्गे फ्रांसिस को अग्रिम जमानत नहीं

**जबलपुर,देशबन्धु।** अपर सत्र न्यायाधीश महिमा कछवाहा की अदालत ने हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक के गुर्गे नवन होम्स अभिनंदन कालोनी तिलहरी निवासी फ्रांसिस फर्नांडिस की अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

मामला जमीन क्रय-विक्रय विवाद से संबंधित है। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक अनिल तिवारी ने अग्रिम जमानत का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि आरोप गंभीर प्रकृति का है। इस तरह के मामले में अग्रिम जमानत का लाभ देने से समाज में गलत संदेश जाएगा। साथ ही आवेदक साक्ष्यों को भी प्रभावित कर सकता है। अदालत ने तर्क से सहमत होकर अर्जी निरस्त कर दी।

## पवन केटर्स के संचालक के खिलाफ कुर्की वारंट जारी

**जबलपुर,देशबन्धु।** डेरी से सामग्री क्रय कर उसकी राशि का भुगतान न करने के मामले में पूर्व में दिये गये आदेश और पारित डिक्री का पालन न किये जाने के मामले को अदालत ने गंभीरता से लिया। व्यवहार न्यायाधीश सुश्री श्रद्धा पटेल ने सुनवाई दौरान पाया कि अनावेदक ने उक्त फैसले के खिलाफ अपील दायर की है, लेकिन अपील पर कोई स्थगन न होने को मद्देनजर रखते हुए अदालत ने पवन केटर्स के संचालक पवन गुप्ता के खिलाफ कुर्की वारंट जारी करने के आदेश दिये है। दरअसल यह मामला दीपक कुमार रजक ने अधिवक्ता संजय शर्मा के माध्यम से दायर किया। जिसमें कहा गया कि आवेदक दिव्यांश डेरी एवं बेकरी का संचालन करता है। वहीं अनावेदक मदन महल रतन नगर निवासी पवन गुप्ता पिता रामेश्वर गुप्ता कैटरर्स का काम करता है। जो कि आवेदक की डेयरी से दूध, दही, पनीर व अन्य सामग्री का क्रय करता रहा और चौक व नगद के माध्यम से राशि भुगतान करता रहा। कई मर्तबा अनावेदक उधारी पर भी सामग्री लेता रहा। जब राशि एक लाख के पार हो गई तो आवेदक ने राशि के न्यायालय की शरण ली थी। उक्त मामले अगस्त 2024 में अदालत ने 83 हजार रुपये की राशि छह फीसदी ब्याज के साथ भुगतान के निर्देश अनावेदक पवन गुप्ता को दिये थे।

**नहीं किया राशि का भुगतान**-वादी के अधिवक्ता संजय शर्मा ने बताया कि अदालत के आदेश के बावजूद भी अनावेदक ने राशि का भुगतान नहीं किया। जिस पर निष्पादन की कार्यवाही के लिये आवेदन पेश किया गया। जिस पर अनावेदक की ओर से अदालत के वक्त फैसले के खिलाफ अपील दायर की गई। विचारण न्यायालय के समक्ष श्री शर्मा ने तर्क पेश किया कि अपील पर अब तक कोई स्थगन नहीं है, यह सिर्फ निष्पादन की कार्यवाही को टालने के लिये उस पर जोर दिया जा रहा है। पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने अनावेदक के आवेदन को निरस्त कर उसके खिलाफ कुर्की वारंट जारी करने के निर्देश दिये।

## मृत्यु दावा के 103 प्रकरण निराकृत, ढाई करोड़ की राशि वितरित

### एसबीसी तत्परता से प्रकरणों का किया निराकरण

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद ने तत्परता से मृत्यु दावा प्रकरणों का निराकरण करते हुए 103 मामलों का पटाक्षेप कर दिया है। इसके लिये ढाई करोड़ रुपये की राशि अधिवक्तागणों के परिजनों के खाते में ट्रांसफर की गई है।

एसबीसी के वाईस चेयरमेन आरके सिंह सैनी ने बताया कि परिषद में लंबित 103 मृत्यु दावा प्रकरण पर परिषद के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता एवं परिषद के कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी द्वारा अपने हस्ताक्षर कर मृत अधिवक्तागणों के परिजनों को कुल ढाई करोड़ रुपये की मृत्यु दावा राशि प्रदान की गई। श्री सैनी ने बताया कि पिछले 1 वर्ष से लगातार मृत्यु दावा प्रकरणों का भुगतान 5 से 10 दिनों के बीच निपटारा किया जा रहा है, जिसे पूर्व में कई महीने लगते थे। अभी जो मृत्यु दावा प्रकरणों का भुगतान अधिवक्तागणों के परिजनों के खातों में ट्रांसफर किये गये है, जिसे वह तत्काल ही चेक करवा सकते है। श्री सैनी ने कहा कि आगे भी लगातार अधिवक्तागणों के हितार्थ कार्य होते रहेंगें। इसी तरह से अधिवक्तागणों को मिलने वाले मेडिकल क्लेम के मामलों में भी शीघ्रता दिखाते हुये तत्काल ही उनका भुगतान किया जा रहा है। जिससे काफी अधिवक्तागण और उनके परिजन लाभान्वित होगें।

## दैवेभो कर्मियों के नियमितिकरण के लिये बनाये पॉलिसी

### हाईकोर्ट ने सरकार को दिये निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने सरकार को निर्देशित किया है कि कि 10 वर्ष से अधिक की सेवा देने वाले सभी दैवेभो को नियमितीकरण का लाभ देने सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के तहत पॉलिसी बनाएं। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने मुख्य सचिव को इसके लिए एक स्क्रूटनी कमेटी बनाने के निर्देश दिये हैं। ये कमेटी प्रदेश के सभी विभागों में कार्यरत उन दैवेभो कर्मियों की जांच करेगी जिन्होंने 10 वर्ष से अधिक की सेवाएं दी हैं। हाईकोर्ट ने इस आदेश की कॉपी राज्य के मुख्य सचिव को आवश्यक कार्रवाई एवं अनुपालन के लिए भेजने के निर्देश दिये है।

जबलपुर निवासी लोक निर्माण विभाग में दैवेभो के रूप में कार्यरत अशोक कुमार व अन्य की ओर से 2023 में याचिका दायर कर नियमितिकरण की मांग की थी। याचिका में दलील दी गई थी कि उनके बाद नियुक्त हुए कई कनिष्ठ कर्मियों को को नियमित कर दिया गया है लेकिन उनका दावा निरस्त कर दिया गया। मामले पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों के प्रमुख सचिवों को पत्र लिखकर 10 साल से अधिक सेवा कर चुके दैवेभो या अस्थाई कर्मचारियों की अनियमित (अवैधानिक नहीं) को नियमित करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश जारी कर दिये हैं। ऐसे कर्मचारियों की जानकारियां एकत्र की जा रही हैं। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## बुजुर्ग ने पत्नी का गला घोंट कर दी हत्या

- बेटे की रिपोर्ट पर आरोपी पिता गिरफ्तार
- नागौद थाना के पीली घाट का मामला



**सतना, देशबन्धु।** नागौद थाना क्षेत्र में तीन दिन के अंदर हत्या का दूसरा मामला सामने आया है। इस बार एक बुजुर्ग ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे बेटे की रिपोर्ट पर पुलिस ने उसके आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाही निरीक्षक अशोक पांडेय के नेतृत्व में की गई है।

पुलिस के अनुसार, पीली घाट निवासी दीपक बिरहा पिता मंगलप्रसाद बिरहा ने सोमवार की सुबह रिपोर्ट किया कि उसकी मां माया देवी से पिता मंगल प्रसाद आए दिन लड़ाई झगड़ा करते हुए मारपीट करते थे। समझाने पर कुछ दिन शांत रहते और फिर से वही हरकत करने लगते। दीपक ने बताया कि उसके छोटे भाई नीरज ने फोन पर कहा कि मम्मी बोल नहीं रही हैं। घर जाकर देखा तो मां अचेत पड़ी थीं और उनके गले के पास रगड़ का निशान था। पिता से पूछा तो उन्होंने बताया कि सुबह 6 बजे माया किच- किच कर रही थी।

गुस्से में उसे एक थप्पड़ मारा तो वह गिर पड़ी। इसके बाद दोनों हाथ से उसका गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस की विवेचना में भी आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया है। मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने आरोपी सेवानिवृत्त सफाई कर्मी मंगल प्रसाद बिरहा पिता भगवानदीन बिरहा (68) निवासी पीली घाट नागौद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## सड़क हादसे में दो बाइक सवार घायल

**दमोह, देशबन्धु।** ओवरटेक करते समय दो बाइक सवार सामने से आ रही वैन से टकरा गए। दोनों को गंभीर हालत में जबलपुर रेफर किया गया है। घटना सोमवार दोपहर तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के दुर्गा मंदिर के पास हुई। घायल कच्छार गांव निवासी अखिलेश आदिवासी 25 वर्ष और दुर्गेश 19 वर्ष हैं।

अखिलेश के पिता ओंकार ने बताया कि उनके बड़े बेटे की शादी होने वाली है। उसका कार्ड बांटने के लिए दोनों युवक खगरिया गांव में गए थे। वापस लौटते समय हादसा हो गया। घटना के समय तारादेही पुलिस मौके से गुजर रही थी। पुलिस ने तुरंत 108 एंबुलेंस को बुलाया और घायलों को तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।


## बिना मुखिया का महाविद्यालय जर्जर

**गोटेगांव, देशबन्धु।** गोटेगांव शहर में उच्च शिक्षा का एकमात्र मंदिर अपनी बेबसी पर आंसू बहा रहा है परंतु मध्यप्रदेश शासन और शासन के जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कई वर्षों से यह महाविद्यालय प्राचार्य विहीन है। स्मरण हो कि इस महाविद्यालय में तत्कालीन प्राचार्य डॉक्टर आरपी गौतम के सेवा निवृत होने के बाद आज तक कोई प्राचार्य की नियुक्ति मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नहीं की गई।

अब यह महाविद्यालय प्रभारियों की ऑक्सीजन पर चल रहा है। न कर्मचारियों का भविष्य है न ही अध्ययनरत छात्र और छात्राओं का कोई भविष्य है साथ ही स्टाफ की भी कमी इस महाविद्यालय में चल रही है। यह खबर कई बार मीडिया की सुर्खियां बना फिर भी शासन के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। आखिर शासन क्या चाहता है इस महाविद्यालय में बिना राजा की फौज चल रही है कर्मचारियों को तो समय पर भी वेतन नहीं मिल पाता है। ये सभी विषय नगर के गणमान्य नागरिकों के बीच चर्चा का विषय बनते जा रहे हैं।

**अप डाउन पर आश्रित महाविद्यालय** – गोटेगांव के शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय अधिकारियों,व्याख्याताओं और अन्य प्रतिदिन ट्रेन से अप डाउन करते हैं जिससे इस महाविद्यालय के सभी कार्य ठीक ढंग से नहीं हो पाते हैं। इस महाविद्यालय का कोई नियम नहीं है। अध्ययनरत छात्र एवं छात्राएं यहां वहां फिरते नजर आते हैं।

एक महिला अधिकारी को प्राचार्य का जिम्मा प्रभार सौंपा है जो शिथिलता वश महाविद्यालय में अपना वर्चस्व नहीं दिखा पाती हैं।



### अब तक प्राचार्य की नियुक्ति नहीं, जिसे जिम्मा सौंपा वो बेअसर

यदि यहां पर कोई तेज तर्रार प्राचार्य की नियुक्ति हो तो वाकई इस महाविद्यालय की खोई हुई रौनक वापिस आ सकती है इस कालेज का दुर्भाग्य ही है कि यहां पर शासन की पकड़ कमजोर है । शासन के कर्णधार इस ओर ध्यान दें।

**बिल्डिंग की छाप गिरती हुई** – महा विद्यालय का भवन भी जर्जर होने लगा है कहीं पर सीमेंट से हुई छाप गिर रही है तो कहीं कक्ष में लगी आग की कालिख भी अभी नहीं छूटी है यह नगर का एकमात्र उच्च शिक्षा मंदिर कॉलेज भी श्मशान नजर आने लगा है। शासन ध्यान दे।

### सार-समाचार

## आठ को संविधान बचाओ रैली का आयोजन

**पनागर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के आह्वान पर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में समस्त ब्लॉकों का धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है यह रैली 8 मई को 3ः00 बजे जिला पंचायत जबलपुर कार्यालय से प्रारंभ होगी यह संविधान बचाओ रैली का समापन अंबेडकर चौक पर आमसभा में परिवर्तित होगी जिसमें जिला ग्रामीण के प्रभारी विधायक रजनीस सिंह सह प्रभारी सुनीता पटेल पूर्व विधायक गाडरवारा के साथ जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ नीलेश जैन और तमाम वरिष्ठ जन सभा को संबोधित करेंगे संजय श्रीवास्तव अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीताराम कुशवाहा सुशील कुशवाहा सुशील केवट धर्मेंद्र राय कुंदन सिंह धर्मेंद्र यादव रवि शंकर गोटिया जितेंद्र यादव जितेंद्र कुशवाहा मनोज पटेल राकेश यादव सिद्धक संतोष प्रजापति संजय ठाकुर सुरेंद्र तिवारी राजू महोबिया सुशील कुशवाहा अनंत पटेल धर्मेंद्र पटेल जितेंद्र पटेल विष्णु पटेल विजय पटेल गोलू यादव सत्यम ठाकुर रत्नेश ठाकुर संतोष रजक पार्षद गण तुलसीराम कुशवाहा बाबू खान संकी यादव प्रमोद पटेल बेडी लाल कुशवाहा जनपद सदस्य प्रदीप पटेल राजेंद्र पटेल जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल राजेश पटेल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सममति सैनी पूर्व प्रदेश महामंत्री कांग्रेस कमेटी संगीता सिंह विनीता यादव वीरेंद्र चौबे राधेश्याम चौबे प्रदीप पटेल न पा अध्यक्ष पनागर महेंद्र चक्रवर्ती उपाध्यक्ष न पा विमल जैन राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि बालकिशन पटेल भगवान दास पटेल रामदास पटेल शेख शमीम बबल भाईजान इनायत खान यूनुस खान सुभाष पटेल महाराजपुर शंकर सिंह परिहार अतुल विश्वकर्मा रिंकू तिवारी बेलखारु अध्यक्ष जोगेंद्र पटेल अशोक पटेल हन्नु पहलवान वरिष्ठ कांग्रेस नेता जीवन कुशवाहा जी जितेंद्र सिंह ठाकुर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शरद खजांची पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मुन्ना कुशवाहा इलियास भाईजान रवि चरण पांडे धनराज केवट पंकज गुप्ता संजय केवट अरविंद केवट सुनील कुशवाहा सचिन तिवारी सेंडटू जैन सभी ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है।

## आचार्य गुरुवर की आहारचार्य हुई



**पनागर, देशबन्धु।** परम पूज्य संत शिरोमणि नवाचार आचार्य 108 समय सागर महाराज जी की आहारचरया आज नगर के चौधरी परिवार में अजीत चौधरी पूर्व पार्षद मिल बालों के यहां सानंद संपन्न हुए हुए इस अवसर पर श्री स्वर्ण लाडगंज जैन मंदिर फुहारा के उपाध्यक्ष मिंकु जैन जबलपुर सहित नगर के सैकड़ो भक्त जनो ने आहार देकर पुण्य अर्जन किया नगर के अलावा दूर-दूर से दर्शनार्थी पनागर पहुंचकर गुरुदेव के प्रवचन सहित अन्य आयोजन में सम्मिलित होकर धर्म लाभ ले रहे हैं।

## भगवान परशुराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

### आज शाम भव्य दिव्य शोभायात्रा



**बरेला, देशबन्धु।** विष्णु के अवतार परम पराक्रमी तपस्वी भगवान परशुराम जी की आदमकद अष्टधातु से निर्मित मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का पांच दिवसीय आयोजन आज मंगलवार 6 मई को शाम 5 बजे स्थानीय भैरव बाबा मंदिर से विशाल शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकलेगी। आयोजन समिति के अरविन्द तिवारी, योगेश दुबे, प्रतीक दुबे, रजनीश पांडे, ज्ञानुप्यासी, आशीष शुक्ला, गोल्डी दुबे ने बतलाया कि शोभायात्रा में साधु संत, महात्मा, जनप्रतिधि, गणमान्य नागरिक, अंतराष्टीय श्याम बैड, आकर्षक झांकी, आतिशबाजी कलश शामिल हो रहे है। अनुष्ठान आचार्य अरुण दुबे और रमेश शास्त्री जी के सांनिध्य में विधि-विधान से किया जायेगा। प्रतिदिन रात्रि कालीन आयोजन में आशीर्वचन, शिवानी दुबे द्वारा संगीतमय सुंदरकांड, मोती शिवहरे मंडली का शानदार नृत्य, प्रहसन आदि रखे गये है। 10 मई को समरसता भोज, विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

## शिक्षा सत्र और परीक्षाओं के संचालन में अभिभावकों की मांग

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** प्रदेश के शिक्षा सत्र और परीक्षाओं के संचालन में हो रहे बदलावों के संबंध में अभिभावकों ने ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा है कि वर्तमान व्यवस्था छात्रों के शैक्षणिक विकास और उनके बचपन की स्वाभाविक खुशियों पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है।

मुख्य चिंताएं और सुझाव- शैक्षणिक सत्र का प्रारंभ- अभिभावकों ने अनुरोध किया है कि शैक्षिक सत्र पूर्ववत 1 जुलाई से ही प्रारंभ किया जाए। वर्तमान में सत्र को पहले शुरू करने से छात्रों पर अनावश्यक दबाव पड़ता है और उन्हें पर्याप्त विश्राम का समय नहीं मिल पाता।

परीक्षा का समय- परीक्षाएं फरवरी-मार्च में पढ़ाई पूरी होने के बाद, 15 मार्च से 25 अप्रैल के मध्य आयोजित की जाएं। इससे छात्रों को फरवरी और मार्च के मध्य भी पढ़ाई करने का पर्याप्त समय मिलेगा, खासकर कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्रों को इसका विशेष लाभ होगा। अभिभावकों की मानसिकता- यह सर्वविदित है कि अधिकांश माता-पिता परीक्षा समाप्त होने के बाद छात्रों को विद्यालय भेजना उचित नहीं समझते। इसके परिणामस्वरूप, अप्रैल माह में छात्रों की उपस्थिति बहुत कम रहती है और पाठ्यक्रम पूरा करने का उद्देश्य



अधूरा रह जाता है। समर कैंप का स्वरूप- अभिभावकों का सुझाव है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश को समर कैंप के रूप में औपचारिक रूप देने के बजाय, इसे बच्चों को अपने घरों पर रहकर अपने परिवार और परिवेश से जुड़ने का अवसर दिया जाए। पिछली पीढ़ी के बच्चों की तरह, उन्हें अपने मामा-मौसी के घर जाने और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने का अवसर मिलना चाहिए। पिछली पीढ़ी का अनुभव- 30 अप्रैल की तारीख आज भी हमारी पिछली पीढ़ी के लोगों को याद है, जब परीक्षा परिणाम आते थे और ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होता था। यह समय खुशियों और पारिवारिक मेलजोल का होता था। आधुनिक जीवनशैली का प्रभाव- वर्तमान में एकल परिवार और व्यस्त जीवनशैली के कारण बच्चों को पहले जैसा पारिवारिक माहौल और मामा-मौसी का स्नेह नहीं मिल पाता। ऊपर से, नई कक्षा का बोझ पहले से ही डाल दिया जाता है, जिससे बच्चों की छुट्टियां प्रभावित होती हैं। अभिभावकों की अपेक्षाएं- आधुनिक माता-पिता की अपेक्षाओं के कारण बच्चे विभिन्न कोचिंग और क्लासों में उलझे रहते हैं, जिससे उनका बचपन कहीं खो जाता है। अभिभावकों की मांग है कि इन बिंदुओं पर विचार करते हुए शिक्षा सत्र और परीक्षा प्रणाली में आवश्यक परिवर्तन करने की कृपा करें, ताकि हमारे प्रदेश के छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें और अपने बचपन की खुशियों को भी अनुभव कर सकें।

### शहर की सब्जी मंडी में सड़क हादसा

## सब्जी खरीदते शख्स की मौत

**रीवा देशबन्धु।** शहर के सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने गए एक शख्स की सड़क हादसे में मौत हो गई। यह हादसा शहर के भीतर स्थित सब्जी मंडी में हुआ। जहां एक अज्ञात बाइक सवार ने शख्स को टक्कर मार दी। जिसमें घायल शख्स की अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई। दरअसल यह हादसा शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित सब्जी मंडी के भीतर हुआ है। घटना के संबंध में मृतक के पुत्र ने जानकारी देते हुए बताया है कि उसके पिता मोहम्मद शहीद मंसूरी निवासी अमहिया रोजाना की तरह आज सुबह सब्जी खरीदने के लिए सब्जी मंडी गए हुए थे। बताया गया कि वह मंडी में सब्जी खरीद रहे थे। तभी एक अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। अचानक हुए हादसे के दौरान सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए शख्स को आननफानन में उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि दुर्घटना कारित करने वाले बाइक सवार की पहचान अब तक नहीं की जा सकी है। फिलहाल पुलिस द्वारा पंचनामा कारवाई कर शव का पीएम कराया जा रहा है और मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।



## नाबालिग के दुष्कर्मी को दस साल की सजा

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** न्यायालय, द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्रीमती संतोषी वासनिक के न्यायालय द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म के प्रकरण में आरोपी कोमल उर्फ छोटू आ0 भैरोप्रसाद जाटव आयु 21 वर्ष, निवासी- ग्राम मढपिपरिया, थाना महाराजपुर, जिला सागर (म.प्र.) को दोषसिद्ध पाते हुए आरोपी को धारा- 3/4 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000/- जुर्माना सें तथा भादवि की धारा 366 में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000/- जुर्माना से दंडित किया गया। जिला अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि अभियोक्त्री के पिता ने आरक्षी केन्द्र पलोहा में इस आशय की रिपोर्ट लेख करायी कि दिनांक 30/11/2023 को करीब 2 बजे अभियोक्त्री शौच जाने का कह कर घर से गई जो कि वापस नहीं आई, जिसे उन्होने आसपास तलाश किया परंतु वह कहीं नहीं मिली। फरियादी की रिपोर्ट पर आरक्षी केन्द्र पलोहा में गुमशुदगी रिपोर्ट पंजीबद्ध की गई जिसके आधार पर अपराध क्रमांक 220/2023 पर धारा 363 भादवि के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की जाकर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान अभियोक्त्री को दस्तयाब कर उसके कथन लेखबद्ध किए जाकर उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। प्रकरण में संहिता की धारा 366, 376 एवं अधिनियम 2012 की धारा 5/6 का इजाफा किया गया।

## मेंटेनेंस के नाम पर अघोषित लाइट कटौती से लोग परेशान

**जबलपुर, देशबन्धु।** आज दिनांक 05 मई 2025, सोमवार को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश महासचिव रामदास यादव के नेतृत्व में विद्युत मंडल रांझी कार्यालय का घेराव कर मुख्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया इस दौरान विधुत मंडल अधिकारी से चर्चा कर श्री यादव ने बताया कि कैंट विधानसभा क्रं.99 के अंतर्गत रांझी क्षेत्र के महर्षि सुदर्शन वार्ड, भगत सिंह वार्ड, अंबेडकर वार्ड, लाला लाजपत राय वार्ड, गोकलपुर वार्ड एवं नया वार्ड क्रं. 79 में मेंटेनेंस के नाम पर लगा-तार 6 से 8 घंटे अघोषित लाइट कटौती की जा रही है जिसके कारण छोटे-छोटे मध्यम व्यापार जैसे ऑनलाइन वर्क, फोटो कॉपी, लाइट वेल्डिंग, प्रभावित हो रहा है वहीं आइसक्रीम पार्लर, दूध डेयरी, बेकरी, मिठाईयां फ्रीजर बंद होने के कारण खराब हो रही है व्यापारियों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

वही भीषण गर्मी के चलते घरों में छोटे-छोटे बच्चे लाइट गोल होने से बीमार हो रहे हैं दूसरी ओर एम.पी.बी के ठेकेदार कमचारियों द्वारा जबरदस्ती नए मीटर लगाने उपभोक्ताओं से अभद्रता कर रहे है वहीं मीटर वाचक रीडिंग समय अवधि पर नहीं कर रहे है जिसके कारण उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार से मिलने वाली सब्सिडी के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है।

श्री यादव ने कहा विद्युत मेंटेनेंस लाइट कटौती समय सीमा अधिकतम 2 घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए। उक्त मांगों को तीन दिवस में समाधान किया जाए अन्यथा कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन, धरना प्रदर्शन करने वाध्य होगी जिसकी समस्त जवाबदारी विद्युत मंडल एवं जिला प्रशासन की होगी।

इस दौरान पूर्व प्रदेश महासचिव रामदास यादव, जगतमणि चतुर्वेदी, नेम सिंह ठाकुर, लक्ष्मण समुंद्रे, सुभाष पटेल, हुकुमचंद जैन, सोनू दुबे, ईश्वरी पटेल, आशु बत्स, जग्गू विश्वकर्मा, राजेश चौबे, राज चौधरी, रिंकू कुशवाहा, बंटी मारुति, कमलेश चौधरी, राजकुमार सोनी, मनोज कुशवाहा, सुनील सराठे, प्रशांत सोनी, बसंत बैन आदी कांग्रेस जन उपस्थित रहे।



कांग्रेस ने रांझी विद्युत मंडल कार्यालय का किया घेराव, सौंपा ज्ञापन

## कर्मचारियों से मारपीट को लेकर अजाक्स संघ ने रांझी थाना घेरा

**जबलपुर, देशबन्धु।** अजाक्स संघ के अध्यक्ष श्री अमित मेहरा को जानकारी प्राप्त हुई कि नगर निगम संभाग क्र. 10, रांझी के अंतर्गत डोर टू डोर कचरा कलेक्षन सुपरवाईजर रिषी यादव ट्रिपर चालक व हेल्पर के साथ डोर टू डोर कचरा कलेक्षन का कार्य किया जा रहा था।

डोर टू डोर सुपरवाईजर रिषी यादव द्वारा रांझी स्थित रेखा चौधरी के घर पर कचरा कलेक्षन का कार्य किया जा रहा था उसी समय रेखा चौधरी एवं उनके पुत्र मृदुल चौधरी द्वारा डोर टू डोर सुपरवाईजर रिषी यादव, ट्रिपर चालक एवं हेल्पर के साथ गाली गलौच की गई साथ ही कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की गई। रेखा चौधरी एवं उनके पुत्र मृदुल चौधरी के द्वारा कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी भी दी गई। रेखा चौधरी एवं उनके पुत्र मृदुल चौधरी के द्वारा कर्मचारियों के साथ किये गये इस कृत्य पर जब डोर टू डोर सुपरवाईजर रिषी यादव, ट्रिपर चालक एवं हेल्पर के द्वारा जब थाने में षिकायत की गई तो थाने में कर्मचारियों की षिकायत को दर्ज नहीं किया गया। जब यह बात अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा को पता चली तो अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा के द्वारा रांझी संभाग की समस्त डोर टू डोर कचरा कलेक्षन की टीम को लेकर रांझी थाने का घेराव किया गया।

अमित मेहरा के द्वारा कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों पर तत्काल एफ. आई. आर. करायी गई। आरोपियों पर रांझा थाने द्वारा बी.एन.एस. 2023 के तहत धारा 296, धारा 115(2), धारा 351(2), धारा 3(5) के तहत आपराधिक मामले दर्ज किये गये। साथ ही अमित मेहरा के द्वारा रांझी सी.एस.पी. एवं टी.आई. से कहा गया कि जल्द जल्द आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो नगर निगम जबलपुर में कामबंद ह?ताल की जावेगी जिसकी संपूर्ण जबाबदारी प्रषासन की होगी। रांझी थाने का घेराव करने हेतु अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा, जगदीष नन्हेट, गुलशन जबलपुरी, श्रीनिवासलू, रिषी यादव, अचैया कोरी, राजेन्द्र पटेल, मन्नूलाल पटेल, रामाराव मगरदे, कालूराम सोलंकी, समीम भईजान, सामियल, दयाराम ध्रुर्वे, कोयरी नायडू, रामू, जे. प्रवीण, महेन्द्र मलिक, सोनू श्रीवास, राममूर्ति, राहुल कोरी, सुनील सिगोटिया सहित रांझी डोर टू डोर कचरा कलेक्षन टीम के समस्त कर्मचारी अधिक संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## मगरधा गांव में पानी की समस्या दूर-दूर से पानी ला रहे ग्रामीण

**पथरिया, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत सेमरा लोधी के मगरधा मैप पेयजल की समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है। 605 लोगों की आबादी वाले इस गांव में बच्चों से लेकर बुजुर्ग एवं महिलाएं पानी की एक-एक बूंद के लिए मोहताज है। ताज्जुब करने वाली बात तो यह है कि यहां लगभग दर्जन भर बोरवेल एवं नल कनेक्शन है परंतु उन सभी में से मात्र 3 कनेक्शन सुचारू रूप से चल रहे है। जोकि निजी है तथा इन निजी कनेक्शन से ही यहां के ग्राम वासी अपने अपने घरों तक पानी ले जाते है। ग्रामीणों ने बताया कि वैसे तो मध्य प्रदेश सरकार नल जल योजनाए अटल भूजल योजना के नाम पर करोड़ो खर्च कर रही है परंतु आज भी ऐसे सैंकड़ों गांव है जो पानी से वंचित है। जिसका खामयाजा यहां के छोटे-छोटे बच्चों की पढ़ाई का तो होता ही है। साथ में पानी न होने से घर के लोग रोजगार की तलाश में बाहर नहीं जा पाते। जिससे घर की अर्थ व्यवस्था चौपट हो रही है सुविधाओं के अभाव में सरपंच भी लाचार नजर आ रहे हैं। गांव में पानी की समस्या से प्रशासन के अधिकारियों को अवगत भी कराया गया सीएम हेल्पलाइन लगाई गई यहां तक की क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री लखन पटेल से भी क्षेत्र की जनता ने पानी के लिए गुहार लगाई है।



## भारत के साथ तनाव कम करने में मदद कीजिए, रूस से गुहार लगा रहा पाकिस्तान

**मॉस्को।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान में भारत को लेकर डर का माहौल है। इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी। अब पड़ोसी देश को खौफ सता रहा है कि कहीं भारत उस पर हमला न कर दे। भारत ने सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर सख्त कदम उठाए हैं, जिससे घबराया हुआ पाकिस्तान अब अंतरराष्ट्रीय समुदाय, खासकर रूस, से मदद की गुहार लगा रहा है। पाकिस्तान ने रूस से मध्यस्थता की मांग की है। मॉस्को में पाकिस्तान के राजदूत ने भारत के साथ बढ़ते तनाव को कम करने में रूस की मदद मांगी है। एक इंटरव्यू में राजदूत मोहम्मद खालिद जमाली ने कहा कि रूस की भारत के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी है और पाकिस्तान के साथ भी उसके बहुत अच्छे संबंध हैं, ऐसे में वह 1966 के ताशकंद समझौते की तरह मध्यस्थता के लिए अपने अच्छे संबंधों का इस्तेमाल कर सकता है। ताशकंद में तत्कालीन सोवियत संघ के प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच सशस्त्र संघर्ष को समाप्त करने में मदद की थी। यह इंटरव्यू बाद में समाचार एजेंसी 'टीएएसएस' ने प्रकाशित किया।

# 8 लाख हिंदुओं को कनाडा से निकालने की मांग

## खालिस्तानियों ने निकाली परेड, प्रधानमंत्री कार्नी पर उठे सवाल



कनाडा के टोरंटो शहर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है जहां हिंदू विरोधी परेड निकाली गई। यह परेड ऐसे समय में आयोजित की गई, जब कनाडा के हालिया चुनाव में मार्क कार्नी ने जीत हासिल कर दोबारा पीएम पद संभाला है। इससे पहले जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में भारत के साथ कनाडा के रिश्ते लगातार तनावपूर्ण रहे थे, और अब इस परेड ने नए पीएम के नेतृत्व पर भी सवाल खड़ा कर दिया है।

इस खालिस्तानी समर्थक कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के पुतलों को पिंजरे में बंद करके प्रदर्शित किया गया। परेड में नारे लगाए गए कि यह प्रदर्शन पंजाब की आजादी के लिए है।

कनाडाई पत्रकार डैनियल बोर्डमैन ने रविवार को एक वीडियो शेयर किया, जिसमें टोरंटो के मलटन गुरुद्वारे में हुई कथित 'हिंदू विरोधी परेड' दिखाई गई है। इस वीडियो के बहाने बोर्डमैन ने कनाडा के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की सरकार से सवाल पूछा है कि क्या वे पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की तरह ही खालिस्तानियों के प्रति नरमी बरतेंगे या सख्त रुख अपनाएंगे?

एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए बोर्डमैन ने लिखा, हमारी सड़कों पर दहशत फैलाते जिहादी हमारे सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचा रहे हैं और यहूदियों को खुलेआम धमका रहे हैं। लेकिन खालिस्तानी भी नफरत फैलाने की इस होड़ में पीछे नहीं हैं। क्या मार्क कार्नी का कनाडा जस्टिन ट्रूडो के कनाडा से अलग होगा? बोर्डमैन ने यह बयान शॉन बिंदा नामक एक अन्य यूजर्स की पोस्ट के जवाब में दिया, जिसमें बिंदा ने दावा किया कि मलटन गुरुद्वारे में खालिस्तानी समूह ने कनाडा में रह रहे 8 लाख हिंदुओं को हिंदुस्तान वापस भेजने की मांग की। उन्होंने इसे खालिस्तानी आतंकियों की खुली एंटी-हिंदू नफरत बताया।

**8 लाख हिंदुओं को हिंदुस्तान भेजने की मांग**- बिंदा ने अपनी पोस्ट में लिखा, मलटन गुरुद्वारा (टोरंटो) द्वारा 8 लाख हिंदुओं को हिंदुस्तान भेजने की मांग की गई। ये हिंदू त्रिनिदाद, गुयाना, सूरीनाम, जमैका, साउथ अफ्रीका, नीदरलैंड्स, मलेशिया, श्रीलंका, सिंगापुर, केन्या और अन्य कई देशों में बसे हुए हैं। यह भारत सरकार के खिलाफ विरोध नहीं है, यह साफ तौर पर हिंदुओं के खिलाफ नफरत है। यह विवादास्पद परेड उस समय सामने आई है जब हाल ही में हुए कनाडा के आम चुनाव में मार्क कार्नी और उनकी लिबरल पार्टी ने जीत हासिल की है।

### मंदिरों पर लगातार हमले, चिंता में हिंदू समुदाय

यह पहली बार नहीं है जब बोर्डमैन ने खालिस्तानी गतिविधियों पर सवाल उठाए हों। अप्रैल में उन्होंने यह आरोप लगाया था कि ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर को तीसरी बार निशाना बनाया गया। उन्होंने बताया कि मंदिर की दीवारों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखे गए और सुरक्षा कैमरा भी चोरी कर लिया गया। उन्होंने एक वीडियो में कहा, मैं वहां पहुंचा तो देखा कि दीवार पर लिखा गया ग्रैफिटी पहले ही हटा दिया गया था, लेकिन कांच अब भी टूटा हुआ था। भक्तों और मैनेजमेंट से बात करने पर पता चला कि सुबह करीब 3 बजे यह सब हुआ।

वहां खालिस्तानी नारे भी लिखे थे। चिंता की बात यह है कि पुलिस के आने से पहले ही ग्रैफिटी क्यों हटा दिया गया? कई भक्त बहुत दुखी थे। उन्होंने यह भी दावा किया कि उसी रात वैंकूवर के एक गुरुद्वारे को भी खालिस्तानी तत्वों ने नुकसान पहुंचाया। कनाडा में बसे भारतीय मूल के हिंदू समुदाय के बीच यह घटनाएं गहरी चिंता पैदा कर रही हैं। अब निगाहें इस बात पर हैं कि क्या मार्क कार्नी की सरकार इस मुद्दे पर ठोस कार्रवाई करेगी या ट्रूडो सरकार की तरह ही चुप्पी साधे रखेगी।

## आज का इतिहास

1529 – बंगाल के अफगान शासक नसरत शाह को गोगरा नदी के किनारे हुई लड़ाई में बाबर के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा।
1589 – महान गायक मियां तानसेन का निधन।
1840 – दुनिया की पहली गोंद लगी डाक टिकट %पेनी ब्लैक% का ग्रेट ब्रिटेन में उपयोग।
1857 – ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल नेटिव इंफैंटरी की 34वीं रेजिमेंट को भंग किया। रेजिमेंट के सिपाही मंगल पांडेय ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह किया था।
1861 – मोतीलाल नेहरू का जन्म।
1910 – जॉर्ज पंचम, पिता एडवर्ड सप्तम की मृत्यु के बाद ब्रिटेन के सम्राट बने।
1940 – जॉन स्टेनबेक को उनके उपन्यास %द ग्रेप्स ऑफ रैथ% के लिए पुलित्जर पुरस्कार मिला।
1942 – फिलीपीन में अमेरिकी सेना की अंतिम टुकड़ी ने जापान के समक्ष समर्पण किया।
1944 – गांधी जी को पुणे के आगा खां पैलेस से रिहा किया गया और यह उनके जीवन की अंतिम जेल यात्रा थी।

## सुडोकू 6904

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 2 | | 6 | 7 | 5 |
| | | | 6 | 5 | | 8 | | |
| | 2 | | | | 3 | 9 | | |
| | 1 | | | 3 | | 2 | | 6 |
| | 3 | | 8 | | 6 | | 9 | |
| 6 | | 8 | | 1 | | | 4 | |
| | | 1 | 3 | | | | 5 | |
| | | 7 | | 4 | 5 | | | |
| 9 | 4 | 5 | | 6 | | 3 | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## युद्ध हो जाए तो पाकिस्तान का साथ मत देना, पाक के ही इमाम ने मुसलमानों से की अपील

पाकिस्तान से बड़े इमाम ने भारत के साथ युद्ध को लेकर मुसलमानों से खास अपील की है। खबर है कि उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों से पाकिस्तान का साथ नहीं देने की अपील की है। इससे जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद दोनों मुल्कों में रिश्ते फिर तल्ख हो गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस्लामाबाद की लाल मस्जिद में इमाम अब्दुल अजीज गाजी ने आरोप लगाए हैं कि किसी और देश से ज्यादा पाकिस्तान में मुसलमानों के साथ अत्याचार हो रहे हैं। लाइव हिन्दुस्तान वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वायरल हो रहे वीडियो में नजर आ रहा है कि इमाम उन लोगों से हाथ उठाने के लिए कहते हैं, जो युद्ध की स्थिति में पाकिस्तान का समर्थन करना चाहते हैं। इसपर बहुत कम लोगों की तरफ से हाथ उठाए जाते हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने कहा, भारत और पाकिस्तान का युद्ध धर्म का युद्ध नहीं है। पाकिस्तान का युद्ध समुदाय का युद्ध है। उन्होंने आगे कहा, पाकिस्तान में इस समय भारत से ज्यादा क्रूरता और बुरे हालात हैं। पाकिस्तान में (मुसलमानों के प्रति) जितनी क्रूरता है, उतनी क्रूरता भारत में नहीं है। उन्होंने कहा, वो (पाकिस्तान सरकार) अपने ही लोगों पर बम फेंकते हैं।

इमाम ने कहा, क्या लोग भारत में भी ऐसे ही गुम होते हैं, जैसे पाकिस्तान में हो रहे हैं। पश्तून, बलोच, पीटीआई कार्यकर्ता, मौलवियों और पत्रकारों के गायब होने में पाकिस्तान जिम्मेदार है।

## भारत से मुकाबला करना है तो सुंदर औरतों को पब भेजो, पाकिस्तानी पत्रकार का बयान

भारत के खिलाफ कूटनीतिक मोर्चे पर असफलता स्वीकारते हुए पाकिस्तान के जाने-माने पत्रकार नजम सेठी ने एक टीवी शो में ऐसा बयान दे दिया है, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त हंगामा मच गया है। सेठी ने कहा कि पाकिस्तान के राजनयिक भारत के मुकाबले कमजोर हैं और अगर भारत के असर को अमेरिका में रोकना है, तो पाकिस्तान को महिलाओं को पब भेजना चाहिए ताकि वो अपने आकर्षण से अमेरिकी थिंक टैंकों को प्रभावित करें। पाकिस्तानी पत्रकार और पूर्व पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अध्यक्ष नजम सेठी ने कहा, हमारे राजनयिक इतने सक्षम नहीं हैं कि भारत जैसे कूटनीतिक हमले का जवाब दे सकें। हमें ह्ललह्ल और विदेशी मामलों में अनुभवी लोगों, खासकर महिलाओं को सामने लाना चाहिए। उन्होंने कहा, आपको वहां के कल्चर की समझ होनी चाहिए। पब में जाकर बातचीत करनी पड़ती है, थोड़ा ह्यूमर और आकर्षण भी चाहिए। यही असली कूटनीति है।

**पाक पत्रकार के बयान से बवाल**× इस बयान के बाद पाकिस्तान और दुनिया भर में उनकी आलोचना हो रही है। लोग कह रहे हैं कि ये महिलाओं का अपमान है और इससे पाकिस्तान की सोच भी साफ हो जाती है। कई महिलाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस बयान को शर्मनाक बताया है।यह बयान ऐसे समय पर आया है जब भारत, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठा रहा है। दुनिया के कई देश भी भारत के साथ खड़े हैं।

# दुश्मनों का काल रैम्पेज मिसाइल, पाक के उड़ा देगा होश

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के ऐक्शन को लेकर पाकिस्तान में डर लगातार बना हुआ है। इसके बावजूद उसकी उकसाने वाली हरकतें कम नहीं हो रही हैं। 11 दिनों से सीमा पर गोलीबारी और कुछ ही दिनों में दूसरी बार मिसाइल टेस्टिंग से भारत को गीदड़भभकी देने की कोशिश कर रहा है। यह बात किसी से छिपी नहीं कि पाकिस्तान खोखले दावों के अलावा कुछ नहीं कर सकता।

हालिया रिपोर्ट के अनुसार, अगर युद्ध की स्थिति पैदा हो जाए तो आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के पास हफ्तेभर भी लड़ाई करने के लिए हथियार और गोला-बारूद नहीं हैं। दूसरी ओर भारत के पास ऐसे-ऐसे घातक हथियार हैं, जो पाक हुक्मरानों की नींद उड़ा सकती है। इसमें एक नाम है- रैम्पेज मिसाइल। हवा से जमीन पर मार करने वाली 'रैम्पेज मिसाइल' अब भारतीय वायु सेना और नौसेना के बेड़े का हिस्सा बन चुकी है। खास बात ये है कि ये घातक हथियार सिर्फ भारत और इजरायल के पास है। दुश्मन की जमीन पर मौजूद ठिकानों को समंदर से ही खाक में मिला देने वाली ये मिसाइल आने वाले समय में युद्ध की रणनीति पूरी तरह बदल सकती है।

**खासियत**- इस मिसाइल की खासियत की बात करें तो इसमें सुपरसोनिक स्पीड है। रैम्पेज की गति ध्वनि से कहीं ज्यादा है, जिससे दुश्मन को रिएक्शन का समय नहीं मिलता। रडार-प्रूफ हमला इसकी दूसरी खासित है। ह इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग से भी नहीं रुकती — यानी दुश्मन के बचाव तंत्र फेल हो जाते हैं। दीवारें भेदने की ताकत इतनी कि बंकर, एयरबेस, हथियार डिपो — कुछ भी हो, ये मिसाइल आसानी से तबाह कर सकती है। कम लागत भी इस मिसाइल की खूबी है। रैम्पेज मिसाइल की लागत तुलनात्मक रूप से कम है, लेकिन असर दुश्मन के लिए विनाशकारी होता है।

**इजरायल ने कब इस्तेमाल किया**- इजरायल ने रैम्पेज मिसाइल का पहली बार 13 अप्रैल 2019 को सीरिया के मासयाफ में एक रॉकेट उत्पादन और भंडारण सुविधा पर हमला करने के लिए इस्तेमाल किया था। यह हमला इजरायल की वायुसेना द्वारा स्न्न-16 विमान से किया गया था। भारतीय वायुसेना और नौसेना ने रैम्पेज मिसाइल अपने मिग-29 और फ्लाइंग बूट विमानों पर स्थापित किया है।



### रफ्तार इतनी कि रडार भी चकमा खा जाए

रैम्पेज मिसाइल को इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज और इजरायली डिफेंस फर्म ने मिलकर तैयार किया है। इसकी रफ्तार इतनी ज्यादा है कि रडार को चकमा देकर ये सीधा टारगेट पर वार करती है। ये मिसाइल करीब 250 किलोमीटर की दूरी तक बेहद सटीक हमला करने में सक्षम है। खास बात ये है कि इसे स्ह्व-30 स्थ्यद्ब जैसे लड़ाकू विमानों से लॉन्च किया जा सकता है, जिससे भारत की एयरफोर्स और नेवी दोनों को ताकत मिलती है।

# हूती ने इजरायल के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर किया मिसाइल हमला

**यरूशलम, (आईएएनएस)।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यमन में हूती विद्रोहियों और उनके सहयोगी ईरान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की कसम खाई है। जवाबी कार्रवाई का फैसला हूती समूह के इजरायल स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दागे गए मिसाइल हमले के बाद लिया गया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री कार्यालय के आधिकारिक अकाउंट से किए गए एक पोस्ट में दावा किया गया कि हूती के हमले ईरान की शय पर होते हैं। इसमें आगे कहा गया कि इजरायल हमारे मुख्य हवाई अड्डे पर हूती विद्रोहियों के हमले का जवाब देगा और हमारे चुने गए समय और स्थान पर, उनके ईरानी आतंकवादी आकाओं को जवाब देगा।

इससे पहले रविवार को, नेतन्याहू ने हूती विद्रोहियों को एक और चेतावनी जारी की, जिसमें समूह के खिलाफ हमला करने की धमकी दी गई। उन्होंने एक वीडियो बयान में कहा, हमने अतीत में हमला किया, हम भविष्य में भी हमला करेंगे।

हूती ने तेल अवीव के बाहर बेन गुरियन हवाई अड्डे के मुख्य टर्मिनल की ओर जाने वाले ड्राइववे पर मिसाइल हमले की जिम्मेदारी ली। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि इजरायल और अमेरिका की ओर से तैनात किए गए डिफेंस सिस्टम्स ने मिसाइल को रोकने का प्रयास किया, लेकिन विफल रहे। हमले के परिणामस्वरूप चार लोग मामूली रूप से घायल हुए और उन्हें नुकसान पहुंचा। मिसाइल हमले के बाद कई अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों ने इजरायल से आने-जाने वाली उड़ानें रद्द कर दीं, जिनमें एयर यूरोपा, स्विस इंटरनेशनल एयर लाइन्स, लुफ्थांसा, आईटीए एयरवेज और ब्रुसेल्स एयरलाइंस शामिल हैं।

## वर्ग पहेली 6904

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. ठगी, धोखेबाजी, धूर्तता
३. दीवारों पर बना चित्र
५. उम्मीद,चाह, इच्छा
७. जहरीला
८. मुठभेड़, भिड़न्त
९. देखने की क्रिया,दीदार
१०. मद्य निर्माण शाला
१२. मुखिया, प्रमुख
१३. श्रेष्ठ, उत्तम
१४. निरस्त करना, रद्द होना
१६. भरा-पूरा, संपन्न
१८. रसीला
२०. लाल कमल
२१. परिवर्तित करना
२३. एकाएक, सहसा (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. जिस पर असर पड़ा हो
२. जिसे खुशामद पसंद हो
३. भीख मांगते हुए घूमना
४. चित्रकार
५. आय
८. जिसने किसी से कोई वादा कर रखा हो
१०. इज्जत, सम्मान
११. वस्त्र
१२. कोशिश
१३. बहरा
१४. जिस पर कोई नियंत्रण, अंकुश या दबाव न हो
१५. संवेदनशील, भावुक
१७. कमल
१८. अभिप्राय, उद्देश्य, हेतु (उर्दू)
१९. सीख, अध्याय, पाठ, पुस्तक की उतना अंश्‍ जतना एक दिन में गुरु स पढ़ा जाये (उर्दू)
२२. तबाह, बर्बाद, अंत

### वर्ग पहेली-6903

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | नु | २ दा | र | ■ | ■ | ३ श | वा | ४ स | न |
| मा | ■ | मो | ■ | ५ सा | बि | त | ■ | मा | ■ |
| ६ व | जू | द | ■ | ध | ■ | ७ द | र्द | ना | क |
| स्या | ■ | ८ र | ९ क्ष | क | द | ल | ■ | र्थी | ■ |
| ■ | १० अ | ■ | यं | ■ | ■ | ■ | ११ प्रा | ■ | १२ इ |
| १३ वि | दा | र | क | ■ | १४ प | ■ | १५ ची | ख | ना |
| ■ | ल | ■ | १६ र | स | रा | ज | ■ | ■ | य |
| १७ अं | त | स | ■ | ■ | ज | ■ | १८ औ | १९ स | त |
| ब | ■ | ■ | २० हि | दा | य | २१ त | ■ | जी | ■ |
| २२ र | वा | य | त | ■ | ■ | २३ य | म | व | रा |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

**गुहार** — *सीआरपीएफ जवान मुनीर खान की प्रधानमंत्री व गृह मंत्री से न्याय की गुहार,कहा*

# बर्खास्तगी पत्र में बताए गए सभी आरोप भ्रामक व दुर्भावना से भरे

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,** (देशबन्धु)। पूर्व केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) कर्मी मुनीर अहमद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से बल से उनकी मनमाने तरीके से की गई बर्खास्तगी के संबंध में न्याय दिलाने की अपील की है। पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए, जिसमें 25 हिंदुओं और एक स्थानीय नागरिक सहित 26 नागरिक मारे गए थे, उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद के जघन्य कृत्य के अपराधियों के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के दृढ़ संकल्प और कार्रवाई की सराहना की।

रविवार को यहां कुछ पत्रकारों से बात करते हुए मुनीर अहमद, जिन्हें पाकिस्तानी नागरिक मीनल खान से शादी करने के कारण सीआरपीएफ द्वारा सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था, ने कहा कि उनके बर्खास्तगी पत्र में बताए गए सभी आरोप भ्रामक और गहरी दुर्भावना से भरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि वे (उनका परिवार) सदियों से जम्मू-कश्मीर के निवासी हैं और पिछली कई पीढ़ियों से जम्मू के भलवाल तहसील के हंदवाल गांव में रह रहे हैं। वे कहते थे कि हमने 1947 में भी जम्मू नहीं छोड़ा, जबकि मेनाल खान (उनके मामा) का परिवार पाकिस्तान चला गया था। उन्होंने आगे कहा कि मेरे अंदर अपने देश की सेवा करने की तीव्र इच्छा थी और इसीलिए मैं सीआरपीएफ में शामिल हुआ और पिछले 9 वर्षों से कई कठिन और दूरदराज के इलाकों में सेवा कर रहा हूं। मुनीर अहमद ने आगे बताया कि उनकी शादी का फैसला उनकी मां और मामा ने बचपन में ही कर दिया था और साल 2022 में उन्होंने सीआरपीएफ अधिकारियों को पाक नागरिक मिनाल खान से शादी करने की अपनी मंशा बताई और इसके लिए अनुमति मांगी। फिर सीआरपीएफ द्वारा 24 जनवरी 2023 को लिखे गए पत्र का जवाब देते हुए कुछ सवाल उठाए और 5 नवम्बर 2023 को शादी के लिए मंजूरी/एनओसी मांगने के लिए मेरे 18 अक्टूबर 2023 के पत्र के जरिए सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करवा दिए। वे कहते थे कि 17 नवम्बर 2023 को आईजीपी, जम्मू सेक्टर सीआरपीएफ, बन तालाब जम्मू के कार्यालय द्वारा एक पाकिस्तानी लड़की से शादी करने के लिए एनओसी जारी करने के संबंध में विशेष डीजी, जेएंडके जोन सीआरपीएफ, जम्मू को एक पत्र भेजा गया था और उच्च अधिकारियों से निर्देश मांगे। मुनीर अहमद ने आगे बताया कि 30 अप्रैल 2024 के एक उत्तर के अनुसार, पुलिस महानिदेशक, सीआरपीएफ नई दिल्ली के कार्यालय ने कहा कि केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम 1964 नियम 21 (3) के अनुसार, एक सरकारी कर्मचारी जिसने भारतीय राष्ट्रीयता के अलावा किसी अन्य व्यक्ति से विवाह किया है या करने वाला है, उसे तुरंत सरकार को इस तथ्य की सूचना देनी चाहिए।



■ पाकिस्तानी लड़की से शादी करने के चलते जवान मुनीर की गई नौकरी

# खेल जगत

## स्विंगिंग बॉल का फायदा उठाकर एलएसजी के शीर्ष क्रम को ध्वस्त किया : अर्शदीप

**धर्मशाला,** 5 मई (एजेंसियां)। पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि उनका लक्ष्य लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के शीर्ष तीन बल्लेबाजों को आउट करना था, जिसके लिए उन्हें अपनी गेंदों से स्विंग का फायदा उठाना पड़ा, जिससे मेजबान टीम को एचपीसीए स्टेडियम में 37 रन से जीत मिली। अर्शदीप ने पावर-प्ले में एलएसजी के प्रसिद्ध शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों एडेन मार्करम, मिशेल मार्श और निकोलस पूरन को सस्ते में आउट कर दिया, जिससे पीबीकेएस को आईपीएल 2025 में अपनी सातवीं जीत हासिल करने और अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचने का आधार मिल गया। अर्शदीप ने सोमवार को आईपीएल टी20डॉटकॉम पर एक वीडियो में कहा, 'मौसम थोड़ा ठंडा था। इसलिए, गेंद बहुत स्विंग करने लगी। इसलिए, हमने इसका इस्तेमाल किया और इसका फायदा उठाया।



# मुंबई इंडियंस गुजरात से हिसाब चुकाने उतरेगी

## गुजरात के शीर्ष क्रम को मुंबई के बुमराह, बोल्ट व हार्दिक से चौकस रहने की जरूरत

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,देशबन्धु।** कप्तान ऑलराउंडर हार्दिक पांडया के गेंद और बल्ले से अनुकरणीय प्रदर्शन की बदौलत अपने शुरू के पांच में से मात्र एक मैच जीतने के बाद राजस्थान रॉयल्स को उसके घर में जयपुर में हरा जीत का 'छक्का' जड़ने वाली मुंबई इडियंस अपने घर वानखेड़े स्टेडियम में मंगलवार को आईपीएल 2025 के रिटर्न मैच में गुजरात टाइटंस को हरा उससे अहमदाबाद में मिली 38 रन की हार का हिसाब चुकाने उतरेगी। मुंबई इंडियंस के 11 मैचों में सात जीत और चार हार के साथ



और गुजरात टाइटंस के दस मैचों में सात जीत और मात्र तीन हार के साथ समान रूप से 14-14 अंक हैं। मुंबई अपनी बेहतर नेट रन रेट के कारण गुजरात टाइटंस से एक पायदान उपर चौथे स्थान पर है। गुजरात टाइटंस को मुंबई इंडियंस के मंगलवार को मैच के बाद बाकी तीन में से दो अपने घर में खेलने हैं। गुजरात टाइटंस के हक में एक और बात यह है कि उसने अपपे घर में चार में तीन मैच जीते हैं और मात्र एक हारा है। गुजरात टाइटंस के पास जीत के साथ शीर्ष दो में रह कर प्ले ऑफ में पहुंचने का मौका है। मुंबई इंडियंस की नेट रन रेट सभी टीमों में सबसे उंची है और इससे उसके पास भी शीर्ष पर रह कर प्ले ऑफ में पहुंचने का मौका होगा। समान रूप से पांच पांच अर्द्धशतक जड़ने वाले बाएं हाथ के साई सुदर्शन (कुल 504 रन), उनके सलामी जोड़ीदार कप्तान शुभमन गिल (465 रन) और जोस बटलर (470 रन) सहित गुजरात टाइटंस के तीन बल्लेबाज मौजूदा सीजन में छह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीन बल्लेबाजों में शामिल हैं। फिलहाल ऑरेंज कैप पर कब्जा जमाने वाले विराट कोहली (11 मैच, छह अर्द्धशतक, 505 रन) से एक मैच कम खेल सुदर्शन रन उनसे मात्र एक रन पीछे और दूसरे स्थान पर हैं। गुजरात टाइटंस ने मुंबई इंडियंस से अपने पिछले पांच में लगातार तीन मैच जीते हैं और वह अब उसे उसके घर में हरा कर जीत का चौका लगा खुद शीर्ष पर पहुंचने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। शेरफन रदरफर्ड (8 मैच 201 रन) निचले मध्यक्रम में तूफानी पारी खेल कर उसे बड़े स्कोर तक पहुंचाने में अहम योगदान कर रहे हैं। गुजरात टाइटंस के पास सपर सब के रूप में वाशिंगटन सुंदर के रूप में बढ़िया विकल्प है। सीजन के अधबीच फिट होकर वापसी करने वाले भारत और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेदबाज जसप्रीत बुमराह (7 मैच,11 विकेट) के आते ही लय पाने से मुबई इंडियंस की किस्मत ही पलट गई है। गुजरात टाइटंस के शीर्ष क्रम को मुंबई इंडियंस के बुमराह के साथ न्यूजीलेंड के ट्रेंट बोल्ट (11 मैच, 16 विकेट), कप्तान हार्दिक पांडया (10 मैच, 13 विकेट) की त्रिमूर्ति से चौकस रहने की जरूरत है। इन तीनों का 11 मैचों में 9 विकेट चटकाने वाले तेज गेदबाज दीपक चाहर ने अच्छा साथ निभाया है।

मुंबई इंडियंस के लिए अच्छी बात है कि उसके लिए 360 डिग्री सूर्य कुमार यादव तीन अर्द्धशतक सहित 11 मैचों में 475 रन बना रन बनाने में मौजूदा सीजन में तीसरे स्थान पर चल रहे हैं। मुंबई के लिए तीन तीन अर्द्धशतक शतक जड़ने वाले रेयन रिकल्टन (11 मैच, 347 रन) व रोहित शर्मा (293 रन) की सलामी जोड़ी इस सीजन के अधबीच रंग में लौट आई है और दो अर्द्धशतक जड़ने वाले तिलक वर्मा (11 मैच, 239 रन) के साथ निचले क्रम में कप्तान हार्दिक पांडया ने सही वक्त पर उपयोगी पारियां खेल कर दस में 155 रन बना अच्छा योगदान किया है। गुजरात टाइटंस के लिए अपनी लंबाई का लाभ उठा बल्लेबाजों को अपने उछाल से परेशान करने वाले तेज गेदबाज प्रसिद्ध कृष्ण दस मैचों मे 19 विकेट ले पर्पल कैप पर कब्जा जमाए हैं जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने दस मैचों में 14 विकेट चटकाए हैं। बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर (10 मैच, 12 विकट), लेग स्पिनर राशिद खान (10 मैच, 7 विकेट) ने बहुत चतुराई से गेंदबाजी की। मुंबई के रोहित,रिकल्टन के साथ सूर्य और तिलक वर्मा को खासतौर पर प्रसिद्ध व सिराज के खिलाफ चौकस रहना होगा।



**'हम जानते हैं स्कोर बोर्ड को कैसे आगे बढ़ाना है'**

'अहमदाबाद में काली मिट्टी की पिच पर छक्के जड़ना आसान नहीं था। जिस तरह हमारा शीर्ष क्रम खेला हम जानते हैं कि स्कोरबोर्ड को आगे कैसे बढ़ाना है। हमारी इस बाबत बात नहीं हुई कि हमारे शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों में किसी एक को आखिर तक बल्लेबाजी करनी है। हम बस रन बनाने और अपना सर्वश्रेष्ठ करने को बेताब थे। हमारे तेज गेदबाजों प्रसिद्ध, इशांत और यहां तक की जेराल्ड कोइत्जी तक ने बढ़िया गेंदबाजी कर हमें अपने स्कोर का बचाव करने में मदद की।

**शुभमन गिल, गुजरात टाइटंस, कप्तान**

'सबसे ज्यादा विकेट चटका मौजूदा आईपीएल में पर्पल कैप लेकर भी कुछ अलग नहीं महसूस कर रहा। हमारे लिए सबसे अहम था जीतना। हमें दो लंबी ब्रेक मिली। हमारे लिए अपने घर में जीतना अहम था। मेरा लेंग्थ पर नियंत्रण बढ़िया रहा। मैं आज जिस मुकाम पर पहुंचा हूं उसमे टीम से बहुत सहयोग मिला। आप जब बाद मे गेदबाजी करने जाते हैं तो फिर पहले गेदबाजी करने वाली टीम के गेदबाजो की हर गेंद को देखते हैं। फिर अनुभवी खिलाड़ियों से बात होती है और फिर कोशिश सही जगह गेदबाजी करने की होती है।

**प्रसिद्ध कृष्णा, गुजरात टाइटंस**

**'हमने बढ़िया बल्लेबाजी व सधी हुई गेंदबाजी की'**


'हमने बढ़िया बल्लेबाजी तो की ही हमारी गेंदबाजी भी बहुत सधी हुई रही। जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत बेहतरीन रही। हम 15 रन और बना सकते थे। हमारी आपस में बस यही बात हुई कि हमें अपने सामान्य शॉट खेलने हैं। सूर्य और मैंने आपस मे यही कहा कि समझबूझ कर अपने शॉट खेले और रोहित और रिकल्टन भी इसी अंदाज में खेले। कुछ मिलाकर हमने शानदार बल्लेबाजी की। बतौर टीम हमने बेहतरीन बल्लेबाजी की। हमने सामान्य क्रिकेट खेली और हमारे लिए यह कारगर रहा।

**-हार्दिक पांडया, मुंबई इंडियंस कप्तान**

## अभ्यास के दौरान गेंद को अच्छी तरह से हिट कर रहा था, जानता था कि कुछ बड़ा होने वाला है: रसेल

**नई दिल्ली एजेंसियां।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के अनुभवी ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने कहा कि उन्हें पता था कि वह बड़ा स्कोर बनाने वाले हैं, उन्होंने कहा कि वह अभ्यास सत्रों में गेंद को अच्छी तरह से हिट कर रहे थे। ईडन गार्डन्स में, रसेल, जो अच्छी बल्लेबाजी फॉर्म के लिए संघर्ष कर रहे थे, ने डेथ ओवरों में 12 गेंदों में 41 रन बनाए, और 25 गेंदों पर नाबाद 57 रन बनाए, जिससे केकेआर ने 20 ओवरों में 206/4 रन बनाए, जो राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को सिर्फ एक रन से हराने के लिए पर्याप्त था।

उन्होंने सोमवार को आईपीएलटी20डॉटकॉम पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, 'पिछले कुछ मैचों में मौसम थोड़ा सूखा रहा है, लेकिन मैं अभ्यास में गेंद को अच्छी तरह से हिट कर रहा हूं, इसलिए मुझे पता है कि कुछ बड़ा होने वाला है। मैं अपनी तकनीक या जो कुछ भी हो रहा था, उसके बारे में चिंतित नहीं था। भीड़ में कुछ गेंदें मारना और बस उस बड़ी जयकार



को प्राप्त करना अच्छा था और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम यहां जीत के साथ समाप्त होते हैं।' हालांकि रसेल ने सिर्फ एक ओवर फेंका और बिना किसी विकेट के 11 रन दिए, फिर भी वह अपने गेंदबाजी प्रयासों से खुश थे।

'जब मैं देखता हूं कि चीजें कैसे चल रही

## भारत का सफेद गेंद के प्रारूपों में शीर्ष स्थान बरकरार, ऑस्ट्रेलिया टेस्ट में चोटी पर कायम

**दुबई,एजेंसियां।** भारत ने आईसीसी पुरुष वनडे और टी20 रैंकिंग में अपना नंबर एक स्थान बनाए रखा, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को प्रीमियर क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी वार्षिक अपडेट के बाद टेस्ट टीम रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बनाए रखने में कामयाबी हासिल की। नवीनतम रैंकिंग, जो मई 2024 से खेले गए सभी मैचों को 100 प्रतिशत और पिछले दो वर्षों के मैचों को 50 प्रतिशत पर रेट करती है, वार्षिक अपडेट के बाद टी20 में रिकॉर्ड 100 टीमों को सूचीबद्ध करती है। वनडे के वार्षिक अपडेट में, भारत ने अपनी बढ़त 12 से 15 अंकों तक सुधारी है और 124 रेटिंग अंक पर है। 2025 आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत पिछले साल की सफल अवधि का मुख्य आकर्षण थी, जिसमें



आईसीसी वार्षिक रैंकिंग

अगस्त 2024 में श्रीलंका के खिलाफ एक विदेशी श्रृंखला हारने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ 3-0 की घरेलू श्रृंखला जीत भी शामिल थी। चैंपियंस ट्रॉफी में उपविजेता रहे न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। लेकिन श्रीलंका ने सबसे बड़ा सुधार किया है - पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका को पीछे छोड़ते हुए दो स्थान ऊपर छठे से चौथे स्थान पर पहुंच गया है। अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को पीछे छोड़ दिया है जबकि वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को पीछे छोड़ते हुए नौवां स्थान हासिल किया है। टी20 के मामले में, भारत अभी भी शीर्ष पर बना हुआ है, भले ही ऑस्ट्रेलिया पर उनकी बढ़त 10 से घटकर नौ अंक रह गई हो। पिछले साल उन्होंने पुरुष टी20 विश्व कप जीता, उसके बाद बांग्लादेश और श्रीलंका पर 3-0 से श्रृंखला जीती और इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे पर अन्य श्रृंखला जीती।

### सार संक्षेप

## रबाडा के मनोरंजक दवाओं के सकारात्मक परीक्षण को सार्वजानिक रूप से छुपाने से खुश नहीं हैं पेन

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन इस बात से खुश नहीं हैं कि कैसे कैगिसो रबाडा के मनोरंजक दवाओं के सेवन के बाद सकारात्मक परीक्षण को सार्वजनिक रूप से छिपाया गया। अप्रैल में, रबाडा गुजरात टाइटन्स (जीटी) के लिए आईपीएल 2025 के पहले दो मैच खेलने के बाद घर लौट आए। उस समय, फ्रेंचाइजी ने कहा कि रबाडा का प्रस्थान एक महत्वपूर्ण व्यक्तिगत मामले में भाग लेने के कारण था। शनिवार को, दक्षिण अफ्रीका क्रिकेटर्स एसोसिएशन (एसएसीए) के एक बयान के माध्यम से, रबाडा ने पुष्टि की कि प्रतिबंधित पदार्थ, जो एक अनिर्दिष्ट मनोरंजक दवा है, के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद वह अंतिम निलंबन के तहत थे। 'यह बहुत बुरा है। मुझे व्यक्तिगत मुद्दों के इर्द-गिर्द इस तरह का इस्तेमाल पसंद नहीं है, और इसका इस्तेमाल उन चीजों को छिपाने के लिए किया जा रहा है जो व्यक्तिगत मुद्दे नहीं हैं। अगर आपके पास कोई पेशेवर खिलाड़ी है जिसका किसी टूर्नामेंट के दौरान मनोरंजक दवाओं के लिए परीक्षण किया जाता है, जिसमें वह खेल रहा है, तो यह मेरे लिए व्यक्तिगत मुद्दों में नहीं आता है।'

## नार्दन यूनाइटेड, हॉप्स, सुदेवा और शास्त्री की जीत

**नई दिल्ली।** यमन और अखिलेश देवरानी के गोलों से नार्दन यूनाइटेड फुटबाल क्लब ने अजमल एफसी को 2-1 से हरा कर डीएसए पुरुष सीनियर डिवीजन लीग के संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज की द्य अम्बेडकर स्टेडियम मैदान पर खेले गए मैच में पराजित टीम का गोल नवजिंदर ने किया। एक अन्य मैच में शास्त्री फुटबाल क्लब ने एम 2एम को 2-1 से हराया। नेहरू स्टेडियम परिसर में खेली जा रही महिला प्रीमियर लीग में हॉप्स ने वर्षा रानी की तिकड़ी सहित जमाए चार गोलों से ईमी हीरोज एफसी को 6-0 से पीटा। शैजा और रजनी बाला ने एक-एक गोल किए द्य एक अन्य मुकाबले में सुदेवा दिल्ली एफसी ने ईमी हीरोज एफसी को 2-0 से परास्त किया द्य सुदेवा के लिए तनु और अनीता ने गोल जमाए द्य के हरितालिका को प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया।

## नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता के लिए टिकटों की बिक्री शुरू

**बेंगलुरु, एजेंसियां।** 24 मई को श्री कांतीरवा स्टेडियम में होने वाले बहुप्रतीक्षित नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 के लिए उत्साह के साथ, आयोजकों ने इस एकदिवसीय भाला फेंक प्रतियोगिता के लिए टिकटों की बिक्री की घोषणा की है। नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता है। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) इस ऐतिहासिक आयोजन की आधिकारिक मंजूरी देने वाली संस्था है, जिसमें दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा, थॉमस रोहलर, एंडरसन पीटर्स और अन्य सहित कई ओलंपिक पदक विजेता भाग लेंगे। नीरज चोपड़ा, जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा सह-आयोजित इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए टिकट अब लाइव हैं। डिस्ट्रिक्ट बाय जोमैटो आधिकारिक टिकटिंग पार्टनर है।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 | + 0.482 |
| 2- | पंजाब किंग्स | 11 | 7 | 3 | 15 | + 0.376 |
| 3- | मुंबई इंडियंस | 11 | 7 | 4 | 14 | +1.274 |
| 4- | गुजरात टाइटंस | 10 | 7 | 3 | 14 | + 0.867 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 10 | 6 | 4 | 12 | + 0. 362 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 11 | 5 | 5 | 11 | + 0.249 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 10 | 5 | 5 | 10 | + 0.325 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 12 | 3 | 9 | 6 | -0.716 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 10 | 3 | 7 | 6 | -1.192 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 2 | 9 | 4 | -1.117 |


बैंक ऑफ इंडिया BOI Bank of India

आंचलिक कार्यालयः एमआईजी-15, राजेश्वर बिल्डिंग, शिव नगर, दमोह रोड, जबलपुर- 482002 Email: jabalpur.ard@bankofindia.co.in

अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय सूचना

ई- नीलामी विक्रय सूचना प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन, हेतु ई- नीलामी विक्रय सूचना

अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय सूचना आम लोगों को और विशेष रूप से उधार लेने वाला और जमानतदार को यह नोटिस दिया जाता है कि निम्न वर्णित सारणी के कॉलम 3 में उल्लिखित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार (बैंक ऑफ इंडिया) के पास गिरवी / प्रभारित हैं, का प्रतीकात्मक कब्जा प्रतिभूति लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर निम्नलिखित तालिका के कॉलम 2 में उल्लिखित ऋणी एवं जमानतदार से बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नलिखित तालिका के कॉलम 4 में उल्लिखित राशि की वसूली हेतु दिनांक 27.05.2025 को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं जमा योग्य धनराशि तालिका के कॉलम 6 व 7 में क्रमशः दी गई है।

ई-नीलामी दिनांक 27/05/2025 को प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक चलेगी।

| शाखा का नाम (1) | ऋणी / जमानतदार (2) | संपत्तियों का विवरण व स्वामी का नाम (3) | मांग सूचना 13(2) के तहत मांग नोटिस दिनांक व बकाया राशि (4) | आधिपत्य की दिनांक व प्रकार (5) | आरक्षित राशि (6) | ईएमडी (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शाखा : नेपियर टाउन | ऋणी- 1. मेसर्स शिव दाल मिल प्रोप. श्री सत्य प्रकाश चौबे, ग्राम- सोमाखुर्द, तहसील- मझौली, जबलपुर- 483225 ऋणी/बंधककर्ता- 2. श्री सत्य प्रकाश चौबे पिता शिव प्रसाद चौबे, ग्राम- सोमाखुर्द, तहसील- मझौली, जबलपुर- 483225 | इंडस्ट्रियल शेड सम्पत्ति स्थित मौजा- सोमाखुर्द, प.ह.नं. 04, खसरा नं. 253/2, रा.नि.मं. एवं तहसील- मझौली, पोस्ट- बिछिया, जिला- जबलपुर (म.प्र.)। सम्पत्ति स्वामी- श्री सत्य प्रकाश चौबे पिता श्री शिव प्रसाद चौबे। चतुर्सीमा डीड के अनुसार- उत्तर- संपत्ति के मालिक की सम्पत्ति, दक्षिण- बिछिया रोड, पूर्व- संपत्ति के मालिक की सम्पत्ति, पश्चिम- संपत्ति के मालिक की सम्पत्ति | 04-12-2023 ₹ 22,51,312.98 Interest + Other Charges | 01-03-2024 सांकेतिक | ₹ 10,40,000/- | ₹ 1,04,000/- |
| शाखा : सिविल लाईन्स | ऋणी- मेसर्स श्री ब्रदर्श पेपर इंडस्ट्रीज प्रोपराइटर- श्री नितेश जैन पिता श्री जवाहर लाल | साम्य बंधक सम्पत्ति लीज होल्ड सम्पत्ति स्थित लीजहोल्ड कमर्शियल सम्पत्ति स्थित मौजा इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेन्टर मनेरी, ग्राम- झुरकी सेक्टर- सी, प्लाट नं. 35, एरिया- 1380 वर्गमीटर (0.138 हेक्ट.), तहसील- निवास, जिला- मण्डला (म.प्र.)। सम्पत्ति स्वामी- मेसर्स श्री ब्रदर्श पेपर इंडस्ट्रीज प्रोपराइटर श्री नितेश जैन पिता जवाहर लाल जैन। सीमाएं- पूर्व- प्लाट नं. 37, पश्चिम- प्लाट नं. 18, उत्तर- 18 मी चौड़ी रोड, दक्षिण- प्लाट नं. 36 | 20-08-2022 ₹ 20,88,214.69 + ब्याज एवं अन्य खर्च | 05-01-2023 सांकेतिक | ₹ 20,88,000 | ₹ 2,08,800 |
| शाखा : किंग्सवे कैंट | श्री मो. आसिफ मंसूरी पुत्र श्री अब्दुल खालिक मंसूरी जमानतदार- श्री मोहम्मद इबरार मंसूरी पुत्र श्री अब्दुल खालिक मंसूरी, दोनों का पताः मकान नंबर 229, साउथ मिलौनीगंज, मंसूराबाद, गोहलपुर, जबलपुर (म.प्र.) | सम्पत्ति का समस्त भू-भाग प्लॉट मौजा कुशनेर, आरएनएम महाराजपुर, एनबी नंबर 557, पीसी नंबर 08, न्यू 23, म्यूटेशन के बाद खसरा पी-II और डायवर्सन खसरा नंबर 690/4, क्षेत्रफल 0.100 हेक्टेयर, सेटेलमेंट खसरा नंबर 690/1 के बाद पुराने खसरा नंबर 535 के हिस्से में, कुल क्षेत्रफल 0.150 हेक्टेयर, तहसील पनागर, जिला जबलपुर (म.प्र.), सीमाएं- पूर्व- मेन रोड एनएच 07, पश्चिम- नैहर, उत्तर- खसरा नंबर 102/1 पर श्री चंदू बर्मन की सम्पत्ति, दक्षिण- श्री कंचन प्रसाद यादव की संपत्ति। सम्पत्ति मालिकः श्री मोहम्मद आसिफ मंसूरी पुत्र मोहम्मद अब्दुल खालिक मंसूरी | 10-09-2018 ₹ 15,22,468.00 + ब्याज एवं अन्य खर्च | 22-01-2019 सांकेतिक | ₹ 40,68,000 | ₹ 4,06,800 |

सुरक्षित ऋणदाता को ज्ञात ऋणभार का विवरण : ज्ञात नहीं

नियम एवं शर्तें- 1. नीलामी बिक्री/बोली केवल वेबसाइट https:baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली प्रक्रिया के माध्यम से होगी।
2. यदि आवश्यक हुआ तो 10-10 मिनट का असीमित विस्तार किया जाएगा। नीलामी आरक्षित मूल्य से ऊपर शुरू होगी और बोलीदाताओं को उपरोक्त सभी संपत्तियों के लिए 10,000 रूपये गुणक में अपने प्रस्तावों में सुधार करना होगा। बिक्री आरक्षित मूल्य पर या उससे कम पर नहीं होगी।
3. बिक्री प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी।
4. इच्छुक बोलीदाताओं को उपरोक्त वेबसाइट पर अपना पंजीकरण कराना होगा। उन्हें नीलामी बिक्री प्रक्रिया में भाग लेने से पहले उपरोक्त संपत्ति(यों) से संबंधित किसी भी वैधानिक देनदारियों, संपत्ति कर के बकाया, बिजली बकाया आदि के बारे में अपनी जांच करनी होगी। संपत्तियां सभी मौजूदा और भविष्य की देनदारियों के साथ बेची जा रही हैं, चाहे बैंक को ज्ञात हो या अज्ञात। प्राधिकृत अधिकारी किसी भी तीसरे पक्ष के दावे/अधिकारों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।
5. उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा।
6. प्राधिकृत अधिकारी उच्चतम बोली या किसी भी बोली या किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने और बिक्री की किसी भी शर्त को बदलने, संशोधित करने और माफ करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, प्राधिकृत अधिकारी का उक्त ई- नीलामी को बिना किसी कारण बताए रद्द करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा।
7. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https:baanknet.com, www.bankofindia.co.in देखें, या संपर्क करें: श्री सुशांत डोंगरे (मोबा. नं. 7580888800), प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, झोनल ऑफिस, जबलपुर।
8. यह प्रकाशन उपर्युक्त उधारकर्ता(ओं)/जमानतदार(ओं)/बंधककर्ता(ओं) के लिए 15/30 दिनों का नोटिस भी है।
9. सफल बोलीकर्ता की यह जिम्मेदारी होगी की आयकर अधिनियम की धारा 194-IA के तहत लागू 1% की दर से टीडीएस जमा करना होगा, यदि इस तरह के प्रतिफल के लिए जमा या भुगतान की गई राशि का योग रू. 50 लाख या अधिक है। टीडीएस को फार्म 26QB ऑनलाईन भरकर जमा कराना होगा और टीडीएस सर्टिफिकेट फार्म 16 B में जारी करना होगा। खरीददार को सरकारी खाते में आयकर जमा करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

दिनांकः 06/05/2025, स्थानः जबलपुर — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया



नाम परिवर्तन की सार्वजनिक सूचना

मैं, पलक सुखरामानी, पत्नि करण गोपालानी, द्वारा यह सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाता है कि मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरा नाम केवल पलक दर्ज है। अब मैंने अपना पूरा नाम पलक सुखरामानी के रूप में अपनाया है। अतः मैं सभी संबंधित विभागों, कार्यालयों व व्यक्तियों से अनुरोध करती हूँ कि भविष्य में मुझे पलक सुखरामानी पत्नि करण गोपालानी के नाम से पहचाना जाए।

पलक सुखरामानी
पत्नि-करण गोपालानी
दिनांक- 05/05/2025
स्थान- जबलपुर

र.नं. 341



कार्यालय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित देवगवां, जिला अनूपपुर (म.प्र.)

पंजी. क्रं. 0211 — विशेष साधारण आमसभा की सूचना — दिनांक 04.02.1977

बहुउद्देशीय प्राथमिक साख सहकारी समिति मर्या. बी पैक्स देवगवां के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की विशेष साधारण आमसभा दिनांक 10/05/2025 दिन शनिवार को समय 10.30 बजे समिति कार्यालय भवन देवगवां में आयोजित की गई है, जिसमें आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है। कोरम के आभाव में बैठक आधे घंटे के लिये स्थगित की जाकर पुनः इसी स्थान पर प्रारंभ की जावेगी, जिसमें कोरम की आवश्यकता नही होगी।

-:विषय सूची निम्नानुसार है:-

(1)संस्था की पंजीकृत उपविधि कंडिका (3) में संस्था के कार्यक्षेत्र के 08 ग्राम रेउला, डेवरीओला, लामाटोला, पकरिहा, चपानी, बहेरहा टोला, झिरोखा, कुदरीटोला पृथक कर नवीन प्रस्तावित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति रेउला के गठन हेतु संशोधन बावत् विचार।

| क्र0 | वर्तमान शब्दावली | संशोधित शब्दावली | संशोधन का कारण |
|---|---|---|---|
| 1. | बी पैक्स देवगवां में निम्नलिखित राजस्व ग्राम पंचायतों में सोसायटी का संचालन कार्यक्षेत्र होगा। 1.देवगवां, 2.चटहाटोला, 3.मनटोलिया, 4.जोगीटोला, 5.देवरी, 6.धुम्मा, 7.मुड़धोवा, 8.लोहासुर, 9.जमुनिहा, 10. लेदरा, 11.राजाकछार, 12. बेलियाबाडी, 13.रेउला, 14.डेवरीटोला, 15.लामाटोला, 16.पकरिहा, 17.चपानी, 18.बहेरहाटोला, 19.झिरोखा, 20.कुदरीटोला ग्रामों तक सीमित | बी पैक्स रेउला में निम्नलिखित राजस्व ग्राम पंचायतों में सोसायटी का संचालन कार्यक्षेत्र होगा। 1. रेउला, 2. डेवरीटोला, 3.लामाटोला, 4. पकरिहा, 5. चपानी, 6.बहेरहाटोला, 7. झिरोखा, 8. कुदरीटोला तक सीमित | प्रस्तावित नवीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बी पैक्स रेउला का गठन प्रस्तावित होने के कारण |

2. संस्था के पुनर्गठन हेतु प्रस्तावित योजना के अनुमोदन हेतु विचार।

प्रबंधक
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति देवगवां, जिला अनूपपुर (म.प्र.)


| SENSEX | BSE 80501.99 ▲ 259.75 | NSE 24346.70 ▲ 12.50 | MCX Gold 92700 ▲63 | silver 93151 ▼ 138 |
|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# अर्थ जगत

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# भारत की विकास प्राथमिकताओं का समर्थन करता है एडीबी : मासातो कांडा

■ **निजी क्षेत्र के नेतृत्व वाली आर्थिक वृद्धि पर ध्यान केंद्रित कर रहा भारत**

नई दिल्ली, 5 मई (एजेंसियां)। एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ अपनी बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को समर्थन दिया। इसके साथ ही भारत की विकास प्राथमिकताओं के लिए बैंक के पूर्ण समर्थन की बात भी कही है। इसकी जानकारी वित्त मंत्रालय ने सोमवार को दी।

वहीं, वित्त मंत्री सीतारमण ने यह भी दोहराया कि भारत निजी क्षेत्र के नेतृत्व वाली आर्थिक वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करता है और लगातार एक अनुकूल नीति और रेगुलेटरी इकोसिस्टम बना रहा है।

वित्त मंत्री 4 से 7 मई तक इटली के मिलान में आयोजित एडीबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 58वीं वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग से एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही हैं।




**भारत, एडीबी को नए, इनोवेटिव फाइनेंसिंग प्रोडक्ट व मॉडल्स को चलाने के अवसर प्रदान करता है : निर्मला सीतारमण**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में मंत्रालय ने बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मिलान में एडीबी अध्यक्ष कांडा से मुलाकात की।

मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने दोहराया कि भारत निजी क्षेत्र के नेतृत्व वाली आर्थिक वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करता है और इंसॉल्वेंसी, बैंकरप्सी कोड, कॉर्पोरेट टैक्स रेट में कमी और जीएसटी कार्यान्वयन, उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन, नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन, गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान और स्टार्टअप इंडिया जैसी साहसिक पहलों के माध्यम से लगातार एक अनुकूल नीति और रेगुलेटरी इकोसिस्टम बना रहा है। उन्होंने कहा कि भारत, एडीबी को नए, इनोवेटिव फाइनेंसिंग प्रोडक्ट और मॉडल्स को चलाने के अवसर प्रदान करता है।

## सीतारमण ने एडीबी से की पाकिस्तान की फंडिंग में कमी लाने की मांग

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा से सोमवार को यहां मुलाकात कर पाकिस्तान को दिए जाने वाले फंड में कमी करने की मांग की। एडीबी की 58वीं वार्षिक बैठक के दौरान हुई यह मुलाकात 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच हुई है। श्रीमती सीतारमण ने इटली के वित्त मंत्री जियानकार्लो जियोर्जेटी के समक्ष भी यही मांग उठाई।

श्री कांडा के साथ बैठक के दौरान श्रीमती सीतारमण ने कहा कि भारत निजी क्षेत्र के नेतृत्व वाली आर्थिक वृद्धि पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी), कॉर्पोरेट कर दर में कमी और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) कार्यान्वयन, उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई), राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी), गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान और स्टार्टअप इंडिया जैसी साहसिक पहलों के माध्यम से लगातार अनुकूल नीति और नियामक पारिस्थितिकी तंत्र बना रहा है, ताकि व्यापार करने में अधिक आसानी हो। वित्त मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत एडीबी को नए, अभिनव वित्तपोषण उत्पादों और मॉडलों को आगे बढ़ाने के अवसर प्रदान करता है। श्री कांडा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण से निर्देशित भारत की विकास प्राथमिकताओं के लिए एडीबी के पूर्ण समर्थन का अश्वासन दिया।

## सरकारी खनन कंपनी का रिकॉर्ड प्रदर्शन जारी



■ **अप्रैल में उत्पादन 15 प्रतिशत बढ़ा**

**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। सरकारी खनन कंपनी एनएमडीसी ने अप्रैल में रिकॉर्ड उत्पादन किया है और उसके लौह अयस्क उत्पादन में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, बिक्री में 3 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया गया है। एनएमडीसी ने बयान में कहा कि कंपनी ने अप्रैल में 4 मिलियन टन (एमएनटी) लौह अयस्क का उत्पादन किया है, जो कि पिछले साल समान अवधि के आंकड़े 3.48 एमएनटी से 15 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही बीते महीने एनएमडीसी की लौह अयस्क की बिक्री 3.63 एमएनटी रही है, जो कि अप्रैल 2024 की 3.53 एमएनटी की बिक्री से 3 प्रतिशत अधिक है। कंपनी का पेलेट उत्पादन 0.23 लाख टन के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो 2018 में अप्रैल के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गया। कंपनी के शानदार प्रदर्शन पर एनएमडीसी के सीएमडी अमिताभ मुखर्जी ने कहा कि अप्रैल में हमारा रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन, साथ ही हमारी प्रमुख लौह अयस्क खदानों किरंदुल, बचेली और दोणिमलाई से पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में क्रमशः 12 प्रतिशत, 4 प्रतिशत और 88 प्रतिशत की वृद्धि ने हमारी अग्रणी स्थिति को मजबूत किया है।

स्टील मंत्रालय के तहत आने वाली एनएमडीसी भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी है। लौह अयस्क एक महत्वपूर्ण खनिज होता है और इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से स्टील बनाने में किया जाता है और इसे दुनियाभर में स्टील के उत्पादन का आधार माना जाता है।

इसके अतिरिक्त, एनएमडीसी से अलग हुई कंपनी एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) ने कहा कि अप्रैल में कंपनी के हॉट मेटल उत्पादन में 8.5 प्रतिशत की मासिक वृद्धि दर्ज की है और उत्पादन बढ़कर 2,30,111 टन हो गया है जो मार्च में 2,11,978 टन था।

## 2025-26 में 9 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है भारत की कॉटन यार्न इंडस्ट्री

नई दिल्ली, 5 मई (एजेंसियां)। निर्यात में दोबारा से बढ़त और घरेलू स्तर पर मजबूत मांग होने के कारण भारत की घरेलू कॉटन यार्न इंडस्ट्री चालू वित्त वर्ष में 7-9 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। यह पिछले वित्त वर्ष की वृद्धि दर 2-4 प्रतिशत से अधिक है। यह जानकारी क्रिसिल की रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि वॉल्यूम में बढ़त की वजह यार्न की कीमतों में मामूली वृद्धि होना है।

पिछले वित्त वर्ष में सुधार के बाद ऑपरेटिंग मार्जिन में इस वित्त वर्ष में 50-100 आधार अंकों की और वृद्धि होने की उम्मीद है, जिसका कारण भारतीय कपास निगम (सीसीआई) के माध्यम से कॉटन की बेहतर उपलब्धता है। यह रिपोर्ट 70 कॉटन यार्न स्पिनरों के विश्लेषण पर आधारित है। इंडस्ट्री की कुल आय में इन स्पिनरों की हिस्सेदारी 35-40 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 2026 में आय में



वृद्धि का मुख्य कारण चीन को यार्न निर्यात में उछाल आना होगा। इंडस्ट्री के राजस्व में निर्यात का योगदान करीब 30 प्रतिशत है, जिसमें से चीन का योगदान 14 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 2025 में चीन में अधिक कॉटन के उत्पादन के कारण भारत से चीन को यार्न निर्यात में गिरावट आई थी।

इसके परिणामस्वरूप भारत के कुल कॉटन यार्न निर्यात में 5-7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष में यह स्थिति उलटने की संभावना है, क्योंकि चीन यार्न निर्यात में 9-11 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है।

## ताप्ती क्षेत्र में अपतटीय तेल कुंआ बंद

■ **ऑफशोर व ऑनशोर ऊर्जा बुनियादी ढांचे में भारत की घरेलू क्षमताओं को मिली मजबूती**

नई दिल्ली, 5 मई (एजेंसियां)। भारत के ऊर्जा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि में, पन्ना-मुक्ता और ताप्ती (पीएमटी) संयुक्त उद्यम साझेदारों - शेल (बीजीईपीआईएल के माध्यम से), रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) और ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) ने मध्य और दक्षिण ताप्ती क्षेत्र सुविधाओं को सुरक्षित रूप से हटाने के साथ देश की पहली अपतटीय सुविधाओं को बंद करने की परियोजना को पूरा कर लिया है।

इन कंपनियों ने यहां जारी संयुक्त बयान में कहा कि भारत सरकार के साथ उत्पादन साझाकरण अनुबंध के तहत ताप्ती क्षेत्रों का संचालक पीएमटी संयुक्त उद्यम में 40 प्रतिशत भागीदारी हित के साथ ओएनजीसी और 30 प्रतिशत भागीदारी के साथ आरआईएल और बीजी



एक्सप्लोरेशन एंड प्रोडक्शन इंडिया लिमिटेड (बीजीईपीआईएल-शेल) शामिल हैं।

परियोजना में पांच वेलहेड प्लेटफॉर्म, संबंधित इनफील्ड पाइपलाइनों को हटाना, ऑनशोर डिसमेंटलिंग यार्ड में लोड-इन और 38 कुंओं को सुरक्षित रूप से बंद करना और छोड़ना शामिल था। सभी को स्वीकृत डीकमीशनिंग योजना के अनुरूप निष्पादित किया गया। मार्च 2016 में ताप्ती क्षेत्रों से उत्पादन बंद हो गया, और यह परियोजना उच्चतम सुरक्षा और पर्यावरण मानकों को बनाए रखते हुए नियामक ढांचे के साथ उच्च स्तर की योजना, समन्वय और अनुपालन को प्रदर्शित करती है।

भारत सरकार के मेक इन इंडिया विजन के अनुरूप, पीएमटी जेवी ने भारतीय कंपनियों लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को ऑफशोर निष्पादन और चौगुले शिपयार्ड (सीएलएसपीएल) को ऑनशोर डिसमेंटलिंग का काम दिया गया था। ऑफशोर संचालन अब सुरक्षित रूप से पूरा हो गया है और रत्नागिरी में सीएलएसपीएल की सुविधाओं में डिसमेंटलिंग चल रही है, जिससे ऑफशोर और ऑनशोर ऊर्जा बुनियादी ढांचे में भारत की घरेलू क्षमताओं को और मजबूती मिली है। ताप्ती डीकमीशनिंग परियोजना ने अपतटीय डीकमीशनिंग के लिए भारत के विनियामक और परिचालन ढांचे को आकार देने में भी अग्रणी भूमिका निभाई। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय , हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय और तेल उद्योग सुरक्षा निदेशालय सहित प्रमुख हितधारकों के सहयोग से विकसित की गई यह परियोजना भविष्य के अपतटीय ऊर्जा संक्रमणों के लिए एक बेंचमार्क स्थापित करती है।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 84. 58 |
| एक यूरो | 95. 03 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 112. 77 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 13 |
| एक जापानी येन | 0. 58 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 114 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 128 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-134 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -66 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### सतना बाजार भाव

**सराफा बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 92,500 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| जेवर | 84,500 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 950 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 95,000 रु. | प्रति किलो |

**दाल- किराना भाव**

-भाव प्रति किलो-

अरहर ऊंची 135 अरहर मीडियम 130, उड़द ऊंची 98-100, उड़द धुली 95, खड़ी 100, मूंग हरी 95, मूंग धुली -100 खड़ी -110, चना 90-100, मसूर 80-85

-भाव प्रतिकिलो -

धनियां खड़ी ऊंची 110-115, धनियां खड़ी मीडियम, 80-90, जीरा ऊंचा 350-400, जीरा मीडियम 270-300, हल्दी ऊंची 250-260, हल्दी मीडियम 180-190, मूंगफली ऊंची 120-125, मूंगफली मीडियम 90-100, लाल मिर्च ऊंचा 170-180, लाल मिर्च मीडियम 140-150, नारियल कालीकट झाल 2800-3000, नालियल मीडियम 2000-2500.

**लोहा वाला ट्रेडर्स**

प्रो. हरिशंकर तिवारी मो.नं. 7049440762

- भाव प्रति किलो -


| | |
|---|---|
| रायपुर- | 8 एमएम -54.00, 10 एमएम -54.50, 12 एमएम -52, 16 एमएम -52 |
| कामधेनू- | 8 एमएम -58.00, 10 एमएम -58.00, 12 एमएम -57.00, 16 एमएम -57.00 |

## लिवाली के बल पर शेयर बाजार में तेजी

मुंबई, 5 मई (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू स्तर पर ऑटो, तेल एवं गैस, एनर्जी और सर्विसेस जैसे समूहों में हुई लिवाली के बल पर शेयर बाजार सोमवार को लगातार तीसरे दिन बढ़त बनाने में सफल रहा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 294.85 अंकों की बढ़त के साथ 80796.84 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 114.45 अंकों की तेजी लेकर 24461.15 अंक पर रहा। इस दौरान छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली का जोर देखा गया जिससे बीएसई का मिडकैप 1.45 प्रतिशत उठकर 43326.80 अंक पर और स्मॉलकैप 1.23 प्रतिशत बढ़कर 47949.78 अंक पर रहा।

बीएसई में बैंकिंग 0.90 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष सभी समूहों में तेजी रही जिसमें तेल एवं गैस 1.95 प्रतिशत, ऑटो 1.88 प्रतिशत, सर्विसेस 2.99 प्रतिशत और एनर्जी 1.49 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। बीएसई में कुल मिलाकर 4202 कंपनियों में कारोबार




हुआ जिसमें से 2562 बढ़त में और 1460 गिरावट में रही जबकि 180 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक स्तर पर चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.23 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अधिकांश प्रमुख सूचकांक बढ़त में

■ **सेंसेक्स 294.85 अंकों की बढ़त के साथ 80796.84 पर रहा**

■ **निफ्टी 114.45 अंकों की तेजी लेकर 24461.15 पर बंद**

रहे जिसमें ब्रिटेन का एफटीएसई 1.17 प्रतिशत, जापान का निक्केई 1.04 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.17 प्रतिशत और जर्मनी का डैक्स 0.39 प्रतिशत शामिल है। बीएसई का सेंसेक्स 160 अंकों की बढ़त लेकर 80661.62 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 81049.03 अंक के उच्चतम और 80657.71 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 80501.99 अंक की तुलना में 294.85 अंक अर्थात 0.37 प्रतिशत बढ़कर 80796.84 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से 20 हरे निशान में और 10 लाल निशान में रही। इसी तरह से एनएसई का निफ्टी 73 अंकों की बढ़त के साथ 24419.50 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 24526.40 अंक के उच्चतम और 24400.65 अंक के निचले स्तर के बीच रहा।

## स्टार्टअप जॉब मार्केट में भर्ती को लेकर सालाना आधार पर 32 प्रतिशत का उछाल

बेंगलुरु, 5 मई (एजेंसियां)। भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में भर्ती को लेकर सालाना आधार पर 32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह सस्टेनेबल और इनोवेशन आधारित स्केलिंग की ओर एक रणनीतिक मोड़ का संकेत है। सोमवार को आई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

जॉब्स प्लेटफॉर्म फाउंड-इट की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का व्हाइट-कॉलर जॉब मार्केट मजबूत बना हुआ है, जिसमें सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। स्टार्टअप जॉब पोस्टिंग में इस साल अप्रैल में सालाना आधार पर 32 प्रतिशत और पिछले तीन महीनों में 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

पिछले एक साल में नए स्टार्टअप रजिस्ट्रेशन में 22 प्रतिशत की वृद्धि से भर्ती की यह गति और अधिक मजबूत हुई है।




■ **मजबूत बना हुआ है भारत का व्हाइट-कॉलर जॉब मार्केट**

फाउंड-इट के सीईओ वी. सुरेश ने कहा कि भारत में स्टार्टअप के विस्तार के तरीके में एक बड़ा बदलाव आया है। विकास अब केवल प्रमुख महानगरीय क्षेत्रों तक सीमित नहीं है। इसके बजाय, हम टियर-2 शहरों में भी मजबूत विस्तार देख रहे हैं, जो विकास के अधिक संतुलित और समावेशी मॉडल का संकेत देता है। साथ ही, अनुभवी पेशेवरों की भर्ती पर जोर बढ़ रहा है, जो दीर्घकालिक स्थिरता पर रणनीतिक ध्यान केंद्रित करने को दर्शाता है।

## खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में रहा टिकाव

नई दिल्ली, 5 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में लगातार जारी गिरावट और स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 39 रिंगिट उतरकर 3971 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.31 सेंट की गिरावट लेकर 49.02 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सोया रिफाइंड, पॉम आयल, सरसों तेल, मूंगफली तेल, वनस्पति तेल और सूरजमुखी तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : दाल-दलहन : चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

## भारत के लिए खुद को ग्लोबल एमआईसीई मैप पर मजबूती से स्थापित करने का समय : शेखावत

नई दिल्ली, 5 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को कहा कि भारत की मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंस और एग्जीबिशन (एमआईसीई) इंडस्ट्री देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगी और साथ ही उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियां पैदा करेगी।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि एमआईसीई इंडस्ट्री तेजी से वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रही है। इस इंडस्ट्री को मजबूत आर्थिक विकास, वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर और सरकार से समर्थन से बढ़ावा मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राज्य अपने अनूठे तरीकों से पर्यटन के अवसरों को खोल रहे हैं और अब, भारत के लिए खुद को ग्लोबल एमआईसीई मैप पर मजबूती से स्थापित करने का समय आ गया है।



उन्होंने कहा कि भारत मंडपम, यशोभूमि और जियो वर्ल्ड सेंटर जैसे प्रतिष्ठित स्थलों और एमआईसीई पर विशेष ध्यान देने के साथ हमारा लक्ष्य कम से कम 10 भारतीय शहरों को दुनिया के शीर्ष एमआईसीई गंतव्यों में शामिल करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और राजस्थान जैसे राज्यों की विरासत और नवाचार के माध्यम से अग्रणी भूमिका के साथ, भारत दुनिया का सबसे प्रशंसित पर्यटन और आयोजन स्थल बनने के लिए तैयार है। भारत के एमआईसीई बाजार ने 2024 में 49,402.6 मिलियन

■ **भारत दुनिया का सबसे प्रशंसित पर्यटन व आयोजन स्थल बनने के लिए तैयार**

डॉलर का राजस्व अर्जित किया और 2030 तक 103,686.5 मिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।वाराणसी, खजुराहो और कोच्चि जैसे शहरों में एमआईसीई-रेडी डेस्टिनेशन में हाल ही में हुए विकास से यह वृद्धि हुई है। भारत ने 2014 के बाद इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से विकास किया है। यह इंफ्रास्ट्रक्चर विकास 1,50,000 किलोमीटर से अधिक सड़कों के निर्माण, नए रेलवे स्टेशन, सेमी हाई-स्पीड ट्रेन, अंतर्देशीय जलमार्ग, 150 से अधिक चालू हवाई अड्डों और 2.48 मिलियन से ज्यादा होटल के कमरों के साथ देखा जा सकता है।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**प्लॉट उपलब्ध हैं**
न्यू भेड़ाघाट के निकट प्रस्तावित रिंग रोड के पास फार्म हाउस हेतु लगभग 6000, 12000, 18000+ वर्गफुट के प्लॉट @ रु. 350 प्रति वर्गफुट उपलब्ध हैं. संपर्क करें - अनिल यादव, ग्राम सकरी
संपर्क: 6264760614
देवेन्द्र : 9993737969

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# ननिज ने छोड़ा ठेकेदार के भरोसे और टूट गई पाइप लाइन

## आधा शहर रह गया प्यासा, दोषी कौन ?





*जबलपुर, देशबन्धु।* *लोक निर्माण विभाग के मैदानी अमले की लापरवाही से जबलपुर में कई वार्ड में जल संकट गहराया गया है। शुरूआती जानकारी में पता चला है कि मेडीकल के पास शास्त्री नगर बाजनामठ में सड़क चौड़ीकरण काम चल रहा था, उसी दौरान पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जहां पहले से पुरानी पाइप लाइन खराब थी, वहीं इसके सामानांतर लाइन पर जेसीबी का हथौड़ा चल गया और लाइन का वाल्ब क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके कारण शहर में करीब चालीस वार्डो के रिहायशी इलाकों में पानी की आपूर्ति ठप्प हो गई। हालाकि ननिज के जवाबदार अमले को भी मौके पर मौजूद रहना था, जब सड़क चौडीकरण कार्य पाइप लाइन के समीप किया जा रहा था।*

करीब 30 वार्डों के 6 लाख रहवासी प्यासे हैं, टैंकर से पानी की आपूर्ति के दौरान अब मारपीट की नौबत आ गई। इस तरह की लापरवाही एक नहीं बल्कि पूर्व में कई बार सामने आ चुकी है। लेकिन अब तक संबंधित ठेका कंपनी या ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई नहीं होने से बार-बार इसी तरह की लापरवाही दुहराई जा रही है जिसका शहर की बड़ी आबादी जल संकट झेलने को मजबूर है। सोमवार को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और नगर निगम की आयुक्त प्रीति यादव मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त पाइप लाइन सुधार कार्य का जायजा लेकर इसमें तेजी लाने के निर्देश दिये गये हैं। महापौर श्री अन्नू ने कहा कि उन्होंने निर्देशित किया है कि टैंकरों से ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति की जाये ताकि लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

बीते दिवस उस दौरान एकाएक कई वार्डो में पानी की सप्लाई करने वाली पाइप लाइन का बैंड क्षतिग्रस्त हो गया जब सड़क चौडीकरण के समय पुलिया का काम चल रहा था। इससे जल आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हो गई।

### पानी के टैंकर मांगे 6, मिले 2

परशुराम वार्ड के करमेता आदि रिहायशी इलाकों में भी पानी की हायतौबा मची है। पार्षद सतेंद्र चौबे के अनुसार कम से छ टैंकर की जरूरत थी, लेकिन अब तक केवल दो टैंकर पानी मिला है, जो नाकाफी है। लोगों की मांग को देखते हुये उन्होंने पैसे देकर पानी के चार टैंकर जनता के लिये करीब चार बुलाये हैं। इसी तरह की स्थिति शहर के अन्य प्रभावित रिहायशी इलाकों में हैं। यहां पर भी पार्षदों के बीच टैंकरों के लिये जमकर बवाल मच रहा है।

### विभागों की हुई थी बैठक

पता चला है कि उक्त सड़क चौडीकरण काम के पहले लोकनिर्माण विभाग और ननिज के जल विभाग के अधिकारियों के बीच बैठक हुई, जिसमें बताया गया था कि सावधानी बरती जाये ताकि पाइप लाइन को क्षति न पहुंचने पाये। इसके बाद अधिकारियों ने ठेका कंपनी को इससे अवगत करा दिया था। लेकिन इसके विपरीत मौके पर लापरवाही बरती और पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई।

### 16 करोड़ की लागत से बिछाई लाइन काम नहीं आई

उल्लेखनीय है कि तत्कालीन महापौर स्वाति गोडबोले के कार्यकाल में यहां पर सोलह करोड़ की लागत से सामान्तर पाइप लाइन डाली गई थी, इसी उद्देश्य को लेकर मेन लाइन क्षतिग्रस्त होने पर इस लाइन से शहर की जनता को पानी दिया जा सके, भले ही वह कम मात्रा में हो, यह लाइन चालीस गेज की है। उस दौरान पूरे सदन की आम सहमति से यह काम किया गया था। यह लाइन भी जनता के काम नहीं आ रही है।

**तत्कालीन नगर सरकार पर उठे सवाल**- इधर तत्कालीन नगर सरकार जिसके मुखिया प्रभात साहू थे, उक्त लाइन डाली गई थी। इसकी गुणवत्ता बेहद घटिया थी, जिसे लेकर कई अवसरों पर पूर्व में सदन में हंगामा भी हुआ था। सूत्रों के अनुसार उक्त लाइन पीबीसी की लाइन डाली गई थी। उसकी जगह मजबूत लाइन बिछाई जानी थी। इसके कारण इस बार दो माह में तीसरी बार लाइन क्षतिग्रस्त हुई है। पहले ही इसी तरह भरी गर्मी में मुख्य पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होती रही है।

### प्रभावशील लोगों को मिल रहा है टैंकर का पानी

इधर जल प्रभारी दामोदार सोनी ने दावा किया है कि अभी प्रभावित क्षेत्रों में चालीस टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जा रही है, वहीं लोगों का कहना है कि पानी उन्हीं को मिल पा रहा है जिनका राजनीतिक वजूद या प्रभावशाली लोग हैं, बाकी आम जनता पानी के लिये भटक रही है। अभी पानी के लिये विवाद भी हो रहे हैं। कई जगह तो मारपीट की स्थिति बन रही है।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किये भगवान विष्णु वराह के दर्शन

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शाम मझौली पहुंचे और यहां भगवान विष्णु वराह के दर्शन किये। उन्होंने यहाँ विष्णु वराह मंदिर में पूजा अर्चना की तथा प्रदेश वासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी, सांसद आशीष दुबे, विधायक अजय विश्नोई भी इस अवसर पर उनके साथ थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव मंडला जिले में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद हेलीकॉप्टर से मझौली पहुंचे थे।

मझौली स्थित खेल मैदान में बने अस्थाई हेलीपेड पर पहुँचने पर संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, सांसद श्री आशीष दुबे, विधायक अजय विश्नोई, भाजपा के जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्री राजकुमार पटेल ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। जिला मुख्यालय जबलपुर से लगभग 45 किलोमीटर दूर मझौली स्थित विष्णु वराह मंदिर का निर्माण 11 वीं शती में किया गया था।

कालांतर में ध्वस्त हुये कल्चुरी कालीन इस मंदिर का 18 वीं शती में पुनर्निर्माण किया गया। बताया जाता है कि इस मंदिर में स्थापित भगवान विष्णु वराह की प्रतिमा विश्व की सबसे बड़ी और एकमात्र ऐसी प्रतिमा है जिसकी पूजा होती है। इस विशाल प्रतिमा को भी 11 वीं शती में मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित किया गया था। धार्मिक एवं पौराणिक महत्व का विष्णु वराह मंदिर कला की दृष्टि से भी उत्कृष्ट है और राज्य सरंक्षित स्मारकों में शामिल है।

# अवैध दुकानों पर चला बुलडोजर

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला अस्पताल पन्ना के सामने बनी सरकारी दुकानों के बाहर दुकानदारों के द्वारा टीन सेड लगवा कर सड़क तक कब्जा कर लिया गया था, इन दुकानों में आने वाले ग्राहक अपने दो पहिया व चार पहिया वाहन सड़क में खड़े करते थे, ऐसे में अन्य वाहनों को आवागमन में परेशानी होती थी एवं जाम की स्थिति बनती थी, कई बार एक्सीडेंट में घायल या गंभीर बीमार व्यक्ति को लेकर आने या जाने वाली एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती थी, लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान दिए गए निर्णय के अनुसार कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, तहसीलदार अखिलेश कुमार प्रजापति, नपा सीएमओ शशि कपूर गढ़पाले, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा के साथ नगरपालिका, राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।